जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शुक्रवार 24 जून, 2022



## विचार बिन्दु

**अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। –अथर्ववेद**

# अग्निपथ पर अग्निवीरों, बढ़े चलो-बढ़े चलो, सेवा-कर्तव्य है, करते चलो-करते चलो!

'अग्निपथ योजना' क्या है, इससे किसको लाभ होगा और किसको नुकसान? यह भी सच है कि सेना की नौकरी में जान को खतरा है, किन्तु नौकरी की सुरक्षा है और आजीवन पेंशन है। पेंशन पर सेना का खर्चा 82.5 प्रतिशत है। सेना में लगभग 15.5 लाख व्यक्ति सक्रिय काम करते हैं। सेना की नौकरी में भारत चीन से पीछे है। हमारा सेना का बजट 77 अरब डालर 2013-14 में था चीन का 292 अरब डालर है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पेंशन पर होने वाला खर्चा बहुत अधिक है और बढ़ता भी रहता है यह 2020-21 में 125 प्रतिशत बढ़ गया है। अग्निपथ योजना सेना में भर्ती का एक नया तरीका है, जिसमें 25 प्रतिशत लोगों की सेना में भर्ती दी जाती है और शेष को सरकारी विभागों में जो पद खाली होंगे उन नौकरी में प्राथमिकता दी जावेगी। 25 प्रतिशत की सीमा को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जा सकता है। प्रारंभ में 46500 अग्निवीरों को रक्षाबलों में लगाया जावेगा। इस योजना में पहिले पुरूषों को लिया जावेगा। महिलाओं के लिये भी लागू होगी। इससे सेनाओं की औसत आयु में कमी आयेगी। कई राज्य सरकारों ने जैसे हरियाणा आदि तथा कम्पनियों ने जैसे आनन्द महिन्द्रा और हर्ष गोयनका ने आश्वासन दिया है कि वे अग्निवीरों को, अपने यहां विभिन्न खाली पदों पर लेगें। डोभाल ने इस योजना के कई लाभ बतलाये हैं और कहा है कि बदलते समय में बदलाव की आवश्यकता है।

अग्निपथ योजना में सशस्त्र बलों को शिक्षा भी दी जावेगी, वे डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। सेवा की उम्र 171/2 से 21 वर्ष होगी, इसे 23 वर्ष कर दी है (यह एक वर्ष के लिये है)। यूनिफार्म मिलेंगी, रिस्क ट्रेवल अलाउन्स मिलेगा। साल में 30 दिन की छुट्‌टी भी मिलेंगी सिक लीव भी मिलेंगी। पोस्टिंग की जगह के हिसाब से अग्निवीरों को सैनिकों की तरह विशेष भत्ते मिलेंगे। अग्निवीरों की अलग केटेगरी होने से उन्हें डीए, पेन्शन, ग्रेच्यूटी नहीं मिलेगी। पहले जैसे भर्ती सेना में होती रहेगी। अग्निवीर बनने के बाद गृह व रक्षा मंत्रालय की नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जावेगा। हर माह 30 हजार की सेलेरी व हर माह इन्क्रीमेन्ट मिलेगा। चार साल के बाद 10.40 लाख रूपये सेवा निधि के रूप में दी जावेगी। यदि वे नहीं लेते हैं तो लगभग 10000/- रूपये प्रतिमाह प्राप्त कर सकते हैं जिसे पेन्शन का एक रूप मान सकते हैं। वायु सेना की गाइड लाइन्स के अनुरूप ऑनर ऑफ अवार्ड भी मिलेंगे। लेफ्टीनेंट जनरल पुरी ने कहा है कि देश की सेवा में बलदान देने वालों को (अग्निवीरों को) एक करोड़ का मुआवजा मिलेगा।

अग्निपथ योजना के विरोध में देश जल रहा है, उत्तर ही नहीं दक्षिण में भी आगजनी हो रही है। देश की सम्पत्ति जलाई जा रही है और सरकारी व प्राइवेट प्रोपर्टी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। रेल्वे ट्रेक अग्निपथ हो रहे हैं- रेलें, बसें, मोटरसाईकिलें, स्टेशन और अन्य सार्वजनिक सम्पत्तियों को आगजनी से नुकसान हुआ है। सफर करने वाले यात्री परेशान हैं। 14 राज्यों में आगजनी हुई है। उपद्रव हो रहे हैं। 21 ट्रेनें जलाई गई। एक ट्रेन की कीमत 30 करोड़ रूपये है एक इंजन 12 करोड़ रूपये का है तथा एक एसी कोच 2-5 करोड़ रूपये का है। रेल्वे की सम्पत्ति और यात्रियों को रिफण्ड मिलाकर एक हजार करोड रूपये का नुकसान हुआ। 12 लाख यात्रियों की यात्रा रद्द हुई। 922 ट्रेनें रद्द हुई। 120 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द हुईं। भारत बंद के समय 500 ट्रेनें बंद हुईं। 40 से अधिक शहरों में पत्थर बाजी हुई है इससे होने वाला तथा बसें आदि के जलाने का नुकसान अलग है। शहरों के बीच घनी आबादी में पत्थर कहां से आये, यह प्रश्न मुंह खाये खड़ा है। पत्थर बाजी सुयोजित सी कई शहरों में दिखाई दे रही है। यह भी स्पष्ट होता जा रहा है, इसके पीछे कौन-कौन हैं? सेना ने स्पष्ट किया है कि युवाओं को भड़काने में कोचिंग संचालक भी जिम्मेदार हैं।

सेना की भर्ती अग्निपथ योजना अनिवार्य नहीं है, फिर इतना हंगामा क्यों? जेएनयू के प्रोफेसर मकरंद परांजये ने सही कहा है कि 'अगर किसी को पसंद न हो तो वह भर्ती की अर्जी न दे आन्दोलन की क्या जरूरत है'। नौकरी की सुरक्षा व पेंशन की मांग का यह अर्थ तो नहीं हो सकता कि "आप सार्वजनिक सम्पत्ति को नष्ट करके राज्य को आपको रोजगार देने के हेतु मजबूर करें"। हिंसक आन्दोलन का गांधी के देश में कोई स्थान नहीं है।

> **अग्निपथ योजना एक कम्पलीट पैकेज है। नया दृष्टिकोण है। योजना को वर्तमान रूप देने में लगभग 250 बैठकें और 750 घंटे वार्ता हुई है। रक्षा मंत्रालय, सेना व सरकार के कई विभागों ने भाग लिया है। कई देशों में इस प्रकार की योजना का चलन है। पीडब्ल्यूडी आदि में वर्कचार्ज, केजूअल व नियत समय के सेवा अनुबंध प्रचलन में हैं जहां पेन्शन नहीं दी जाती।**

**भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक के लिये मूल कर्त्तव्य निर्धारित किये हैं। अनुच्छेद 51क में मूल कर्त्तव्य दिये हैं, उनमें निम्नलिखित कर्त्तव्य प्रमुख हैं :-**

**(1) अनुच्छेद 51क (घ) :- देश की रक्षा करें और आव्हान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करें।**

**(2) अनुच्छेद 51(झ):- सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करें और हिंसा से दूर रहें।**

ऊपर चरणों में स्पष्ट किया है कि अग्निपथ योजना में भर्ती के हेतु एप्लाई करना अनिवार्य नहीं है। अतः वह यदि पसंद नहीं करता तो फिर वह क्यों आंदोलन करना चाहता है, समझ से परे है। यों रक्षामंत्री, गृहमंत्री अमित शाह, तीनों सेना प्रमुख व डोभाल व अन्य कई लोगों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह योजना बहुत लाभकारी है और युवाओं को स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। ऐसा प्रतीत होता है सेना में भर्ती को भी राजनैतिक रंग दे दिया है और कई राजनैतिक पार्टियां आन्दोलनकारी युवाओं के पीछे खड़ी हो गई हैं। यह भी शंका के घेरे में है कि भर्ती में अर्जी देने वाले इस भीड़ में कितने हैं। यह निर्विवाद पूर्ण है कि नेतागण व तथाकथित युवा सभी भारतीय नागरिक हैं और इस कारण संविधान के अनुच्देद 51क में दिये गये कर्त्तव्यों में उपचरण (झ) व (घ) में दिये गये कर्त्तव्यों के विरूद्ध उनका आचरण है। इन्हें आंदोलन का अधिकार नहीं है क्योंकि ये या तो हिंसा में लीन हैं अथवा देश की सेवा नहीं करना चाहते तथा अन्य Abatement के दोषी हैं।

'अग्निपथ योजना' के कई लाभ हैं 171/2 वर्ष से 21 वर्ष की उम्र में ही वह इतना कमा सकता है कि नौकरी न मिलने पर सरकार से कम ब्याज पर ऋण लेकर व्यापार भी कर सकता है। कई राज्यों को जैसे हरियाणा, यूपी, उत्तराखण्ड आदि ने नौकरी में वरीयता देने की बात की है। अग्निवीरों को 48 लाख तक का इंश्योरेन्स कवर भी मिलेगा।

25 प्रतिशत को नौकरी में रखने की शर्त प्रति स्पर्धा को जन्म लेगी और हमें इस प्रकार बहुत अच्छे सैनिक मिलेंगे। संविधान ने भी युवाओं को आव्हान किया है कि देश को आवश्यकता होने पर वे देश की सेवा करेंगे। अग्निपथ योजना इसी प्रकार का आव्हान है। आन्दोलन हिंसक हुआ है और सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान जबकि उनकी रक्षा करना संवैधानिक कर्त्तव्य है।

दिनांक 19 जून की तीनों सेनाओं की ओर से स्पष्ट किया है कि अग्निपथ योजना का मूल उद्देश्य यह है कि सेनाओं और युवाओं को अधिक ताकतवर बनाना है और घोषणा की है अग्निपथ योजना वापिस नहीं होगी रोलबैक नहीं की जावेगी। सेना में अनुशासनहीनता के लिये कोई स्थान नहीं है। अग्निपथ योजना के तहत भर्ती होने वाले अग्निवीरों को आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र भी देना होगा कि वह किसी भी हिंसक आंदोलन में शामिल नहीं रहा है। उनकी जांच कराई जावेगी।

लेफ्टिनेंट पुरी ने कहा कि वर्ष 1989 में अग्निपथ योजना पर विचार हुआ था। किन्तु निरन्तर प्रयत्न करने पर अब सफलता प्राप्त हुई है। अग्निपथ योजना एक कम्पलीट पैकेज है। नया दृष्टिकोण है। योजना को वर्तमान रूप देने में लगभग 250 बैठकें और 750 घंटे वार्ता हुई है। रक्षा मंत्रालय, सेना व सरकार के कई विभागों ने भाग लिया है। कई देशों में इस प्रकार की योजना का चलन है। पीडब्ल्यूडी आदि में वर्कचार्ज, केजूअल व नियत समय के सेवा अनुबंध प्रचलन में हैं जहां पेन्शन नहीं दी जाती। इसलिये यह कहना कि जल्दी में बिना सोचे यह योजना लागू की गई है सही नहीं है। यह सही है कि योजना में कुछ संशोधन हुये हैं, किन्तु कहा जा सकता है कि विवाद को सुलझाने के हेतु सरकार ने कुछ बातें मान ली हैं क्योंकि योजनाओं में नीतिगत सुधार की आवश्यकता हमेशा रहती है।

माननीय सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दिनांक 20.06.2022 को एम एल शर्मा एडवोकेट ने एक पीआईएल दायर कर यह अनुतोष चाहा है कि मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति दिनांक 04.06.2022 अवैध, असंवैधानिक, अनाधिकृत व शून्य (Void) है। पिटीशनर का केस है कि अधिकारी जो परमानेंट कमीशन पर भर्ती लेते हैं वे 60 वर्ष तक सेवा में रह सकते हैं किन्तु अग्निवीरों को जो अग्निपथ योजना में भर्ती होंगे उनमें से केवल 25 प्रतिशत ही लिये जावेंगे, शेष का भविष्य अंधकार में है, उन्हें सेवा से 4 वर्ष बाद निकाल दिया जावेगा। स्पष्ट है दोनों सेवाओं का उद्देश्य अलग-अलग, कंडीशन ऑफ सर्विस भी अलग है अतः अग्निपथ योजना न तो अवैध है और न असंवैधानिक। इस पिटीशन में यह स्वीकार किया है अग्निपथ योजना में भर्ती चाहने वालों का आन्दोलन हिंसक है, उन्होंने रेलों को जलाया है और सार्वजनिक रास्तों को ब्लाक किया है सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया है। ये दोनों ही कार्य मूल अधिकारों के अनुच्छेद 51क (घ) व 51क (झ) के विरूद्ध है, इस प्रकार पिटीशनर जिन लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वे देश के नागरिक का कर्त्तव्य नहीं निभाने के कारण पिटीशन प्रस्तुत करने के ही अधिकारी नहीं है। सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति को भी कोर्ट में पिटीशन दायर करने का Locus Standi नहीं रखता है।

अन्य पिटीशनस् भी पेश हुई है उसमें एसआईटी का गठन कर, जो सार्वजनिक सम्पत्ति रेल्वे का नुकसान हिंसक आंदोलन से हुआ है, उसकी जांच कराने और हर्जा वसूली करने के अनुतोष की मांग की है। दिनांक 21.06.2022 के आदेश से सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन पीठ ने इन्हें माननीय मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रेषित किया जावे। सरकार ने भी पक्षकार बनने के लिए केवियट प्रस्तुत किया है।

**सत्यमेव जयते!**
**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# कई वर्षों से आयकर की दरें व नियम वेतनभोगी कर्मियों के लिए अव्यवहारिक

**आजकल** इनकम टैक्स रिटर्न विभाग को जमा करने की चर्चायें जोरों पर हैं। ऐसा सदैव होता है क्योंकि रिटर्न जमा करने की आखिरी तारीख 30 जून होती है। चाणक्य नीति के अनुसार राज्य को व्यक्ति की कमाई से कुछ भाग टैक्स के रूप में लेने का नियम बना हुआ है और पीछे जाएं तो मैं कह सकता हूं कि कमाई से टैक्स के रूप में राज्य को 1/6 भाग लेने का नियम राजा हर्षवर्धन के काल में भी प्रचिलित था।

यहां प्रश्न उठता है कि वर्तमान में जो टैक्स की दरें राज्य ने निर्धारित कर रखी हैं वे पूर्व में प्रचिलित दरों में संशोधन होते-होते वर्तमान स्वरूप में आई हुई हैं यह पता नहीं लगता कि दरों में बदलाव एवं पुनर्निर्धारण किन मापदण्डों के आधार पर किया जाता है? राज्य आर्थिक समीक्षा तो करवाता है परन्तु उसकी भी विश्वसनीता संदिग्ध है। अतः मेरा कहना है कि वर्तमान आयकर दरें और उनके नियम अव्यवहारिक तो हैं ही, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में असंतुलित एवं आयकर दाता को गरीब की सीमा की ओर धकेलती रहती है। निचले स्तर के आयकर दाता को इस समय यही समस्या सबसे अधिक सालती और कष्ट देती है। यहां एक बड़ा प्रश्न है कि वेतनभोगी टैक्स बचाने के उपाय क्यों ढूंढ़ते रहते हैं? व्यापार करने वाले तो अपनी कमाई छिपाने के अनेक यत्न कर लेते हैं तथा दस लाख की आय करने वाले वेतन भोगी भी किसी संस्थान को चंदा आदि देकर अपना टैक्स घटा लेते हैं। लेकिन 5 लाख से 10 लाख आय अर्जित करने वाले लोग बहुत ही कठिन परिस्थितियों में जीवन चला पाते हैं उन्हें समाज में एक सम्मानीय जीवन स्तर भी ढोना पड़ता है। उच्च न्यायालय के जजों ने जन प्रतिनिधियों को मिलने वाली पेंशन व अन्य सुविधाएं देने पर ऐतराज़ यही कह कर प्रतिवेदन ख़ारिज किया कि एक सम्मान जनक जीवन जीने के लिए ये सुविधाएं जनप्रतिनिधियों को दिया जाना जरूरी है। इससे क्या यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि अन्य को वैसी सुविधायें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आवश्यक नहीं? क्या एक वेतन भोगी को जनप्रतिनिधि की पेंशन व अन्य परिलाभ के बराबर निम्नतम वेतन नहीं मिलना चाहिए? ताकि वेतन भोगी भी सम्मानजनक जीवन जी सके लेकिन यथार्थ में ऐसा नहीं होता, फ़लस्वरूप विसंगतियां बढ़कर असंतोष पैदा करती हैं। मैं यह मानता हूं कि वित्त मंत्री को सभी का सामाजिक और आर्थिक स्तर मालूम नहीं होता है फिर भी राज्य के पास अनेक आर्थिक विशेषज्ञ मौजूद रहते हैं। क्या उनकी कोई भूमिका वित्त मंत्री को आयकर दरों के बदलाव व् संशोधन के समय सलाह देने की नहीं होती है? क्या देश की जनता से कोई फीडबैक इसके लिए लिया जाता है संभवतः नहीं तो फिर सरकार जनता की तो है लेकिन जनता के लिए संभवतः बिलकुल नहीं।



प्रो. डॉ. वीर बहादुर सिंह

जहां तक टैक्स चोरी की बात है निम्न श्रेणी के लोग अपेक्षाकृत बहुत कम बेईमान हैं और संपन्न व धनी सबसे अधिक बेईमान व चोर। इनमें भी राजनैतिक लोग सबसे अधिक भ्रष्ट और बेईमान हैं। क्या यह सरकार को पता नहीं? पता है और सरकार ही ऐसे लोगों को पोषती है। ऐसे में क्या किया जा सकता है? आयकर की निम्नतम दर 5 प्रतिशत है वो भी 2.5 लाख से 5 लाख तक। क्या 5 लाख से 10 लाख आय की श्रेणी के लिए आयकर की दर 10 प्रतिशत नहीं हो सकती थी जो 5 प्रतिशत से उछलकर सीधे 20 प्रतिशत 10 लाख की आय तक क्या 10 प्रतिशत की दर अप्रत्याशित व वाजिब नहीं थी? क्या यह प्रोविजन केवल छोटी आय वालों को नींबू के समान निचोड़ने के लिए नहीं किया गया?

वेतन भोगियों के लिए कितने नाटक समितियां, कमीशन, बहस और पता नहीं क्या क्या? मुझे याद है जब मोरारजी भाई वित्त मंत्री थे, वे सदैव विलासिता की वस्तुओं पर टैक्स लगाते और टैक्स की दरें ऐसी निर्धारित की जाती जिससे किसी को कोई शिकायत नहीं होती। नशे की वस्तुएं, फ्रीज़, कूलर, मोटरगाड़ी, आदि अनेक उत्पादों को वे टैक्स की परिधि में रखते। आम आदमी के उपयोग में आने वाली चीजें कम मूल्य पर ही उपलब्ध होती। दरें भी ऐसी होती कि लोग सहर्ष उन्हें स्वीकार करते। उस समय जनप्रतिनिध भी सदन में तैयारी कर आते और सामान्य वस्तुओं के मूल्य न बढे, उसके लिए सदन में सरकार को घेर लेते। अब ऐसा नहीं होता बजट अमूमन कॉन्फिडेंटिअल होता है जब तक कि उसे सदन में पेश न कर दिया जाय। अब शासन में जो राजनैतिक पार्टी होती है उसका कोई भी सदस्य बजट के बारे न तो कोई कमी बताता और न ही कोई संशोधन।

ढाई लाख वार्षिक वेतन पाने वाले वेतन भोगी को प्रति माह वेतन 20834 रुपये पड़ता है अर्थात 694 रुपये प्रतिदिन, जो एक स्किल्ड लेबर की मज़दूरी होती है। वेतन भोगी कर्मचारी को तथाकथित सम्मानजनक जीवन के लिए कम से कम 7000 से 8000 रुपये माहवार पर किराये का मकान मिलेगा, यदि वो शादी शुदा और दो बच्चे भी हैं, तो उनकी स्कूलिंग, आदि पर कम से कम 1500 से 2500 प्रतिमाह शिक्षा पर, चार प्राणियों की कपडे ड्रेस आदि पर 2500, खाद्य पदार्थ दूध, घी, तेल, शक़्कर, आटा, चावल-दाल, सब्जी, मसाले आदि पर 12 से 15 हज़ार के बीच व अन्य आकस्मिक आवश्यक खर्च, माता-पिता व अन्य सम्बन्धियों से व्यवहार व किसी पारिवारिक उत्सव पर 500 से 600 रुपया प्रति माह।

वर्तमान में अनेक तथाकथित विशेषज्ञ टैक्स से सम्बंधित विडिओ बना कर सोशल मीडिया को पाट रहे हैं और कह रहे हैं कि 12 लाख वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। लोगों को भ्रमित करने का षड्यंत्र और कुछ नहीं। मैंने कही पढ़ा था कि कुल आयकर का साठ प्रतिशत छोटे और मध्यम वर्ग से राजस्व आता है। वास्तविकता में मध्यम वर्ग अब 10 से 30 लाख आय का है। दस लाख तक तो निम्न आय वर्ग ही है। दस से तीस लाख आय की श्रेणी को फिलहाल निम्न मध्यम और उच्च मध्यम में बांटा जा सकता है। सरकार को चाहिए कि बिना अगले बजट का इंतज़ार किये मिड टर्म संशोधन कर 10 लाख तक की आय इनकम टैक्स से तुरंत प्रभाव से मुक्त करे। कर्मचारिओं के बिभिन्न संगठनों को भी चाहिए कि वे अपने कर्मचारिओं के हित हेतु यह मांग सरकार को रखे। क्योंकि माँ भी बिना रोये बच्चे को दूध नहीं पिलाती।

**– प्रो. डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,**
**उदयपुर-राजस्थान**

# रीछड़ा पंचायत की करीब 100 बीघा भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा

- **चारागाह भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन**
- **भीलवाड़ा-शाहपुरा मार्ग पर जाम लगा विरोध जताया**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत रीछडा की सौ बीघा चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर तीन बार प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने भीलवाड़ा-शाहपुरा मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गये और जमकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत रीछडा की 300 बीघा चरागाह भूमि है। उसमें से करीब 100 बीघा पर भूमाफियाओं ने अतिक्रमण कर रखा है। कई भूमाफियाओं ने पक्के मकान तक बना लिये। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर पूर्व में ग्राम पंचायत रीछडा को लिखित में सूचना देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद तहसीलदार व एसडीएम को भी लिखित में सूचना दी है लेकिन उनकी तरफ से भी कोई एक्शन नहीं लिया गया।

इस कारण भूमाफियाओं के हौंसले बुलंद हो गये और वे बेखौफ होकर अतिक्रमण करते जा रहे है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया था, जिसमें दस दिन में उचित कार्रवाई नहीं होने पर गांव वालों के द्वारा रोड जाम करने की चेतावनी भी दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस चेतावनी व मांग के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पडा और आज सडक पर उतर कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि अतिक्रमण की समस्या से ग्रामीण खासे परेशान हैं। आवारा पशु सड़कों पर बैठे रहते हैं।

जाम की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मय जाब्ता मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण कलेक्टर को मौके पर बुलाने और हाथों-हाथ कार्रवाई की मांग करने लगे। बाद में तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग सुनी। मौका निरीक्षण किया जो भी अतिक्रमी मौके पर मिला, उसे अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी। इसके बाद ग्रामीण आश्वस्त हो गये और जाम खोल दिया।

# राशन डीलर ने अनाज वितरण में फर्जीवाड़ा किया, मामला दर्ज

**हनुमानगढ़,** (निसं)। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निशुल्क मिलने वाले गेहूं को राशन दुकानदार ने निजी हित में इस्तेमाल किया। दुकानदार ने राशन कार्ड धारकों को गेहूं बांटा ही नहीं। राशन कार्ड धारकों की ओर से जिला रसद अधिकारी को दी गई शिकायत के बाद जांच में इसका पता चला। इस बारे में भादरा पुलिस थाना में ग्राम कलाना के उचित मूल्य दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार भादरा के कार्यवाहक प्रवर्तन निरीक्षक देवकरण स्वामी निवासी साहवा ने रिपोर्ट दी कि ग्राम कलाना के 4 राशन कार्ड धारकों की ओर से शिकायत की गई थी कि उन्हें उचित मूल्य दुकानदार रतनसिंह ने जून 2021 महीने में खाद्य सुरक्षा के तहत मिलने वाला गेहूं बांट दिया और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में निशुल्क मिलने वाला गेहूं नहीं दिया, लेकिन उनके राशन कार्ड में निःशुल्क गेहूं भी जोड़कर वितरण करना बताया है। जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ़ ने ग्राम पंचायत कलाना के उचित मूल्य दुकानदार रतनसिंह के खिलाफ शिकायत मिलने पर 30 जून 2021 को मौके पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान बयानों में शिकायतकर्ता दिलीप, सावित्री देवी, रामी और आदराम ने बताया कि उनको 10 जून 2021 को उचित मूल्य दुकान से अतिरिक्त गेहूं नहीं मिला है।

शिकायतकर्ताओं के बयानों के अनुसार पाया गया कि दुकानदार रतनसिंह ने इन राशन कार्ड धारकों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अतिरिक्त निःशुल्क गेहूं का वितरण नहीं किया। इस प्रकार उचित मूल्य दुकानदार की ओर से कुल 75 किलोग्राम गेहूं का निजी हित में दुरुपयोग किया गया है। उचित मूल्य दुकानदार की ओर से राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ आदेश 1976 के तहत जारी प्राधिकार पत्र की शर्तों का उल्लंघन किया गया है। जांच रिपोर्ट के अनुसार उचित मूल्य दुकानदार ने 13 किलोग्राम दाल, 40 किलोग्राम चीनी, 350 किलोग्राम गेहूं एवं 17.50 लीटर केरोसिन का गलत ट्रांजेक्शन किया है।

# कृषि विभाग के अधिकारियों की अनदेखी: फागी क्षेत्र में नकली बीज बिक रहा है

- **किसानों ने कृषि मंत्री से नकली बीज की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की**

**फागी,** (निसं)। एक तरफ तो केंद्र व राज्य सरकार किसानों के लिए नाना प्रकार की योजनाएं चलाकर किसानों को लाभान्वित करने का ढिंढोरा पीट रही हैं लेकिन दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारियों की अनदेखी से फागी कस्बे सहित क्षेत्र में नकली बीज का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। जिससे किसान ठगा सा महसूस कर रहा है।

किसानों ने बताया कि क्षेत्र के किसान दुकानदारों का विश्वास कर बीज खरीद कर बुवाई कर देते हैं। परंतु नकली बीज होने से फसल नहीं उग पाती। जिससे किसानों को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। जिससे किसानों के मन में धोखेबाजी होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। किसानों ने खाद बीज के व्यापारियों की जांच करने व नकली बीज के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है। फागी उपखंड क्षेत्र के किसान हरिराम ने बताया कि सरकार ने एक तरफ तो किसानों को नाना प्रकार की लाभान्वित योजनाएं देने का ढकोसला पीट रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार के अधिकारियों की अनदेखी से नकली बीज का कारोबार फल-फूल रहा है। जिससे किसानों को कई बार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान शंकर गुर्जर ने बताया कि गत वर्ष भी किसानों को व्यापारी ने मूंगफली का नकली बीज दे दिया था, जिससे फसल नहीं उगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। क्षेत्र में नकली बीज बिकने की सूचना कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को होने के बावजूद भी अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। संबंधित अधिकारी शिकायत कर्ता को यह कहकर टरका देते हैं कि आप झूठ बोल रहे हैं। नकली बीज बेचने वाले व्यापारी का सबूत लाओ, तो कार्रवाई करें। जिससे किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों पर लीपापोती करने का आरोप लगाते हुए किसानों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन कृषि मंत्री को भेज कर फागी कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र में चल रहे नकली बीज के निर्माताओं व विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

कृषि अधिकारी रेखा चौधरी का कहना है कि पूरे जिले में नकली बीज बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला रखा है। टीमें गठित कर जगह-जगह दबिश देकर नकली बीज बेचने वाले व्यापारी व निर्माताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में फागी खाद बीज विक्रेता संघ के अध्यक्ष कन्हैया लाल माहेश्वरी का कहना है कि अगर कोई दुकानदार नकली बीज बेचता पाया जाता है तो यूनियन उसकी किसी भी प्रकार की मदद नहीं करेगी।

## राशिफल शुक्रवार 24 जून, 2022



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, अश्विनी नक्षत्र प्रातः 8:04 तक, सुकर्मा योग शनिवार प्रातः 5:13 तक, बव करण दिन 10:27 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मीन, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


कुमार योग सूर्योदय से प्रातः 8:04 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 8:04 तक रहेगा। राजयोग रात्रि 11:13 से सूर्योदय तक है। आज योगिनी एकादशी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:21 तक, लाभ-अमृत 7:21 से 10:46 तक, शुभ 12:29 से 2:12 तक, चर 5:37 से सूर्योदय तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:20


### मेष

अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।


### मिथुन


आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कर्क

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### सिंह


धार्मिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### कन्या

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### तुला

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### वृश्चिक

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है।

### मकर

परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

### मीन

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 319 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 24 जून, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Albert Hall Won't Have A Sky Line Soon!**

Heritage tag hasn't stopped the government from introducing 'development' plans that would completely undermine and uproot heritage appeal.

**Audiobook Month**

**Why Neptune is bluer than Uranus**



*वो कौन सी महत्वपूर्ण ताकतें व कारक थे जिनके कारण 4000 वर्ष पहले चीन की संस्कृति में उल्लेखनीय उद्‌विकासी उछाल आया? एक नए शोध ने एक बड़ी सांस्कृतिक तरक्की चिन्हित की है, जिसने संस्कृति में उच्च स्तर के बदलाव की शुरुआत की। शोधकर्ताओं का दावा है कि, शराब बनाने की तकनीक में हुए एक महत्वपूर्ण आविष्कार, जिसने ''मास बिअर प्रोडक्शन'' को संभव बनाया, का प्राचीन चीनी लोगों पर गहरा असर पड़ा। इस आविष्कार ने, इन लोगों के लिए, विशाल स्तर पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब सेवन का मौका संभव बनाया। चीन तथा युनाइटेड स्टेट्स के वैज्ञानिकों की एक टीम ने, ''अर्किओलॉजिकल एण्ड एन्थ्रोपोलॉजिकल साइन्सेज़ ''नाम के जर्नल में अपना अध्ययन प्रकाशित किया है, जिसमें बताया गया है कि, ''मास बिअर प्रोडक्शन टैक्नॉलजी'' के परिणाम स्वरुप प्राचीन चीन के नवपाषाण युगीन लोगों में जानकारी का आदान-प्रदान तथा व्यापारिक गतिविधियाँ बहुत बढ़ गईं। वैज्ञानिकों ने अपने लेख में लिखा है कि, इस ''फरमैन्टेड एल्कोहॉल प्रॉडक्ट'' को लेकर जो उत्साह व जोश था, उसने ही अंततः राजवंशीय चीनी सभ्यता के जन्म की शुरुआत की। कुछ विशेष सांस्कृतिक प्रथाओं द्वारा पैदा हुए नए सामाजिक संपर्क ऐसे बीज हैं, जिनसे अधिक बड़ी, अधिक विकसित और अधिक महत्वाकांक्षी सभ्यताएं उभरकर आ सकती हैं। तथा हज़ारों साल पहले चीन में, मास बिअर प्रोडक्शन ने, बड़े समारोहों और इनके परिणामस्वरुप बड़े सोशल नैटवर्क्स के लिए एक प्रमुख रास्ता मुहैय्या करवाया। चौथी सहस्राब्दी ईसा पूर्व के आस-पास प्राचीन चीनी सभ्यता लोगों को नज़दीक लाने वाली और आपस में जोड़ने वाली होने लगी। विभिन्न शक्तियों व कारकों के कारण पूर्व के विभाजन खत्म होने लगे। इन परिस्थितियों ने चीन के प्रथम राजवंश, शिया राजवंश के आरोहण के लिए, 2070 ईसा पूर्व के आसपास मंच तैयार किया। शिया राजकुल के नेता, एक ऐसे देश में प्रभावी रुप से शासन करने में सफल रहे जो अब एक संयुक्त उद्देश्य व पहचान को अधिक मजबूती से महसूस कर रहा था और 4000 वर्ष पहले चीन में आए इस उद्‌विकासी उछाल में मास बिअर प्रोडक्शन बहुत मददगार साबित हुआ। सन् 2021 में प्रकाशित, डार्टमथ कॉलेज के एक अध्ययन में सामने आया कि, चीन के जेजैंग प्रान्त के एक कब्रगाह से खुदाई में मिले, अनुष्ठानों में काम आने वाले बर्तनों में रैड राइस बिअर के संरक्षित अंश थे, जिससे इस बात की पुष्टी हुई कि, विशेष रुप से इस ड्रिंक का बहुत लंबे समय से सेवन किया जा रहा था।*

# अन्ततोगत्वा शिव सेना की कमान ठाकरे परिवार के हाथ में ही रहेगी?

## अभी तक मु.मंत्री उद्धव ठाकरे ने पूरे प्रकरण में न तो बागी शिव सैनिकों को ना ही भाजपा को कुछ भी भला बुरा कहा है

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 जून। राजनैतिक टिप्पणीकारों के विभिन्न वर्ग महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के राजनैतिक अन्त का मर्सिया लिखने में लगे हुये हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि ठाकरे इस समय एक बहुत बड़े संकट से जूझ रहे हैं। कुल 42 विद्रोही विधायक, जिनमें 7 निर्दलीय विधायक भी शामिल हैं, असम में डेरा डाले हुये हैं तथा मुख्यमंत्री के ''पहुँच से परे'' होने, जैसे मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं। ठाकरे बगावती विधायकों से मुम्बई लौट आने की अपील कर रहे हैं तथा कह रहे हैं कि अगर पार्टी विधायक कहते हैं तो वे मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के लिये तैयार हैं। भाजपा इन दोनों समस्याओं का आँकलन कर रही है, उन्हें तोलकर देख रही है कि शिवसेना के एकनाथ शिंदे-गुट गुट के समर्थन से सरकार बनाई जाये या फिर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगवा दिया जाये।

- **भाजपा इस पूरे प्रकरण से अभी तक काफी प्रसन्न है। पहला कारण तो यह है कि, देश का सबसे ''कैश रिच'' राज्य, जिसकी जी.डी.पी. 467 अरब डॉलर है, अब विपक्ष के नियंत्रण से निकल रहा है। दूसरी वजह है, ''बाल ठाकरे'' परिवार की छवि को धक्का लगा है, और इससे राज्य में शुद्ध भाजपा सरकार बनने की संभावना मजबूत होती है।**
- **पर अभी उद्धव ठाकरे को खत्म मानना, तार्किक रूप से भी सही नहीं।**
- **ठाकरे के मु.मंत्री निवास छोड़ कर ठाकरे परिवार के परम्परागत घर पर शिफ्ट होने से उन्हें जन सहानूभूति मिली है।**
- **बड़ी होशियारी से उन्होंने बागी शिव सेना विधायकों के पहले तो गुजरात के सूरत शहर शिफ्ट होने, और फिर आसाम जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की। महाराष्ट्र बनाम गुजरात का मुद्दा भी नहीं बनाया। और, बार-बार बागियों को महाराष्ट्र लौटने का आव्हान कर रहे हैं; इसका भी अच्छा असर हो रहा है, शिव सैनिकों पर।**

महाराष्ट्र के घटनाक्रम से भाजपा के खेमे में जो खुशी की लहर दौड़ रही है, उसके कारण साफ हैं। सबसे पहला कारण- महाराष्ट्र सर्वाधिक धनवान राज्य है तथा 467 अरब अमेरिकन डॉलर की जी.डी.पी. वाले इस राज्य की जी.डी.पी. सभी राज्यों से ज्यादा है तथा इतना सम्पन्न एवं समृद्ध राज्य विपक्षी दलों की पकड़ से बाहर हो जायेगा। दूसरा कारण- ठाकरे की ब्रॉन्ड वैल्यू आंशिक रूप से तो कम हो ही जायेगी तथा उनकी छवि खराब हो जाने से भविष्य में महाराष्ट्र में भाजपा के लिये, अपने बल पर सरकार बनाने का रास्ता साफ हो जायेगा। लेकिन संकट यह है कि शिवसेना की राजनीति ठाकरे परिवार के साथ जुड़ी रही है तथा आगे भी इसी परिवार से जुड़ी रहेगी। अभी तक, उद्धव ठाकरे ने न तो एकनाथ शिंदे गुट की आलोचना की है और न भाजपा पर ही दोषारोपण किया है।.

यद्यपि शिंदे गुट सबसे पहले भाजपा-शासित गुजरात ही गया था, फिर भी शिवसेना प्रमुख ने ''गुजरात बनाम महाराष्ट्र'' के परम्परागत प्रचार एवं अभियान का सहारा नहीं लिया है। अगर उद्धव ठाकरे ने इस प्रकार के मुद्दों पर शिवसेना कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरने का आव्हान कर दिया, तो महाराष्ट्र की नई सरकार के समक्ष कानून-व्यवस्था की समस्या से निबटने की समस्या पैदा हो सकती है। हालाँकि, इतनी बड़ी संख्या में पार्टी विधायकों के पार्टी से चले जाने पर वे भौंचक्के एवं स्तब्ध हैं, फिर भी, ठाकरे अपने पत्ते बड़ी सावधानी एवं सतर्कता से खेल रहे हैं। उन्होंने अपना सरकारी बँगला छोड़ दिया है तथा अपने पुराने एवं पैतृक मकान, ''मातोश्री'' में चले गये हैं। उनका यह कदम एक ऐसा कदम है कि इससे उन्हें पार्टी कार्य कर्ताओं के बीच समर्थन की लहर पैदा करने में मदद मिलेगी। वे विद्रोही विधायकों से बार-बार लौट आने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बाइकों की धरपकड़

जोधपुर, 23 जून (का.सं.)। जोधपुर शहर में इन दिनों ट्रैफिक पुलिस बाइकर्स पर नजर रखे हुए हैं। एक अभियान के तहत उन बाइकर्स की बाइक जब्त कर रही है जो एयर पॉल्यूशन बढ़ा रही है। बाइकर्स अपनी बाइक में साइलैंसर मोडिफाई करवाते हैं। इससे साइलेंसर से आवाज तेज हो जाती है और स्पार्किंग से पटाखे की तरह आवाज निकालते हैं।

- **एक ही दिन में आठ बाइक पकड़ीं और जुर्माना लगाया। अब तक 35 गाड़ियां जब्त की गयी हैं जोधपुर में।**

ट्रैफिक पुलिस कार्यवाही कर इस तरह ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बाइकर्स के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आज एक दिन में रिक्तिया भैरुजी चौराहे पर 8 बाइक जब्त की गई। ट्रैफिक पुलिस की टीम ने एक ही दिन में एक पॉइंट से 8 बाइक जब्त करने की सफलता पर एडीसीपी चैन सिंह माहेचा खुद मौके पर पहुंचे और टीम को बधाई दी। एडीसीपी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इतिहास में पहली बार मेवाड़ के पांच विधायक राष्ट्रपति पद के प्रस्तावक होंगे

## राष्ट्रपति पद चुनाव में प्रस्तावक के रूप में दिल्ली पहुंचे मेवाड़ के 5 आदिवासी विधायक

उदयपुर, (कासं)। भाजपा नेतृत्व वाले नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) द्वारा आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने के बाद मेवाड़ के आदिवासी विधायकों को प्रस्तावक बनने के अवसर मिला है और मेवाड़ के पांच विधायक दिल्ली पहुंच गए हैं।

भाजपा आलाकमान के शॉर्ट नोटिस के बाद गुरूवार को दिल्ली पहुंचने वाले ये 5 विधायक हैं उदयपुर ग्रामीण विधानसभा से विधायक फूलसिंह मीणा, सलूम्बर विधान सभा से अमृतलाल मीणा, झाड़ोल विधान सभा क्षेत्र से बाबूलाल खराड़ी, पिण्डवाड़ा से सम्भाराम गरासिया, घड़ी से कैलाश मीणा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पद के लिए आदिवासी महिला को प्रत्याशी बनाने का कार्ड खेलने के बाद भाजपा

- **जैसा कि विदित ही है, आदिवासी विधायकों के लिए राजस्थान में 25 तथा गुजरात में 27 सीटें आरक्षित हैं।**

ने प्रस्तावक भी आदिवासी विधायकों को बनाया है। गौरतलब है कि राजस्थान व गुजरात में आदिवासियों की काफी संख्या है और विधानसभा में आदिवासियों के लिए राजस्थान में 25 तथा गुजरात में 27 सीटें आरक्षित है। इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि मेवाड़ अंचल मेवाड़ के पांच विधायक राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के प्रस्तावक बनेंगे। प्रस्तावकों की घोषणा होने के बाद उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने बताया कि उनके परिवार में दो लोग बीमार हैं लेकिन यह काम महत्वपूर्ण होने के कारण वे दिल्ली जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है कि किसी आदिवासी को राष्ट्रपति बनने का मौका मिल रहा है। इसलिए हम अपना कर्तव्य निभाने दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं।

विधायकों को शार्ट नोटिस पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सिंघवी, सैलजा सी.डब्ल्यु.सी. में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो**

नई दिल्ली, 23 जून। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरूवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी. डब्ल्यू.सी.) का विस्तार कर दिया। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता तथा पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी (63) तथा हरियाणा की पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष

- **कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी का विस्तार करते हुए अभिषेक मनु सिंघवी व कुमारी सैलजा को सी.डब्ल्यु.सी. का सदस्य नियुक्त किया।**

कुमारी शैलजा (59) को इसका सदस्य नामजद कर दिया । ज्ञातव्य है कि सी.डब्ल्यू.सी. कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च समिति है।

उन्होंने पूर्व सांसद तथा फिल्म

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अडानी के ''सैल्स एजेन्ट'' कौन?

## कांग्रेस ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि, प्र.मंत्री मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति पर दबाव लगाया कि, अडानी ग्रुप को ''पवन ऊर्जा'' प्लांट लगाने का काम दिया जाये

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो**

नई दिल्ली, 23 जून। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अडानी के ''सेल्स एजेंट'' के रूप में कार्य कर श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे पर दबाव बनाने और सरकार के स्वामित्व वाले स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एस.बी. आई.) द्वारा अडानी ग्रुप को ऋण देने के बार-बार किए जा रहे प्रयासों को लेकर गुरूवार को एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) से मांग की कि वह इनकी जांच करे। पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजपक्षे पर दबाव बनाया था कि वह एक विंड पावर प्रोजेक्ट अडानी को दे दे।

पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यहाँ एक प्रैस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वे यहाँ अनेक उदाहरणों में से केवल दो उदाहरण ही दे रहे है, जहाँ केन्द्रीय एजेंसियों, जिनमें प्रवर्तन निदेशालय भी शामिल है, ने नजरें बचा लेना बहतर

- **कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने मांग की कि, ई.डी. जाँच करे कि, प्र.मंत्री लगातार अडानी ग्रुप के ''सैल्स एजेन्ट'' के रूप में काम क्यों कर रहे हैं।**

समझा। उन्होंने कहा कि पहले प्रकरण में, श्रीलंका के सरकारी स्वामित्व वाले ''सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड'' के चेयरमैन ने उस देश के संसदीय पैनल के समक्ष मोदी की यह भूमिका उजागर की थी। बोर्ड के चेयरमैन ने कहा था कि ''माननीय प्रधानमंत्री (मोदी) एक दूसरे देश (श्रीलंका) में (भारत के) एक व्यक्ति विशेष को व्यवसायिक लाभ देने के लिये कथित रूप में जोर दे रहे थे। वल्लभ ने पूछा कि क्या भ्रष्टाचार का यह केस जाँच-पड़ताल किये जाने योग्य नहीं है।

एक अन्य प्रकरण के अनुसार, मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आते ही एस.बी.आई. ने अडानी ग्रुप के साथ 1 अरब डॉलर (7,825 करोड़ रू0) का सैद्धान्तिक इकरारनामा (इन-प्रिन्सिपल ऐग्रीमेन्ट) तैयार किया था, लेकिन इसे वापस लेना पड़ा तथा एम ओ.यू.रद्द कर देना पड़ा। 2020 में, एस.बी.आई. ने अडानी के ऑस्ट्रेलिया स्थित का निकेल कोयल प्रोजेक्ट का 5000 करोड़ रू0 का एक अन्य ऋण दे दिया। यह निवेशकों के दबाव के कारण रूका पड़ा है। पिछले एक साल ऋण की स्थिति (लोन स्टेटस) के बारे में अद्यतन जानकारी नहीं मिली है।

प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कहा कि यह सब ऐसा लगता है, जैसे किसी ने अडानी ग्रुप को ऋण उपलब्ध कराने के लिये संयुक्त प्रयास किया गया था। क्या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

बीदासर, 23 जून (नि.स.)। युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। युवती के मामा ने मौहल्ले के दो युवकों के खिलाफ यह मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार युवती के मामा ने मामला दर्ज करवाया कि 22 जून को ''हम सारे परिवार सहित चुरू मायरा

- **बीदासर में एक 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती के मामा ने मौहल्ले के दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज करवाया।**

भरने के लिये गये थे और मेरी वृद्ध मां को भाई के घर छोड़कर गये थे। उनकी देखरेख के लिये मेरी भानजी को घर पर ही छोडकर गये थे। गत 22 जून की रात्रि में करीब 11 बजे मौहल्ले के ही दो युवकों ने घर में प्रवेश किया ये लोग भानजी के साथ गलत हरकत करने लगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दवा मर्ज से ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है!

## मंहगाई (इन्फ्लेशन) पर काबू पाने के लिये, बैंक ब्याज दर बढ़ा रहे हैं। आशा है जनता कम पैसा उधार लेगी बैंकों से, तो मार्केट में ''करैन्सी'' कम होगी, अतः, चीज़ों के दाम कम होंगे

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 जून। क्या दुनिया में आर्थिक मंदी आने वाली है? इस तथ्य को लेकर जितनी गंभीरता बरती जा रही है, यह प्रश्न उतनी ही तेजी से उभर रहा है। दुनिया के केन्द्रीय बैंक मंहगाई पर लगाम कसने को लेकर जो नीतियां बना रहे हैं, उनसे मंदी आ सकती है तथा और बेरोजगारी ज्यादा बढ़ सकती है।

हमने अब तक रुस की वर्ष 1917 की क्रांति के बारे में जाना है कि ''वे दस दिन ऐसे थे जिन्होंने पूरी दुनिया को हिला दिया था। वर्तमान में अब ऐसा ही एक दृष्टिकोण जनमानस में अपनी जगह बना रहा है।''

लंदन की इकोनॉमिस्ट मैग्ज़ीन दुनिया के बड़े केन्द्रीय बैंकों द्वारा नए सिरे से बनाई गई नीतियों का उल्लेख उन आठ दिनों के रुप में कर रही है, जिन्होंने दुनिया को हिला दिया। मैग्ज़ीन कहती है कि इनकी शुरुआत सैन्ट्रल बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने से हुई। उसके बाद यूरोपियन सैन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ जापान और फिर अमेरिका के फैडरल रिजर्व बैंक ने अपनी नीतिगत दरों में वृद्धि की।

हमारे खुद के रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (आर.बी. आई) ने इनका पूर्वानुमान पहले ही कर लिया था और ब्याज दरें पहले ही बढ़ा दी थी। रिज़र्व बैंक कह रहा है कि जब तक महंगाई नियंत्रित नहीं हो जाती, कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। वास्तव में आर.बी.आई यह चेतावनी दे रहा है कि दो वर्षों तक रही कोविड की वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था की नाजुक स्थिति को देखते हुए यह भी जरुरी है कि अर्थव्यवस्था में तेजी लाने वाले कारक मंद ना पड़ जाएं।

- **पर, अगर, ''औद्योगिक एक्स्पैन्शन'' कम हुआ, क्योंकि लोग उत्पादन बढ़ाने के लिये मशीनें, रॉ मटीरियल कम खरीदेंगे, तो, बेरोजगारी बढ़ेगी। बेरोजगारी बढ़ने से, मार्केट में बिक्री कम होगी और दाम बढ़ेंगे।**
- **ब्याज दर बढ़ाने का यह नतीज़ा होगा, यह आशंका तो थी ही। पर, अब यह आशंका यथार्थ में बदलती जा रही है, विश्व में। उदाहरण के लिये, अमेरिका में महंगाई उस स्तर पर पहुंच गयी है, जहां गत चालीस साल में नहीं पहुंची थी।**
- **भारत की स्थिति जरूर कुछ फर्क है। भारत की इकॉनमी ''इनवर्ड लुकिंग'' है, अतः ब्याज दर बढ़ने के बावजूद, औद्योगिक उत्पादन घटा नहीं है।**

बहरहाल, थोड़ा बहुत भय है। ब्याज दरों में वृद्धि वित्तीय बाजारों में एक ऐसी स्थिति निर्मित कर रही है जो विकास के लिए अभिशाप है। वैश्विक वित्तीय बाजारों में पहले ही घबराहट है। नीतिगत दरों में बढ़ोतरी से वे बच नहीं पा रहे है।

ब्याज दरों में हुई वृद्धि के दो पहलू हैं। पहला तो ब्याज दरों में वृद्धि मुख्यतः मंहगाई का मुकाबला करने के लिए की गई है। पूरी दुनिया में कीमतें बढ़ रही हैं। कुछ देशों में तो कीमत वृद्धि अभूतपूर्व रही है। उदाहरण के तौर पर अमेरिका में मंहगाई की दर 8.6 प्रतिशत रही जिसे पिछले 40 वर्षों में सर्वाधिक बताया जा रहा है। कीमतों में इतनी अधिक वृद्धि हुई है कि जनता क्रुद्ध हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अपने देश की जनता को सार्वजनिक रुप से पुनःआश्वस्त करना चाहते हैं कि वह बढ़ती कीमतों से हो रही मुश्किलों को कम करने के लिए हरसंभव प्रयत्न करेंगे। आगामी मध्यवर्ती चुनावों के संदर्भ में इसकी आवश्यकता ज्यादा ही बढ़ जाती है।

दूसरा ब्याज दरों में वृद्धि की चर्चा पिछले कुछ समय से एक सुधारात्मक उपाय के रुप में की जा रही है जो कि ऐसी विशिष्ट मौद्रिक नीतियां हैं जिन्हें वैश्विक महामारी के विपरीत प्रभावों का मुकाबला करने के लिए अपनाया गया है। वैश्विक महामारी के कारण उभरते बाजारों और गरीब देशों की अर्थव्यवस्थाओं में भी कमी आ गयी। लॉकडाउन और नौकरियां खोने के कारण जनता को हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सब्सिड़ीज, राशन तथा नकद राशि दी गयी। अधिकांश देशों में वित्तीय घाटा बढ़ चुका है। वास्तव में, वर्ष 2008 में आई आर्थिक मंदी के बाद से ही समायोजक कदम उठाए जाने शुरु हो गये थे और कुछ हल्के रुप में ये आज भी जारी है। इन्हें कभी ना कभी पलटा जाना होगा और आर्थिक नीति के मापदंडों को सामान्य स्तरों पर लाना होगा।

तथापि, जब कभी भी ब्याज दरों में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेप के आरोपी को सजा

अलवर, (निसं)। अलवर के पोक्सो कोर्ट नंबर एक में जज ने रेप के आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है। हालांकि पीड़िता ने आरोपी को पहचानने से इंकार कर दिया था, लेकिन सबूतों के आधार पर जज ने आरोपी को सजा

- **हालांकि पीड़िता ने कोर्ट में आरोपी को पहचानने से मना कर दिया पर कोर्ट ने डी.एन.ए. और एफ. एस.एल. रिपोर्ट के आधार पर रेप होना माना व आरोपी को दस साल की सजा सुनाई।**

सुनाई। नाबालिग के पिता ने ही आरोपी के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन बाद में कोर्ट में मुकर गया और नाबालिग ने भी आरोपी को पहचानने से मना कर दिया। इस पर कोर्ट ने एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अग्निपथ योजना वापस लेने की मांग पर कांग्रेस का 27 जून को होगा प्रदेश स्तरीय विरोध-प्रदर्शन

## विधानसभा स्तर पर होगा प्रदर्शन, प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक रखेंगे निष्क्रिय नेताओं पर नजर

**जयपुर**, (का.प्र.)। राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ पूरी होने के बाद अब कांग्रेस सेना भर्ती की नई योजना अग्निपथ को वापस करवाने के लिए निचले स्तर तक आंदोलन शुरू कर रही है और 27 जून को पूरे देश में कांग्रेस सत्याग्रह करेगी। राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुसार विधानसभा वार सत्याग्रह किया जाएगा और इनका नेतृत्व विधायक करेंगे। वहीं जहां पार्टी के विधायक नहीं हैं। वहां प्रदेश कांग्रेस की ओर से लगाए जाने वाले पर्यवेक्षक और समन्वयक सत्याग्रह का नेतृत्व करेंगे।

कांग्रेस ने तय किया है कि वह बेरोजगारी से जुड़े तथा युवाओं की भागीदारी वाले किस मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अग्निपथ योजना वापस कराने को लेकर किए जाने वाले आंदोलन की जानकारी देते हुए बताया कि अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस प्रदेश में 27 जून को सभी 200 विधानसभा सीटों पर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगी। विधानसभा वार होने वाले इन विरोध प्रदर्शनों में ना सिर्फ विधायकों को अपनी ताकत दिखानी होगी बल्कि प्रमुख कांग्रेस जनों को भी ताकत दिखानी होगी। यही कारण है कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से सभी 200 विधानसभाओं में प्रदर्शन में भाग लेने वाले नेताओं पर पर्यवेक्षक नजर रखेंगे।

डोटासरा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले विरोध प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षक और समन्वयक लगाए जा रहे हैं। ये पर्यवेक्षक कांग्रेस पार्टी को इस बात की सूचना देंगे कि किस नेता ने अपने जिले में प्रदर्शन में मेहनत की और कौन निष्क्रिय रहा। डोटासरा ने कहा कि अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले युवाओं के साथ कांग्रेस पार्टी मजबूती से खड़ी है। देश में पहली बार हो रहा है कि भारतीय सेना में संविदा पर भर्ती हो रही है। डोटासरा ने कहा कि योजना युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाने के लिए है। यही वजह है कि देश भर में युवा आक्रोशित हैं।

> ■ अग्निपथ के विरोध में 27 जून को ही जोधपुर में हनुमान बेनीवाल भी करेंगे बड़ी रैली

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार देने के अपने वादे में विफल रही है। हालात यह है कि हर साल जितनी नौकरियां केंद्र सरकार को देनी थी, उनमें से 1 साल में जितनी नौकरियां होती, उतनी भी केंद्र सरकार नहीं दे सकी है। डोटासरा ने कहा कि 4 साल की नौकरी में युवा सेना के साथ निष्ठा और समर्पण का भाव नहीं रख पाएगा, जिससे देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो सकता है।

मीडिया की ओर से भाजपा नेताओं पर लगे मुकदमे हटाने तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इसे लेकर व्याप्त रोष के सवाल पर डोटासरा ने कहा कि यह भाजपा-कांग्रेस का मामला नहीं है। प्रत्येक सरकार राजनीतिक तौर पर लगाए गए मुक़दमे वापस लेती है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ख़िलाफ़ लगे मुक़दमे हटाने के लिए भी सरकार को कहा जाएगा।

दूसरी ओर अग्निपथ योजना को लेकर राजस्थान में 27 जून को ही आरएलपी भी जोधपुर में बड़ी रैली करने जा रही है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल 27 जून को जोधपुर में प्रस्तावित अपनी रैली को लेकर लगातार ताकत झोंक रहे हैं। इसके लिए मंगलवार को देर रात तक जोधपुर शहर के अलग अलग इलाकों में हनुमान बेनीवाल ने रैली की। बुधवार को बाड़मेर रवाना होने से पहले हनुमान बेनीवाल ने कहा कि भले ही केंद्र सरकार ने कह दिया है कि वह योजना वापस नहीं लेंगे, लेकिन हम युवाओं को भरोसा दिलाते हैं कि यह योजना वापस होगी। इस योजना के विरोध में 27 जून को जोधपुर में होने वाली रैली में लाखों की संख्या में युवा भाग लेंगे। इसके लिए वह खुद जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, सीकर सहित अन्य जगह पर दौरे कर रहे हैं।

# व्यक्ति के विचार-कला हमेशा जीवित रहती है : ओम बिरला



**विख्यात मूर्तिकार पद्मश्री स्व. अर्जुन प्रजापति की याद में गुरूवार को बिड़ला सभागार में समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने की। इस मौके पर सांसद रामचरण बोहरा सहित बड़ी संख्या में कला जगत और राजनीति की हस्तियां मौजूद थीं।**

**जयपुर**। माटी मानस अर्जुन कला संग्रहालय की ओर से विख्याति मूर्तिकार पद्मश्री स्व. अर्जुन प्रजापति की याद में गुरूवार को बिड़ला सभागार में समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने की। इस मौके पर सांसद रामचरण बोहरा सहित बड़ी संख्या में कला जगत और राजनीति की हस्तियां मौजूद थीं। इस मौके पर अपने उद्बोधन में ओम बिरला ने कहा कि व्यक्ति दुनिया मे रहे न रहे, उनके विचार, कला हमेशा जीवित रहती है।

बिरला ने कहा कि अर्जुन प्रजापति की कला इतनी अदभुत थी जिसके दम पर उन्होंने मूर्तिकला के क्षेत्र में जयपुर का नाम देश दुनिया में रोशन किया। उन्होंने देश का गौरव बढ़ाने वाला राजस्थान जिसने शौर्य के रूप में अपना गौरव बढ़ाया, त्याग, समर्पण से अपना गौरव बढ़ाया यहां की संस्कृति यहां की कला हमारे नौजवान जो हमारे देश की रक्षा आज भी कर रहे हैं उसके कारण दुनिया में राजस्थान का गौरव सम्मान हमेशा से किया जाता रहा है। इससे पहले ओम बिरला और निंबाराम ने माटी मानस अर्जुन कला संग्रहालय की ओर से उनकी याद में स्थापित किए गए 'अर्जुन कला अवार्ड' से कला जगत की छह हस्तियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले कलाकारों मे पद्मश्री से सम्मानित चित्रकार एस. शाकिर अली, सुर बहार वादक डॉ. अश्विन एम.दलवी, रूपवादी चित्रकार गोपाल स्वामी खेतांची, युवा मूर्तिकार इटारसी के रोहित प्रजापति और भोपाल के स्वप्निल ठाके तथा देव प्रतिमाओं के वरिष्ठ शिल्पकार जयपुर को गोपाल शर्मा थे। शाकिर अली के उपस्थिति नहीं होने पाने की वजह से उनकी ओर से कला समीक्षक सर्वेश भट्ट ने ये सम्मान ग्रहण किया।

> ■ 'अर्जुन कला अवार्ड' से कला जगत की छह हस्तियों को सम्मानित किया

इस मौके पर ओम बिरला और निंबाराम ने अर्जुन प्रजापति के कृतित्व और व्यक्तित्व पर राजेन्द्र प्रजापति और सर्वेश भट्ट की बनाई फिल्म तथा अर्जुन प्रजापति द्वारा उनके निधन से पहले बनाई गई पांच मूर्तियों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम में सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, शहर भाजपा अध्यक्ष राघव शर्मा सहित कई लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



**राज्यपाल कलराज मिश्र से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।**

# प्रदेश के 19 जिलों में मिले 135 नए करोना संक्रमित

**जयपुर**। राज्य में गुरूवार को 19 जिलों में 135 नए मरीज मिले हैं, जबकि 97 रोगी इस बीमारी से रिकवर भी हुए है। ऐसे में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 751 पहुंच गई है।

चिकित्सा विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को जयपुर में सबसे ज्यादा 48 संक्रमित रोगी मिले। इसके अलावा बीकानेर में 16 जोधपुर में 13, अजमेर में 11, अलवर में 9, उदयपुर में 7, नागौर और भीलवाड़ा में 4-4, टोंक, प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में 2-2 तथा बारां, चित्तौड़गढ़, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, राजसमंद और सिरोही में एक-एक रोगी मिला है।

जयपुर जिले में 48 नए संक्रमित मिलने के साथ ही यहां 30 मरीज करोना से ठीक भी हुए है। फिलहाल यहां पर 300 एक्टिव केस बचे हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर के सोडाला में सबसे ज्यादा 8 संक्रमित रोगी मिले है। दुर्गापुरा और सांगानेर में 6-6, मालवीय नगर और वैशाली नगर में 3-3, सी स्कीम, जगतपुरा, फागी, राजापार्क में 2-2 तथा अजमेर रोड, बनीपार्क, चाकसू, सिविल लाइन्स, गोपालपुरा, गोविन्द नगर, जामडोली, जवाहर नगर, झोटवाडा, मानसरोवर, सुभाष चौक, तिलक नगर, वैशाली नगर और विद्याधर नगर में एक-एक संक्रमित मिला है।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को प्रदेश भर में मिला समर्थन : नारायण राम चौधरी

**जयपुर**। जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर प्रदेश भर में पिछले 3 महीनों से प्रदेश अध्यक्ष नारायण राम चौधरी के नेतृत्व में भारत माता यात्रा चल रही है। इसका समापन 1 जुलाई को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में समापन होगा। यहां पर विशाल हिंदू हूंकार जनसभा होगी। प्रदेशभर के कोने-कोने से लोग आएंगे। संत समाज एवं सभी समाजों के अग्रिम संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष नारायण राम चौधरी ने कहा प्रदेश भर में लगभग 3 महीने से जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर सभी जिलों विधानसभा क्षेत्रों में जन समर्थन हेतु भारत माता यात्रा निकाली गई। इस दौरान करीब 180 विधानसभा क्षेत्र 33 जिलों में यह भारत माता यात्रा गुजरी है। लगभग साड़े 400 जनसभाओं को संबोधित किया। करीब 20 हजार किलोमीटर का सफर किया। इस दौरान जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जोरदार जनसंख्या कानून की मांग का समर्थन किया। जोधपुर एवं कई जिलों में तो ऐतिहासिक जनसभा रही। अब भारत माता यात्रा के समापन पर 1 जुलाई को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में 11 बजे विशाल हिंदू हुंकार जनसभा का आयोजन किया जाएगा।

> ■ 'हिंदुओं के अस्तित्व को बचाने के लिए हिंदू जनसभा में आमजन भाग लें'

जिसमें प्रदेशभर से लोग आएंगे एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग करेंगे। चौधरी ने कहा दो बच्चों की नीति देश में लागू होनी चाहिए दो से अधिक अगर कोई बच्चा पैदा करते हैं तो सरकारी सुविधाएं एवं मताधिकार समाप्त होनी चाहिए एवं सख्त कानून बनना चाहिए।

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री संगठन कुलभूषण बैराठी ने कहा कि आज प्रदेश भर के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र एवं तहसीलों में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की 51 जनों की टीम घटित है सभी जिलों से यह कार्यकर्ता 1 जुलाई को विद्याधर नगर स्टेडियम जनता के साथ पहुंचेंगे।

जनसभा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल एवं प्रदेश अध्यक्ष नारायण राम चौधरी सभा को संबोधित करेंगे।

## राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का अभिनंदन

**जयपुर**। विप्र फाउंडेशन की ओर से हरियाणा से राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का जयपुर पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। शर्मा हाल ही में निर्वाचित हुए है तथा देश के एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह के मालिक हैं। शर्मा ने विप्र फाउंडेशन के प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि उनका संस्थान भी ऐसे सामाजिक सरोकारों में विप्र फाउंडेशन के साथ मिलकर अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश स्थित परशुराम कुंड पर स्थापित की जाने वाली 51 फीट की प्रतिमा के ब्रॉशर का विमोचन किया।

# बीमा कंपनी को 80 लाख के मुआवजे का आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने दो ट्रकों के बीच गाड़ी फंसने के दौरान हुई मौत के मामले में दोनों ट्रकों की बीमा कंपनियों यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को कहा है कि वह आधी-आधी राशि बांटते हुए कुल अस्सी लाख रुपए मुआवजे के रूप में अदा करें। अधिकरण यह राशि पर छह फीसदी ब्याज भी अदा करने को कहा है। अधिकरण ने यह आदेश शकुंतला शर्मा व अन्य की क्लेम याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि परिवादी का पति रामवीर शर्मा जल संसाधन विभाग में अधिशाषी अभियंता के तौर पर तैनात था। घटना के दिन 2 अक्टूबर 2018 को वह सरकारी गाड़ी में राजकीय काम से जा रहा था। नागौर-बीकानेर रोड पर बाराणी गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने उसकी कार को टक्कर मार दी। इसी समय पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी कार को टक्कर मार दी। इसके चलते रामवीर और चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। ऐसे में परिवादियों को क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए। इस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने दोनों बीमा कंपनियों को मुआवजा राशि देने को कहा है।

# आय से अधिक संपत्ति रखने पर दो साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 ने आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के तत्कालीन सुप्रीटेंडिंग ऑर्कालॉजिस्ट बीरबल मीणा को दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने जांच के दौरान अभियुक्त के घर से बरामद 13 लाख से अधिक रुपए, बेनामी एफडीआर और ज्वेलरी को जब्त करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त की पत्नी को दोषमुक्त कर दिया है। मामले के अनुसार अभियुक्त वर्ष 1976 में विभाग में सहायक के तौर पर लगा था। गुप्त सूचना पर सीबीआई ने अभियुक्त की वर्ष 1995 से वर्ष 2002 तक की आय की गणना की थी। जिसमें सीबीआई को आय से 45 लाख रुपए से अधिक मिले थे।

## सड़कों का निर्माण समयबद्ध पूरा कराने के निर्देश

**जयपुर** । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में सड़क तंत्र का सुदृढ़ीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। गहलोत गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभाग से जुड़ी सभी बजट घोषणाओं को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के साथ ही नॉन पेचेबल सड़कों के कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु भर्ती प्रकिया शुरू

**जयपुर**। भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत अग्निवीरवायु भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 24 जून से शुरू होगा। इच्छुक अविवाहित पुरुष उम्मीदवार भर्ती से संबधित सभी नियमो की विस्तृत जारकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार अग्निवीर की भर्ती के लिए 24 जून सुबह 10 से 5 जुलाई शाम 5 बजे तक लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है। 29 दिसबंर 1999 से लेकर 29 जून 2005 तक जन्मे अविवाहित पुरुष उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। 12 वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विजान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ अंग्रेजी विषय में 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र है।

# कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आया : राठौड़

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में 27 जून को धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान करने वाले पहले यह बताएं कि कांग्रेस सरकार ने 2 वर्ष पहले सदन में राजस्थान पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित करके राजस्थान पुलिस अधिनियम 2007 में संशोधन कर ग्राम रक्षकों के साथ भेदभाव एवं अन्याय क्यों किया था?

राठौड़ ने कहा कि उक्त विधेयक के माध्यम से कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की मदद के लिए नियुक्त होने वाले ग्राम रक्षकों की पदावधि को 3 वर्ष से घटाकर 2 वर्ष किया था और साथ ही उनका मानदेय भी पूर्णतया समाप्त कर दिया था जबकि केन्द्र सरकार तो अग्निवीरों को वेतन सहित अन्य सभी सुविधाएं प्रदान कर रही है। राठौड़ ने कहा कि युवाओं की कथित हितैषी होने का ढोंग करने वाली कांग्रेस पार्टी द्वारा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा भी मृगमरीचिका साबित हुई है। रोजगार कार्यालय में 16.42 लाख बेरोजगार युवा पंजीकृत है जिसमें से मात्र 53 हजार को ही बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है क्योंकि सरकार ने 4 घंटे चौकीदारी की मनमानी शर्त थोप दी है। राठौड़ ने कहा कि अग्निवीर योजना के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाली कांग्रेस का दोहरा चरित्र जगजाहिर हो चुका है।


कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 3/248 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 198.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्रीमती कृष्णा बिहारी मिश्रा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8104 दिनांक 05.10.1983 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 12.04.1990 को करवाया गया। श्री कृष्ण बिहारी मिश्रा की मृत्यु दिनांक 03.07.2012 को हो जाने के पश्चात श्रीमती विजया मिश्रा पत्नी स्व. श्री कृष्ण बिहारी मिश्रा एवं श्री अरिंदम मिश्रा पुत्र स्व. श्री कृष्ण बिहारी मिश्रा के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्रीमती विजया मिश्रा पत्नी स्व. श्री कृष्ण बिहारी मिश्रा एवं श्री अरिंदम मिश्रा पुत्र स्व. श्री कृष्ण बिहारी मिश्रा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**सुभाष सिन्धी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि.**
क्रमांक: SP-01 **आम सभा की सूचना** दिनांक: 23.06.2022
समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 08.07.2022 को प्रात: 11.00 बजे समिति कार्यालय :- एए-1, जय अम्बे नगर, टोंक रोड, जयपुर पर आयोजित की जायेगी, जिसका एजेण्डा निम्नानुसार है:- 1. गत आमसभा की पुष्टि। 2. समिति की गत वर्षो की ऑडिट का अनुमोदन एवं ऑडिट अनुपालना पर विचार। 3. विभाग द्वारा जारी संशोधित उपनियमों को अंगीकार करने पर विचार। 4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से। अतः समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त समय पर आम सभा में उपस्थित होवे।
मंत्री, सुभाष सिन्धी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि., जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त-तृतीय
**राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाषा संख्या-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट् संख्या -4-D/80(3F) इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल 29.440 वर्ग मीटर का आवंटन श्री बनवारी लाल मीणा पुत्र श्री अमर लाल मीणा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5838 दिनांक 18/11/2014 जारी किया गया था।उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम् में दिनांक 14/05/2018 को करवाया गया। श्री बनवारी लाल मीना की मृत्यु दिनांक 27/11/2020 को हो जाने के पश्चात् उनकी पत्नी श्रीमती रेखा मीना स्व.श्री बनवारी लाल मीना के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास /फ्लैट् का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास /फ्लैट् के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति /बैंक /संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती रेखा मीना स्व.श्री बनवारी लाल मीना के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय रा.आ.मण्डल जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कुशाल शर्मापुत्र मुकेश शर्मा व मेरी पुत्र वधु सुष्मा शर्मा पत्नि कुशाल शर्मा मेरे कहने पर नहीं चल रहे है मैने व मेरे परिवारजन ने व रिश्तेदारों ने इनको काफी समझा दिया लेकिन उसके बावजूद भी ये अपने मनमर्जी से कार्य करते हैजिसके चलते मैने इनको करीब 6 माह पूर्व मेरे घर से बेदखल कर दिया था जो कि दोनो वर्तमान में दिल्ली रहते है यदि इन दोनो से कोई व्यक्ति किसी तरह का लेनदेन, सम्व्यवहार करेगा तो उसके लिये मै व मेरे परिजन किसी भी तरह से जुम्मेदार नहीं रहेगे। भविष्य में मेरा व मेरे पुत्र व पुत्र वधु का किसी तरह का कोईताल्लुक वास्ता नहीं रहेगा। मैने इनको अपने घर से व सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।
मुकेश शर्मा पुत्र श्री निरंजन शर्मा
निवासी- मौहल्ला बड़ाबास
वार्ड नम्बर - कस्बा कोटपूतली

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 49/2021
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमति सुनीता गोड निवासी 9वी कुमावत बाडी पोल्टी फार्म के पीछे खातीपुरा झोटवाडा जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत हरी चैरिटेबल ट्रस्ट जिला जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 14.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 23.08.2021
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं राजाराम वर्मा पुत्र श्री मंगलराम मैंने अपना नाम राजाराम रैगर के स्थान पर राजाराम वर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे राजाराम वर्मा के नाम से जाना जाए। निवासी 04, इन्द्रपुरी कॉलोनी, बालाजी मन्दिर के पास गोविन्दपुरा, सांगानेर जयपुर

मैं आर्मी नं. 14366489Y यूनिट 49 AD रेजिमेंट, ग्राम- राजमहल, तहसील- देवली, जिला- टोंक (राजस्थान) सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम जगदीश प्रसाद नाई पुत्र चंदा लाल गलत दर्ज है सही नाम जगदीश प्रसाद सैन है। भविष्य में मुझे जगदीश प्रसाद सैन के नाम से जाना जाये।

मै अरूण शेखावत अपने पुत्र का नाम कुशवर्धन सिंह शेखावत से बदलकर खुशवर्धन सिंह शेखावत रख रहा हू। पता 36-A-हरि नगर खिरणी फाटक जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम देवस्थान विभाग, जयपुर)
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णत तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 54/2022
चूंकि श्रीमति ललिता महरवाल निवासी 1262 आचार्यो का रास्ता किशनपोल बाजार, जिला- जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत ए. स.पी महरवाल वेलफेयर एण्ड हैल्थ फाउन्डेशन ट्रस्ट, जिला जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियाँ, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 14.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 25.08.2022
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**खोया पाया**

JDA द्वारा पट्टा जारी योजना श्याम नगर आगरा रोड के भू संख्या 57 का ओरिजनल JDA पट्टा, पॉवर ऑफ अटॉर्नी खो गए है सूचित करें - शान्ति देवी- 9166066038

मेरे प्लॉट नं. D-63, श्याम नगर जोन 5 के मूल दस्तावेजों की फाईल जिसमें जेडीए पट्टा, रजिस्ट्री व अन्य कागजात थे वैशाली नगर में कहीं खो गयी है। मिलने पर सूचित करें। दुर्गा पंवार 9829128664

प्लॉट नं. V-74A, V-74B गणेशविहार सीकर रोड की ओरिजनल पावरअटोनी, BOB बैंक की पासबुक एक चेक नं. 00013 प्लॉट नं.- A-42, 43, गणेशविहार के ओरिजनल पट्टे सीकर रोड़ पर 04.06.2022 को गिर गए थे। मिलने पर सूचित- कैलाश चौधरी 9829241780

मकान सं.52/115, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, कन्वेंश, परपीच्युअल डीड, मुख्तयारनामा आम आदि कही खो गये मिलने पर सम्पर्क-मानसिंह-9829150532

मेरे प्लॉट नंबर 71/345, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल भौतिक कब्जे की प्रति कहीं गिर/गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें-मोहिनी शरण अग्रवाल 9911229973


# जयपुर संसदीय क्षेत्र के चार फ्लाई ओवरों का शिलान्यास 27 जून को : सांसद बोहरा

**जयपुर**, (का.सं.)। सांसद रामरण बोहरा ने नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य स्वीकृत जयपुर संसदीय क्षेत्र के चार एवं अजमेर के छः फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने का आग्रह किये जाने पर मंत्री द्वारा इसी माह में फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के शिलान्यास किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

> ■ जयपुर में सैनिक स्कूल की घोषणा जल्द, स्वीकृति के लिये केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया


सांसद बोहरा ने बताया कि मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासन पर जयपुर संसदीय क्षेत्र में कमला नेहरू नगर हीरापुरा, भांकरोटा, नरसिंहपुरा सेज एवं दहमी कलॉ के फ्लाईओवर के निर्माण का शिलान्यास एवं जयपुर रिंग रोड़ के वाटिका पर निर्मित एन्ट्री, एक्जिट रेम्प का उद्घाटन 27 जून को स्वीकृति दी गई। जिसका मंत्री द्वारा वर्चुअल शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जायेगा।



**सांसद रामचरण बोहरा ने नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।**


सांसद रामचरण बोहरा ने जयपुर संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि मण्डल के साथ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर देश हित में लाई गई अग्निपथ योजना के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से देश को सशक्त सेना मिले के साथ पहले से अपेक्षाकृत अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही जयपुर में भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान द्वारा सैनिक विद्यालय खोलने हेतु किये गये आवेदन पर स्वीकृति का आग्रह किया, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्रीगंगानगर सांसद निहालचंद मेघवाल, जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राजपूत सभा भवन के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई सहित प्रतिनिधिमंडल उपस्थित रहा।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**तीये की बैठक**



मेरे पुत्र
**पुष्पेन्द्र सैनी**
का असमायिक निधन दिनांक 22.6.22 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 24.6.22 को शाम 5 से 6 बजे तक थाना शास्त्री नगर सर्किल के पार्क में रखी गई है।
**शोकाकुल**: गजानंद- नीता (पिता-माता) रेखा (पत्नी) बनवारी- सन्तोष, राजेश- गायत्री (ताऊ- ताईजी) स्व. मोहन- ऊषा (चाचा- चाचीजी) भास्कर (भाई) दिनेश- सोनू मनोज (बहन-बहनोई) मायरा (पुत्री) बिहारीलाल धुपिया, मुकेश धुपिया (मामाजी) एवं समस्त इंदोरिया परिवार।
8955341731, 8955377979

# पट्टे बांटने में फिसड्डी रही गहलोत सरकार 15 जुलाई से वार्ड वाइज कैंप लगाएगी

## निकायों की सुस्ती से 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान में 10 लाख पट्टे देने का लक्ष्य दूर

- **कलेक्टर्स करेंगे पट्टा वितरण अभियान की मॉनिटरिंग, नियमन कैंप में बड़े अफसरों की मौजूदगी अनिवार्य**
- **जेडीए ने एक लाख के लक्ष्य में से 42415 पट्टे बांटे, जबकि जयपुर हैरिटेज निगम ने मात्र तीन हजार और ग्रेटर निगम सिर्फ 1500 पट्टे बांट पाया**

**जयपुर।** 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान में 10 लाख लोगों को उनके भूखंड़ों के पट्टे देने में फिसड्डी रही गहलोत सरकार अब 15 जुलाई से वार्ड वाइज कैंप लगाएगी। रियायतों का पिटारा खोलने के बावजूद प्रदेशभर में अभी तक मात्र 3.36 लाख पट्टे ही बांटे जा सके हैं। ऐसे में सरकार इस अभियान को मार्च 2023 तक पहले ही बढ़ा चुकी है।

गुरूवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने अफसरों पर नाराजगी जताते हुए पूरी तैयारियों के साथ दुबारा कैंप लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि कैंप में ही प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करो और तुरंत पट्टे दो। निकायों के अफसरों की नाकामी सामने आने के बाद अब वार्ड वाइज लगने वाले नियमन कैंपों की मॉनिटरिंग कलेक्टर्स को सौंपी है। शिविर के दौरान अति. जिला मजिस्ट्रेट, सिटी मजिस्ट्रेट, तहसीलदार समेत तमाम उच्चाधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य की है। यह कैंप वार्ड के सामुदायिक कैंद्रों में लगेंगे। पट्टा वितरण अभियान को सफल बनाने के लिए सांसद-विधायकों के साथ-साथ पार्षदों का सहयोग भी लिया जायेगा। इससे पहले निकायों के भीतर पार्षदों को ट्रेनिंग और राज्य सरकार की ओर से दी गई छूट की जानकारी दी जायेगी, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को पट्टे दिलाने में मदद कर सके। यूडीएच प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा का दावा है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में अभी तक 3 लाख 36 हजार 61 पट्टे बांटे जा चुके है।

मुख्यमंत्री की इस बैठक में मुख्य सचिव ऊषा शर्मा, यूडीएच सलाहकार जी.एस.संधु, प्रमुख सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, जयपुर जेडीए कमिश्नर रवि जैन, स्वायत्त शासन सचिव डॉ. जोगाराम, स्वायत्त शासन निदेशक ह्रदयेश शर्मा और जयपुर के निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी और अवधेश मीणा समेत कई बड़े अफसर मौजूद रहे।

सूत्रों की मानें तो प्रशासन शहरों के संग अभियान का दूसरा चरण चल रहा है, लेकिन राजधानी जयपुर में ही हालात सख्ता है। सरकार ने राजधानी जयपुर में डेढ़ लाख पट्टे बांटने का टारगेट दिया था, लेकिन अभी तक 50 हजार पट्टे भी नहीं बांट पाए है। जेडीए ने जरूर 42 हजार से ज्यादा पट्टे बांटे हैं, लेकिन शहर के ग्रेटर व हैरिटेज निगम पट्टे बांटने में काफी पीछे है। प्रशासन शहरों के संग अभियान से लोगों को अपने आशियाने के पट्टे की आस जगी, लेकिन लोगों की उम्मीद अभी अधूरी ही है। सरकार ने अभियान का प्रचार-प्रसार भी जोर-शोर से किया, लेकिन अभियान धरातल पर पूरी तरह नहीं उतर पा रहा है। जेडीए की तो टारगेट एक लाख पट्टे बांटने का मिला है, जिसमें से मात्र 42415 पट्टे बंट पाए है।

दूसरी तरफ जयपुर हैरिटेज नगर निगम ने 25 हजार के लक्ष्य की एवज में मात्र 3 हजार पट्टे दिये है। अभियान के दूसरे चरण को डेढ़ माह से ज्यादा वक्त बीत चुका, लेकिन सिर्फ 484 पट्टे बांटे गए। इस चरण में आदर्श नगर जोन क्षेत्र में लोगों को एक भी पट्टा नहीं मिला, जबकि सिविल लाइंस जोन क्षेत्र में सिर्फ 2 और किशनपोल क्षेत्र में 13 पट्टे बंटे। हालांकि हवामहल-आमेर जोन क्षेत्र में डेढ़ माह में 354 पट्टे बांटे गए, जबकि हैरिटेज निगम मुख्यालय में सिर्फ 115 पट्टे बांटे है।

दूसरी तरफ जयपुर ग्रेटर नगर निगम 25 हजार पट्टे के लक्ष्य में से मात्र 1500 पट्टे ही बांट सका है। निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते लोग पट्टे के लिए निगम कार्यालयों के चक्कर काट रहे है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही।

## एयरपोर्ट पर 18 लाख रुपये का सोना पकड़ा

**जयपुर (कासं)।** कस्टम विभाग की टीम ने गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी का खुलासा किया है। ओमान की राजधानी मस्कट से आई फ्लाइट में यात्री के पास मीट ग्राइंडर मशीन में 18 लाख का सोना मिला है।

असिस्टेंट कमिश्नर भारत भूषण ने बताया कि सलाम एयरवेज की फ्लाइट से आए गए पैसेंजर के जब डॉक्युमेंट चैक किए तो सामने आया कि तीन महीने पहले ही वह दुबई गया था, अब दोबारा इंडिया आया। यात्री से जब पूछताछ की तो बताया कि वह दुबई के एक होटल में वेटर का काम करता है और किसी काम से वापस इंडिया आया है। शक होने पर जब लगेज की एक्स-रे से स्कैनिंग की तो ट्रॉली बैग में एक बॉक्स मिला। इसमें मीट ग्राइंडर छिपा कर रखा था।

इसी में से कस्टम विभाग ने करीब 346 ग्राम गोल्ड निकाला। पॉलिथीन में बंद डिब्बे को जब खोला तो उसमें मीट ग्राइंडर निकला। इसको जब मशीन से काटकर एक-एक उपकरण खोले गए तो उसमें से एक जगह सिलेंडर की शेप में गोल्ड बार मिली। इस गोल्ड बार का वजन 346.30 ग्राम निकला। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि इसकी मार्केट वैल्यू 18 लाख 6 हजार रुपए के करीब है।

## निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी ने किया करदाता का सम्मान



ग्रेटर नगर निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी ने स्वयं 88 लाख रु. का टैक्स जमा करवाने वाले करदाता विनोद गोयल को सम्मानित किया।

**जयपुर (कासं)।** नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) समय पर जमा कराने वाले करदाताओं का ग्रेटर निगम प्रशासन सम्मान करेगा। ग्रेटर निगम को करीब 88 लाख रुपए यूडी टैक्स के चुकाने वाले व्यवसायी को आयुक्त महेन्द्र सोनी ने गुरुवार को मुख्यालय स्थित अपने दफ्तर में बुलाकर सम्मानित किया।

मुरलीपुरा जोन के सीकर रोड निवासी विनोद गोयल ने यूडी टैक्स का चैक निगम कमिश्नर को सौंपा। उन्होंने अपनी दो प्रोपर्टियों का यूडी टैक्स क्रमशः 24.66 लाख और 5.40 लाख रुपये के चैक दिये। आयुक्त महेन्द्र सोनी ने करदाता का स्वागत करते हुए बताया कि इस संस्थान की ओर से पहले भी 58 लाख रुपए का टैक्स जमा कराया था। एक ही संस्थान ने अब तक करीब 88 लाख का यूडी टैक्स जमा कराया है, जो कि काबिले तारीफ है। कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जयपुर शहर के विकास के लिए करदाता स्वयं आगे आकर निगम को यूडी टैक्स जरूर जमा करवाएं, ताकि शहर में विभिन्न विकास कार्य करवा सकें।

## ग्रेटर निगम ने 10 दिन में हटाये 5500 से ज्यादा अवैध पोस्टर-बैनर व होर्डिंग

**जयपुर, (का.सं.)।** नगर निगम ग्रेटर की ओर से 13 जून से चलाये जा रहे अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर के विरूद्ध महाअभियान के तहत अब तक महज 10 दिन में साढ़े पांच हजार से भी अधिक अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार से हटाये जा चुके है।

गुरूवार को झाटवाड़ा एवं सांगानेर जोन में कार्यवाहियां की गई। जिसमें से सांगानेर जोन में 85 से अधिक साईटों पर अवैध पोस्टर, बैनर, होर्डिंग हटाये गये। इसके अतिरिक्त झोटवाड़ा जोन से 140 स्थानों से अवैध पोस्टर, बैनर, होर्डिंग हटाये गये।

गौरतलब है कि आयुक्त महेन्द्र सोनी के निर्देश पर ग्रेटर के समस्त जोनों में स्वीकृत होर्डिंग, विज्ञापन साईटों के अतिरिक्त अवैध रूप से लगे हुए होर्डिंग, पोस्टर बैनर को हटाने के लिये 13 जून से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत समस्त जोन उपायुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं जोन के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक की संयुक्त टीम गठित कर अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाये जा रहे है।

शुक्रवार को मानसरोवर एवं विद्याधर नगर जोन में कार्यवाही की जायेगी। सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सम्पूर्ण जोन क्षेत्र को अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर से मक्त किया जाना सुनिश्चित करें। 9 जुलाई 2022 तक यह अभियान चलाया जायेगा। 9 जुलाई 2022 के पश्चात जोन क्षेत्र में सड़क, फुटपाथ व सार्वजनिक स्थलों पर कोई भी अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर पाये जाने पर जोन प्रभारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।




## आमरण अनशन से विरोध जताएंगे रिटायर कार्मिक

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कार्मिकों ने रिकवर की गई मुआवजा राशि वापस दिए जाने की मांग को लेकर धरनारत कार्मिक अब आमरण अनशन करेंगे। राजस्थान विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन ने 29 जून के बाद अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू करने का निर्णय लिया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों से रिकवर की गई राशि को लौटाने की मांग को लेकर 30 मई से धरना दिया जा रहा है लेकिन विवि प्रशासन ने अब तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की है। मृतक कार्मिक के परिजनों को भी अब तक कोई मुआवजा नहीं दिया है, ऐसे में कार्मिकों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। विवि प्रशासन ने यदि एक सप्ताह में उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो कार्मिक 29 जून से आमरण अनशन की शुरुआत करेंगे।

## मौज-मस्ती के लिए वाहन चुराने वाले दो गिरफ्तार

- **अरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की**

**जयपुर (कासं)।** विश्वकर्मा थाना पुलिस ने वाहन चोरी का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की हैं। पुलिस पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटा रही हैं। डीसीपी (पश्चिम) ऋचा तोमर ने बताया कि जिले में चोरी, नकबजनी, मोबाइल छीनने की वारदातों को रोकने के लिए थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए थे। इस पर एडिशन डीसीपी रामसिंह, एसीपी राजेन्द्र सिंह निर्वाण, थानाधिकारी रमेश सैनी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद दो बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शिवराज सैनी मण्डावरी दौसा हाल विश्वकर्मा और रिंकू सैनी सूरतपुरा मण्डावरी दौसा का रहने वाला हैं।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में परिवादी कार्तिक सिंह शेखावत ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि उसने 15 जून को बाइक करणी विहार कॉलोनी रोड नम्बर 17 पर खड़ी की थी। कुछ देर बाद उसने देखा तो वह गायब थी। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास सीसीटीवी फुटेज चैक कर संदिग्धों की तलाश की। लगातार प्रयास करने के बाद एक बाइक बिना नम्बर की दिखाई दी। पुलिस ने उसके इंजन नम्बर और चैचिस नम्बर चैक किए तो वह चोरी की पाई गई। पुलिस ने बाइक को उसी स्थिति में छोड़कर निगरानी शुरु की। तभी दो व्यक्ति बाइक के पास आए और उसे ले जाने लगे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस पूछताछ के बाद शिवराज सैनी और रिंकू सैनी को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-समाचार

### चेतना बस्ती के 200 परिवार शिफ्ट

**जयपुर (कासं)।** जेडीए और हैरिटेज नगर निगम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चेतना कच्ची बस्ती के 200 परिवारों को शिफ्ट कर दिया है। इन परिवारों को जयसिंहपुरा स्थित बीएसयूपी आवासों में पुनर्वासित किया गया है। जेडीए आयुक्त रवि जैन ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर जोन-10 के पत्र द्वारा सर्वे टीम का गठन कर उपायुक्त आदर्श नगर जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज को चेतन कच्ची बस्ती में शेष रहे परिवारों का सर्वे एवं भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिए गए। नगर निगम की सर्वे सूची में शेष रहे परिवारों का भौतिक सत्यापन कर सर्वे प्रपत्र तैयार कर प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार 200 कब्जेधारियों को पुर्नवास किये जाने के लिए पात्र माना गया है। उन्होंने बताया कि जेडीए की ओर से हाईकोर्ट की पालना में जोन-10 के क्षेत्राधिकार में स्थित बीएसयुपी योजना जयसिंहपुरा खोर में चेतन बस्ती (मेन्टल हॉस्पिटल) के 200 कब्जेधारियों, सर्वेधारियों को निर्मित आवासों का आवंटन कर पुर्नवासित किया गया।

### जेडीए ने खुर्द-बुर्द की अवैध कॉलोनियां

**जयपुर (कासं)।** जेडीए प्रवर्तन दस्ते ने इकोलॉजिकल जोन में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। जोन 10 के ईकोलॉजिकल क्षेत्र में पुरानी चुंगी के पास करीब 8 बीघा कृषि भूमि पर "ग्रीन वैली" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। यहां 8 विलाज भी बना लिए गए, जेडीए दस्ते ने इन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। वहीं कॉलोनी में बनाई गई ग्रेवल रोड व अन्य निर्माणों पर भी बुलडोजर चलाया। जेडीए मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-10 ईकोलॉजिकल क्षेत्र में पुरानी चुंगी के पास, आगरा रोड़ पर लुनियावास में विगत दिवसों में रातोंरात मौका पाकर करीब 8 बीघा कृषि भूमि पर "ठीन वैली" के नाम से बिना भू-रूपांतरण कराये, ठोवल सड़क डालकर व्यावसायिक उपयोग के लिए 8 विलाज का निर्माण किया जा रहा था, बाउंड्रीवाल पिल्लर खड़े कर ढाँचेनुमा निर्माण व अन्य अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी, इसकी सूचना मिलने पर जेसीबी की सहायता से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई।

### सेंट्रल पार्क में किया योगाभ्यास

**जयपुर, (का.सं.)।** गुरुकुल योग संस्थान की ओर से सेंट्रल पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग गुरु महेंद्र सिंह राव ने योग के महत्व को बताते हुए योगिक क्रियाएं करवाई। कार्यक्रम में सैकड़ों योग साधकों ने योग किया। बच्चों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कर सबका मन मोहा। कार्यक्रम के शुरुवात में गुरुकुल योग संस्थान के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता ने आगंतुकों का स्वागत किया। गुरुकुल योग संस्थान के मुख्य संरक्षक राजू मंगोडीवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के योग शिविर हम लगा रहें है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप सचिव गौरव बाजेड ने कहा की हमे स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग करना चहिए। कार्यक्रम मै रवि नैय्यर, अखिल शुक्ला, डीपी अग्रवाल, जंयती दीदी, मौजूद रहे।

### साढ़े 6 लाख की विदेशी सिगरेट पकड़ी

**जयपुर ।** सांगानेर एयरपोर्ट पर कस्टम टीम की कार्रवाई के भय से एक युवक साढ़े 6 लाख की सिगरेट छोड़ गया। एयरपोर्ट पर पहुंचने पर जब कस्टम विभाग को चैकिंग करते हुए देखा तो युवक ट्रॉली बैग छोड़कर भाग निकला। इसमें कोरियन सिगरेट पाइन मिली, जिसे सीज किया गया। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को एयर अरेबिया की उडान संख्या 9436 से आने वाले एक यात्री के दो सूटकेस संदिग्ध लगे। इसकी स्कैनर से जांच की गई तो कुछ साफ नहीं दिखाई दिया। इसे खोल तलाशी लेना शुरू किया तो दिल्ली निवासी युवक बैग छोड़ भाग गया। 47 हजार 200 सिगरेट की बाजार कीमत लगभग साढे 6 लाख रु. बताई जा रही है।

### निजी अस्पताल में महिला से छेड़छाड़

**जयपुर (कासं)।** भांकरोटा इलाके के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती महिला मरीज से कंपाउंडर के द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। भांकरोटा पुलिस ने पीड़िता के पति की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस ने ने बताया कि धावास भांकरोटा निवासी 30 साल की महिला से छेड़छाड़ की शिकायत आई है। महिला के पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी के प्रेग्नेंट होने पर डिलीवरी के लिए भांकरोटा इलाके में स्थित आयुष हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हॉस्पिटल के प्राइवेट रूम में उसको भर्ती कराया गया। आरोप है कि बुधवार दोपहर चेकिंग के बहाने कंपाउंडर रूम में आया। कंपाउंडर ने पीड़िता के हाथ में नशे का इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाने से बेहोश की हालत में होने पर उसके साथ अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ की। बेहोशी की हालत में होने के कारण पीड़िता उसका विरोध नहीं कर पा रही थी। शाम को पति के आने पर पीड़िता ने आरोपी कंपाउंडर के द्वारा छेड़छाड़ की आपबीती सुनाई। जिस पर उसके पति ने थाने में मामला दर्ज कराया।

### 7 एक्सईएन को कारण बताओ नोटिस

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला कलक्टर राजन विशाल ने जल जीवन मिशन में क्रियाशील कनेक्शनों की संख्या अत्यधिक कम होने के कारण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 7 अधिशाषी अभियंताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किये है। जिला कलक्टर ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम व द्वितीय, अधिशाषी अभियंता खण्ड शाहपुरा, अधिशाषी अभियंता जिला ग्रामीण खण्ड-तृतीय दूदू, अधिशाषी अभियंता परियोजना खण्ड निवाई जयपुर, अधिशाषी अभियंता परियोजना खण्ड बस्सी सहित अधिशाषी अभियंता परियोजना खण्ड सांभर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

### राग-खमाज गीतों का कार्यक्रम आज

**जयपुर ।** शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से 24 जून से संस्थान परिसर में ही दो दिवसीय संगीत समारोह का आगाज होगा। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि समारोह के पहले दिन शुक्रवार को शाम 4.30 बजे राग-अनुराग कार्यक्रम में संस्थान के अनेक स्टूडेंट्स शास्त्रीय संगीत के राग-खमाज आधारित रिकॉर्डेड व अन-रिकॉर्डेड गीतों की माला पिरोएंगे। फिर 25 जून को शाम शाम 4.30 बजे गजल संध्या होगी। इसमें देश के मशहूर शाइरों के कलामों का सुरमयी गुलदस्ता सजाया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर राहुल बन महिला का देह शोषण करने वाला आरोपित वसीम खान गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर राहुल बन महिला से देह शोषण करने वाले आरोपित वसीम खान को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया आरोपित वसीम खान (28) गांव किठौर जिला मेरठ (यूपी) को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने सोशल मीडिया पर राहुल गोयल से आईडी बनाकर इलाके निवासी 34 वर्षीय महिला को अपने प्रेम जाल में फांसा था,फिर शादी का झांसा देकर करीब ढाई साल तक देह शोषण किया था। आरोपी के धर्म का पता चलने पर पीड़िता ने आपत्ति जताई तो आरोपित वसीम खान उसे जबरन अपने गांव ले गया।

जहां रात में उसके भाई नसीम ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर वहां से जयपुर भाग आई और थाने में मामला दर्ज करवाया। इसके बाद पुलिस ने दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया।

## बदहाल नाला सफाई से नाराज महापौर मुनेश गुर्जर ने अधिशाषी अभियंता मधुसूदन गैना को एपीओ किया

**जयपुर (कासं)।** परकोटा क्षेत्र में नालों की सफाई से नाखुश हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने गुरूवार को कमिश्नर अवधेश मीणा के साथ अधिकारियों की बैठक ली। जहां उन्होंने इंजीनियर्स को जमकर लताड़ लगाई। बैठक में मौजूद एक्सईएन मधुसूदन गैना से मेयर इतनी खफा दिखी कि उन्हें भरी बैठक में एपीओ करने के निर्देश दे दिए।

दरअसल बुधवार को महापौर मुनेश गुर्जर और कमिश्नर अवधेश मीणा ने शहर का औचक निरीक्षण करके नालों की सफाई जांची थी। इस दौरान उन्हें कई नालों में गंदगी दिखी। कुछ जगहों पर लोग बिना किसी सुरक्षा इंतजाम सफाई करते दिखे। इस पर गुरूवार को उन्होंने बैठक बुलाई और कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सभी जोन उपायुक्तों और एक्सईएन को निर्देश दिए कि वे रोज सुबह फील्ड में एक-एक पोइंट्स पर जाएंगे और वहां के नालों व कचरा डिपो की सफाई करवाकर, लोकेशन और फोटो शेयर करेंगे। मेयर मुनेश गुर्जर ने बताया कि बैठक में सभी एक्सईएन के अलावा उद्यान उपायुक्त को निर्देश दिए है कि उनके एरिया में जितने भी पार्क या स्ट्रीट लाइट के वायर बॉक्स जो खुले पड़े है, उन्हें पैक करवाने की व्यवस्था करें। जिससे बारिश के दौरान कहीं करंट न फैले और किसी तरह की जनहानि न हो। उन्होंने पानी भरने वाली जगहों को भी चिह्नित करके वहां पानी निकासी के इंतजाम करने और तुरंत मदद के लिए टीम और संसाधन तैयार रखने को कहा।



मेयर मुनेश गुर्जर व कमिश्नर अवधेश मीणा ने अफसरों की बैठक ली।

## बिल्डर ने खुद की 2 अवैध बिल्डिंगों पर बुलडोजर चलवाकर तुड़वाये 44 फ्लैट

### जेडीए की बिना अनुमति निर्माण करने पर सीज की गई थी दोनों इमारतें

**जयपुर ।** जेडीए की बिना अनुमति मल्टी स्टोरी फ्लैट्स के लिए बिल्डिंग बनाना अब बिल्डरों को भारी पड़ रहा है। करीब 2 साल से सील पड़ी चार मंजिला बिल्डिंग पर गुरूवार को खुद बिल्डर ने ही बुल्डोजर चलवा दिया। बिल्डिंग में 30 फ्लैट्स बने थे। इसी तरह एक और जगह पर बनी 14 फ्लैट्स वाली 3 मंजिला बिल्डिंग को भी बिल्डर ने खुद ही ध्वस्त करवा दिया। इस कार्रवाई के लिए बिल्डरों को पोकलेन और जेसीबी मशीन को क्रेन के जरिए छत तक पहुंचाना पड़ा।

जेडीए के मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया कि पृथ्वीराज नगर नॉर्थ स्थित हनुमान वाटिका-ए कॉलोनी में प्लॉट नं. 46 की 441 वर्गगज भूमि पर बिल्डर ने जेडीए से बिना अनुमति व नक्शा अप्रूव्ड करवाये 4 मंजिला इमारत बनाकर उसमें 14 फ्लैट्स बना दिए थे। इन फ्लैट्स को जेडीए ने 1 जुलाई 2019 नोटिस जारी करने के बाद सील कर दिया था। अगस्त 2020 को बिल्डर ने अवैध निर्माण हटाने की बात करते हुए बिल्डिंग की सील को खुलवा लिया, लेकिन अवैध निर्माण नहीं हटाया, जिसके 45 दिन बाद बिल्डिंग को दुबारा सील कर दिया। इसके बाद कोर्ट में याचिका दायर कर जेडीए ने कार्रवाई की अनुमति मांगी और जून के दूसरे सप्ताह में कार्रवाई की योजना बनाई, लेकिन बिल्डर ने अपने स्तर पर कार्रवाई की बात कहते हुए जेसीबी और पोकलेन मशीन से पूरी बिल्डिंग को गुरूवार को ध्वस्त करवा दिया। इसी तरह पीआरएन साउथ में वृन्दावन कॉलोनी के प्लाट नं. 98, 99 और 82, 83, 84 को मिलाकर करीब 1086 वर्गगज जमीन पर बिना सैटबैक छोड़े और जेडीए की अनुमति लिए बिना 4 मंजिला बिल्डिंग बनाई गई थी। इस बिल्डिंग में 30 फ्लैट्स बनाये गये थे, जिन्हें जेडीए ने सितम्बर 2020 में सील किया था। इस बिल्डिंग को भी बिल्डर ने अपने खर्चे पर तुडवाया।



## विदेश भेजने के नाम पर 20 लाख रु. की ठगी

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर से विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में वैशाली नगर निवासी पीडित जगदीश प्रसाद की ओर से एफआईआर दर्ज की है। जगदीश के एक बेटे को विदेश भेजने के नाम पर ठगों ने करीब 20 लाख रुपए मांगे थे, 17 लाख रुपए दिए जा चुके थे। वैशाली नगर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करती, इससे पहले ही हरियाणा पुलिस उसे उठा ले गई।

पुलिस ने बताया कि मूल रुप से सीकर निवासी जगदीश प्रसाद कटारिया ने फ्रॉड का केस दर्ज कराया है। जगदीश ने पुलिस को बताया कि अंकित और प्रवीण नाम के दो बेटे है। अंकित को दोस्त किसी सुनील को जानता है,जिसने वैशाली नगर में ऑफिस खोल रखा है और लोगों को कनाडा भेजने का काम करता है। जगदीश ने अपने छोटे बेटे को कनाडा भेजने की बात की तो सुनील ने उनसे 20 लाख रुपए मांगे। पीडित ने पुलिस को बताया कि साल 2020 दिसम्बर में बात हुई थी। उसके बाद कभी कैश और कभी चैक के जरिए करीब 17 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। कभी कोरोना तो कभी अन्य कारणों से कनाडा की उडान नहीं होने के बारे सुनील, पीडित पक्ष को टालता रहा। पता चला कि कुछ दिन पहले सुनील को हरियाणा पुलिस उठा ले गई।

इस बीच पीडित पक्ष ने सुनील की पत्नी से अपने रुपये और पासपोर्ट मांगा तो सुनील की पत्नी ने धमका दिया। उसने धमकी दी कि रुपए तो अब नहीं मिल सकते। जहां शिकायत करनी है, कर दो। हमारी पहुंच ऊपर तक है। पीड़ित जगदीश ने पुलिस को बताया कि सुनील इसी तरह से कई अन्य लोगों के भी रुपए ले चुका है।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**जयपुर (कासं)।** विश्वकर्मा इलाके में हाईवे पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। पुलिस ने कावंटिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। ट्रक चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि हादसे में दौलतपुरा हरमाड़ा निवासी अनुराधा प्रजापत (25) पत्नी रोशनलाल प्रजापत की मौत हो गई। अनुराधा कपड़ा सलाई का काम करती थी। गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे वह स्कूटी से नींदड़ मोड से रोड नंबर-14 की ओर जा रही थी। इसी दौरान हाईवे पर 14 नंबर पुलिया के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी सहित अनुराधा रोड पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने गंभीर हालत में अनुराधा को एम्बुलेंस की मदद से कावंटिया हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## World's Deepest Cave

With a record depth of 2,212 meters (7,257 feet), the Verëvkina (Veryovkina) cave is the deepest cave measured thus far in the world. It is located in the Arabika Massif in Abkhazia. Verëvkina was first discovered in 1968 by Soviet speleologists who only explored a section 115 meters deep (377 feet). In 1983, an expedition led by Oleg Parfenov climbed down a well that led the researchers to a new branch of the cave where they recorded a depth of 440 meters (1,443 feet).



#APPLICATION

# Audiobook Month

Listen to your favourite book or discover new ones in audio format during Audiobook Month. Try taking walks, doing chores or just lying back and listening.



Who doesn't love cosying down with a good book now and then? It's a great way to pass the time and can take you on wonderful adventures in other worlds or recount amazing lives of people in this one. Even better, there's little that helps one drift off to sleep as easy as a good book, though the peril exists of being caught up in 'just one more chapter' mode. The problem is, you can't read while you're driving or when it's completely dark, can you? What if you could? Audiobook Month celebrates the invention that made this all possible!

### How to Celebrate

Celebrating Audiobook Month is simple, find your favourite book in an audio format and try listening to it on your way to work. You can listen to it while you're in the shower or laying in bed; or even riding the bus or driving in the morning.

If you are looking for the best audiobook apps for Android and iPhone, then we have got you covered with this list of free audiobook apps and paid audiobook apps with subscriptions that you can choose from.

### Audible – Listening is the New Reading

With over 200,000 English and Hindi audiobooks and original titles, including 400 titles by Indian authors, Audible is one of the top-rated audiobook apps. It has the biggest library of audiobooks which includes different genres; classic, fiction, non-fiction, technology, politics, fashion, health & wellness, romance among others.

### Spotify - Free Music/ Audiobooks for Everyone

If you are looking for the best free audiobook app, then Spotify is a great choice.

Spotify is a Sweden-based music streaming platform that also offers its users a good selection of audiobooks. The audiobook app is available for all Android and iOS devices. Its a library of books including biography, popular fiction and non-fiction; storybooks for kids, sci-fi fantasy etc. The wide collection of audiobooks cater to the needs of all age groups; kids, teenagers, young adults, etc.

### Audiobooks

While the library of this cloud-based platform is not as extensive as Audible, the Audiobooks app does however have an impressive catalogue of 175,000+ premium titles. The different genres it offers include bestseller fiction & non-fiction, business & economics, classic literature, award-winning drama & comedy, mystery, thriller & horror, foreign language titles and much much more.

### Google Play Books

As a cross-platform application, Google Play Books has over a million bestselling ebooks, comics, textbooks, and audiobooks. It offers a free preview of audiobooks before you purchase them. It allows you to easily move audiobooks across devices; smartphones, e-readers, desktops and tablets.

### LibriVox - Free Public Domain Audiobooks

One of the best free audiobook apps out there in the market LibriVox is a good choice for beginners who want to try out audiobooks before subscribing to a premium plan. Librivox is a non-commercial, non-profit and ad-free project, wherein volunteers from all over the globe contribute recordings, in different languages to the public domain.

### Hoopla Digital

As a digital media service, Hoopla allows you to borrow audiobooks, movies, eBooks music etc. which you can then watch on your mobile devices, desktop PC, tablet or TV. It has a huge collection of hundreds of thousands of titles that you can browse through and choose from. It allows you to stream digital content or you can download and watch it offline at leisure.

### Serial Box


This is another best app for audiobooks that is free to download and browse. With Serial Box, you get both the audiobook & eBook for one price, which you can listen to or read on your phone, tablet or laptop. What's more, you can also switch back & forth with a click-of-the-button with their Flow Reader feature.

### Amazon Kindle Books with Audible

Now you can seamlessly switch from reading ebooks to listening to audiobooks with the Amazon Kindle app. If you already own a Kindle e-reader, then all you need to do is update your Kindle ebook with an Audible audiobook.

### eStories

With over 120,000 audiobook titles, eStories is the best audiobooks app that can be easily downloaded for Android or iPhone devices. Its vast catalogue includes fiction and non-fiction audiobooks as well as mystery & thrillers, history, young adult books, NYT bestsellers, latest releases and more.



The fiercest of the critics of this 'special project' have stated this building will at first not only provide a precedent for builders to raise the height of building projects right across JLN Marg right upto Jawahar Circle. Thus, completely eroding the character of the landscape of one of the city's most beautiful roads which is adorned by the huge parks, open green spaces and well planned colonies on both sides. And secondly, and more importantly, the tall phallic structure will stick out in the back ground of every 'postcard photo' of Albert Hall Museum clicked by hundreds and thousands of tourists that visit the heritage site.

*The new medical IPD tower being built at SMS Hospital is stated to be the tallest building in the city; as per the government owned press release. The upward-thursting building is purported to reach a peak of 130 meter and would cost 588 core to the state exchequer. But how it would affect the visual appeal and heritage of Albert Hall Museum remains unanswered.*



Albert Hall (Photo by Zakir Husain)

# Albert Hall Won't Have A Sky Line Soon! (...3)

#HERITAGE



Yadvendra Sharma
*Arbit Correspondent*

The other clock Towers built around the town have their own special stories. They were built even after the Jaipur Raj was abolished and no king commissioned any such projects.

### Clock towers built Post Independence

The other clock towers mentioned in Anjali's research were built post independence. And these include the clock tower at Raja Ramdeo Poddar School, which is a government school commissioned by Dr Ramnath Anandilal Podar (member of the Podar family of Jaipur) in the 1950s, in memory of his father Raja Ramdeo Podar (May 2, 1896 - December 24, 1952).

According to Anjali, two months after Raja Ramdeo Podar passed away, the foundation stone of this building was laid by Morarji Desai on February 6, 1953. The school was then inaugurated 10 years later on March 13, 1963.

### Ram Mandir Ghanta Ghar

The Ghanta Ghar near Ram Mandir, at Bani Park, was built in 1973. It was commissioned by the Podar family of Jaipur and is still owned by Kamla Podar and her son Abhishek Podar, decedents of the same family.

The Ghanta Ghar was built to summon people for the daily *aarti* that takes place for half an hour at 6:30 am and 7:30 pm. This function was achieved through the installation of not only a tower bell but also an automaton to ring it. The gong of the Ghanta Ghar is supposed to act as an alarm for *aarti*, but it isn't rung mechanically, the arrival of sophisticated electronics in the 1970s allowed the summoning to happen at the simple switch of a button.

### The Clock Tower at Jhulelal Mandir

The Jhulelal Mandir represents a new chapter in the post-partition history of Jaipur. The Jhulelal Temple is a grand marble temple that sits at the heart of Kanwar Nagar. According to Anjali, the area was a swamp that was transformed into a residential colony in 1948, to provide accommodation for the Sindhi-Hindu refugee population migrating from across the border. Anjali states in her findings that the Ghanta Ghar was built as a memorial to the members of the Moolrajani family, who had commissioned the building of the majestic tower. The tower was inaugurated on March 27, 2006. The Moolrajani family are more popularly known as 'the Rochees family' of Jaipur, as Rochiram Moolrajani. The patriarch of the family, was the founder of the clock and watch making business.



The Ghanta Ghar at Ram Mandir, Bani Park, is located towards the left within the temple courtyard.

### Why we need Conservators

While Anjali knew that starting a new research project has its challenges and she might face a few hurdles getting clearances to click photos and access old public documents for these clock towers; but, what she could not have counted on was the lack of apathy and respect government departments dole out for these monuments.

"At a very early stage during my research, a friend had warmed me that I must get a 'No Objection Certificate' (NOC) from the state archaeology department if I wanted to click photos or go inside the clock rooms... It is a routine exercise... But I was surprised to know that neither the Clock Tower at SMS hospital (the oldest in the city) nor the clock tower at Yadgar and Ajmeri Gatewere were protected by the Archaeological department of the state," says Anjali.

"When I wanted go inside and click photos of the clock room at Edward Memorial Clock Tower, I encountered a new problem. The Traffic Police department asked me to get permission from the Jaipur Heritage Municipal Corporation. The municipal officers told me that they are not responsible for the tower and that I should speak to the Public Works Department (PWD). When I spoke to the PWD department, they said I must take the permission from the Traffic police department... It was like the government didn't know who was responsible for giving me permission to enter the clock tower... It is perhaps because of this reason that the clock tower is in a state of complete mess."

> The clock towers of Jaipur are not only part of its beautiful landscape, as these majestic time pieces tell us important stories of our past and of our kings. These clock towers are a part of architectural and visible heritage as is the walled city; and like Anjali says there aren't many examples like these in India.

When Anjali wanted to get permission to click photos inside the clock room of the tower at SMS hospital, the same problems ensued. Getting clearances took so long that she had to decide not to click photos of clock room of Mahila Chikitsalaya clock tower altogether. "They (authorities) would ask me to take permission from PWD department... then write another letter to Principal Medical Health... then to some other person.... I must have written over a dozen letters to different people, but I still couldn't get the permission. During all this time Covid numbers had sky rocketed and I needed to head back home to Mumbai. Hence, the photographs could not be further pursued," she says.

### The State is The Problem

If one was to look at the condition of all the other clock towers in Jaipur, i.e. besides the one at Mahila Chikitsalaya, Yadgar and Ajmeri Gate -- they are all in relatively better condition. Anjali says that the reason might be that they are all looked after either by private institutions or trusts adding that: "The ones that are in disarray are the ones under government departments and they don't do any maintenance of monuments. The traffic police or the health department can't be held responsible for the upkeep of the towers."

"When I had the opportunity to go inside to clock room of the Mahila Chikitsalaya hospital tower, I noticed that the windows (on all four sides of the room) used to have wooden frames and wooden slats that could be opened and closed to let the light in. But the frames and slats had been removed and were lying on the floor next to the window," says Anjali adding, "they looked like they were the original pieces."

> When I wanted go inside and click photos of the clock room at Edward Memorial Clock Tower, I encountered a new problem. The Traffic Police department asked me to get permission from the Jaipur Heritage Municipal Corporation. The municipal officers told me that they are not responsible for the tower and that I should speak to the Public Works Department (PWD).

Finding original pieces like these and restoring back to its glory is a dream project for a professional conservator. Hence, holding back her excitement she had asked the personnel accompanying her to the clock room that 'why they were kept there?' He replied, "they needed repair and probably the management will get rid of them soon."

"I shrieked at the reply! And said, No please, please give them to someone who is a professional. Don't throw them," said Anjali.

Anjali says that she just hopes that the original equipment, instruments or window frames that she saw in the clock towers have immense value for people who love history and want to preserve it, "But the government departments that are currently responsible for these monuments are supposed to do so."

### Lessons To Be Learned


The clock towers of Jaipur are not only part of its beautiful landscape, as these majestic time pieces tell us important stories of our past and of our kings. These clock towers are a part of architectural and visible heritage as is the walled city; and like Anjali says there aren't many examples like these in India. "However, the clock towers at Yadgar, Ajmeri Gate and Mahila Chikitsalaya opposite Sanganeri Gate are not listed as heritage buildings. And hence not protected by the archaeological department of the state, even they are two of the oldest clock towers in Jaipur," she adds.



The southern dial of the City Palace Ghanta Ghar. All four clock faces have a circular, painted iron frame at the back of which are attached 25 pieces of glass.

Ironically, the state archaeological department is situated just a stone throw away from both the clock towers – inside Albert Hall Museum, another building commissioned by Ram Singh II, but completed by his successor Madho Singh II – along with the entire 'Ram Niwas Scheme'. Although Albert Hall Museum is a Heritage building, but even it's heritage tag hasn't stopped the government from introducing 'development' plans that would completely undermine and uproot heritage appeal.

The new medical IPD tower being built at SMS Hospital – referred to as a 'special project' in official circles – is stated to be the tallest building in the city; as per the government owned press release. But some within and outside the government departments have voiced their concerns about the purported 130 meter tall, 588 core structure; about how it would affect the visual appeal and visual heritage of Albert hall Museum, the landscape and the identity of JLN Marg.



The mechanism of the City Palace Ghanta Ghar showing the three winding drums, one for the time train and one each for the hourly and the quarterly striking trains.

The fiercest of the critics of this 'special project' have stated this building will at first not only provide a precedent for builders to raise the height of building projects across JLN Marg right upto Jawahar Circle. Thus completely eroding the character about the landscape of one of the city's most beautiful road which is adorned by the huge parks, open green spaces and well planned colonies on both sides. And secondly, and more importantly, the tall phallic structure will stick out in the back ground of every post card photo of Albert Hall Museum clicked by hundreds and thousands of tourists that visit the heritage site.

There isn't much information available about the kind of services that will be given at the new IPD tower, but here are some facts to look at. According to the 'Health Dossier 2021' – A report issued by Ministry of Health and National Health Systems Resource Centre (NHSRC) – Rajasthan scores very poorly when it comes to the availability of public healthcare providers (that includes MBBS medical officers, specialists doctors, staff nurses and auxiliary nurses). As per the report there are only 6 healthcare providers per 10,000 people in Rajasthan. As per World Health Organisation (WHO) recomendations there should be a **minimum** of 10 healthcare providers per 10,000 population. On this scale Rajasthan's performance is rated poor not only in comparison to the national average, but a few Africa countries also have a better ratio than us.


The report further states that Rajasthan requires 7165 MBBS Medical officers, whereas it has only 4274; the state also requires 5217 specialists; whereas it has only 1834. How will the new tower tackle these issues needs to be seen.

But here is another fact, Jaipur Development Authority (JDA) which until very recently has been tough on builders for violating height norms; has been working overnight to approve an ever rising ceiling of IPD tower (recently raised from 110 meters to 130 meters); as if its height will be the true measure of the kind of health services that will be provided inside the tower.

But doesn't the tower completely tarnish the visual appeal of Albert Hall Museum? Anjali states that, "it is the duty of the state to protect the city's heritage, its identity and its skyline. But governments often ignore these aspects to further their own 'development projects'. In case of the towers, they are not even considering heritage sites... But looking at what is being done to Albert Hall Museum, it clearly shows that the heritage tag itself is no guarantee that it will be protected. You need an establishment which is sensitive and will enforce laws to protect them."

"If you look at the walled city, the Chandra Mahal inside City Palace, was the tallest building in the city for many decades. Because the ruling establishment had enforced tough building norms," she adds.

### About Anjali Jain



*Anjali had completed her MSc in Conservation from University College London and has worked in the conservation departments at INTACH Mumbai and at the Science Museum, London. After her stint as chief conservator at Maharaja Sawai Man Singh II Museum ended in 2020, Anjali has moved back to her home town - Bombay and has since been associated with Chhatrapati Shivaji Maharaj Vastu Sangrahalaya (Museum). She still takes up professional assignments in Rajasthan, like that of restoring magic lanterns, which are part of Maharani Gayatri Devi trust.*

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com

*(Photos by Anjali Jain)*

#SPACE

# Why Neptune is bluer than Uranus

This is the first model to simultaneously fit observations of reflected sunlight from ultraviolet to near-infrared wavelengths.



Neptune and Uranus are solar system neighbours and they have a lot in common: similar masses, sizes and atmospheric compositions; but Neptune looks distinctly bluer than Uranus. New research led by Professor Patric Irwin at the Department of Physics, University Oxford, suggests that a hazy layer that exists on both the planets is behind the different shades of blue. If it weren't for this haze, both planets would look equally blue.

A team of international researchers used observations from the Hubble Space Telescope, the NASA Infrared Telescope Facility and the Gemini North telescope to describe aerosol layers in the atmospheres of both planets.

"This is the first model to simultaneously fit observations of reflected sunlight from ultraviolet to near-infrared wavelengths. It is also the first to explain the difference in visible colour between Uranus and Neptune," explained Irwin, lead author of the paper published.

The team's model predicts three haze layers at different heights in the atmospheres of Neptune and Uranus. The middle layer of haze particles on Uranus is reportedly thicker than the one on Neptune.


Methane ice condenses on the particles in the middle layer of haze, which forms a shower of methane snow that pulls haze particles deeper into the atmosphere. Once there, the haze particles can promote the condensation of hydrogen sulphide ice, forming a separate deeper layer of haze.

Neptune's atmosphere is more active and turbulent than that of Uranus suggesting that the former is more efficient at churning up gaseous methane into the haze layer where it can condense on the haze particles and produce this snow. This removes more haze and keeps Neptune's haze layer thinner and thereby making Neptune appear bluer. The excess haze on Uranus builds up in the planet and gives it a lighter tone.

The research also indicated the presence of a second deeper layer in the model that when darkened could account for dark spots occasionally visible on Neptune and less often on Uranus. Astronomers were already aware of these dark spots on both planets but they didn't know which haze layer was causing them.





## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# एसडीआरएफ ने 100 फीट गहरे सूखे कुएं से महिला का शव निकाला

## अज्ञात महिला का शव 4 से 5 दिन पुराना एवं पूरी तरह से क्षत-विक्षत बताया

**अजमेर,** (निसं)। पुलिस थाना रूपनगढ़ जिला अजमेर के अन्तर्गत एसडीआरएफ ने 100 फीट गहरे सूखे कुएं से अज्ञात महिला का शव निकाला है। शव 4 से 5 दिन पुराना एवं पूरी तरह से क्षत-विक्षत बताया गया है।

एसडीआरएफ सेनानायक पंकज चौधरी को पुलिस अधीक्षक अजमेर विकास शर्मा से जरिये दूरभाष सूचना मिली कि पुलिस थाना रूपनगढ़ जिला अजमेर के अन्तर्गत 100 फीट गहरे सूखे कुएं में एक महिला का शव है। स्थानीय स्तर, सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम द्वारा काफी प्रयास किये गये किन्तु कुएं की गहराई अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिल पायी है। अतः एक रेस्क्यू टीम भेजने के निर्देश दिये। सूचना पर एसडीआरएफ सेनानायक ने एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम जयपुर को निर्देश दिये कि ई कम्पनी एसडीआरएफ नारेली, अजमेर से एक रेस्क्यू टीम को अविलम्ब रोप रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पर भिजवायें। अनुमति प्राप्त कर एसडीआरएफ राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर ने ई कम्पनी नारेली अजमेर प्रभारी कम्पनी कमाण्डर करणी सिंह को अविलम्ब एक रेस्क्यू टीम आवश्यक राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना करने हेतु बताया। कम्पनी प्रभारी ने हैड कानि. राजेश कुमार के नेतृत्व में 11 जवानों की रेस्क्यू टीम को सांय 06:50 बजे घटनास्थल के लिए रवाना किया। टीम द्वारा रात्रि 8:10 बजे घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा टीम कमाण्डर ने एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि घटनास्थल पुलिस थाना रूपनगढ़ के अन्तर्गत उजोली गांव के समीप 100 फीट गहरा सूखा कुआं है। स्थानीय प्रशासन द्वारा बताया गया कि शव 4 से 5 दिन पुराना है एवं पूरी तरह से क्षत-विक्षत है। सिविल डिफेंस की टीम द्वारा प्रयास किया गया किन्तु कुएं से अत्यधिक बदबू आने के कारण सफलता नहीं मिल पायी। एसडीआरएफ सेनानायक ने टीम कमाण्डर को रोशनी की उचित व्यवस्था में ऑपरेशन को अंजाम देने के निर्देश दिये एवं गणपति महावर डिप्टी कमाण्डेन्ट, प्रियंका वैष्णव सहायक कमाण्डेन्ट तथा ई कम्पनी अजमेर प्रभारी करणी सिंह कम्पनी कमाण्डर को ऑपरेशन के निकटम सुपरवीजन हेतु नियुक्त किया।



रूपनगढ़ : एसडीआरएफ टीम ने स्ट्रेचर पर बांध कर कुएं से महिला के शव को बाहर निकाला।


टीम कमाण्डर के निर्देश पर हैड कानि. शिवराज, रामचरण, सोहनलाल, फूलचन्द, अजय राम, कैलाष, नारायण, रामअवतार, सुरेश कुमार तथा दशरथ ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवान सुरेश कुमार को रोप रेस्क्यू उपकरणों की मदद से कुएं में उतारा। शव 4 से 5 दिन पुराना होने से अत्यधिक बदबू आने के कारण मास्क का उपयोग कर जवान ने कुएं के तल पर पहुंच अज्ञात महिला के शव को स्ट्रेचर पर बांध टीम ने रात्रि 9:45 बजे बाहर निकालकर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों हरेन्द्र उपखंड अधिकारी रूपनगढ, अयूब खान थानाधिकारी रूपनगढ मय जाप्ता एवं स्थानीय नागरिकों को धन्यवाद दिया तथा रेस्क्यू टीम के कार्य की सराहना की।

# 8 किलो सोना व दो किलो चांदी के जेवर चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**राजसमंद,** (निसं)। राजनगर थाना क्षेत्र के इंदिरा कॉलोनी स्थित सूने मकान से करीब 8 किलो सोना, दो किलो चांदी के जेवर एवं नकदी चुराने के आरोप में पिछले एक माह से फरार वांछित आरोपी को राजनगर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया है। मकान से चोरी के आरोप में राजनगर थाना पुलिस द्वारा पूर्व में दो आरोपी चांद मोहम्मद पुत्र हबीब मोहम्मद निवासी इन्द्रा कॉलोनी राजनगर, दीपक गवारिया पुत्र मदनलाल गवारिया निवासी सहकारी समिति के पास किशोर नगर मंडा को गिरफ्तार किया था। जबकि इनका एक साथी पिछले एक माह से फरार चल रहा था।

■ **पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, पूछताछ जारी**

राजनगर थाना अधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि चोरी के मामले में पुलिस ने वांछित चुन्नीलाल पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी भील मगरी जल चक्की कांकरोली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों से चोरी किए गए जेवरातों एवं नकदी के बारे में पूछताछ जारी है। थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि गत 29 मई को प्रार्थी नारूलाल पुत्र बंशीलाल वाल्मिकी निवासी इन्द्रा कोलोनी राजनगर ने थाने में मकान से चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि 28 मई को किसी कार्य से परिवार सहित उदयपुर गए हुए थे। इसी बीच पडौसी द्वारा घर के दरवाजे खुले होने की सूचना मिली। सूचना पर तुरंत घर पहुंचने पर मकान का दरवाजा व खिड़की खुली हुई और मकान के ताले टूटे हुए मिले। मकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ मिला। इस पर तलाश लेने पर कमरे से सोने-चांदी के आभूषण व करीब 80 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की। पुलिस ने टीम का गठन कर दबिश देते हुए पूर्व में इन्द्रा कोलोनी राजनगर चांद मोहम्मद व किशोर नगर मंडा निवासी दीपक गवारिया को गिरफ्तार कर पूछताछ की। इसके बाद वांछित भील मंगरी जलचक्की निवासी चुन्नीलाल मीणा की तलाश करते हुए जगह जगह दबिश देते हुए मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ से सूने मकान से जेवरात व नकदी चुराना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीनों आरोपियों से चोरी किए गए जैवरातों एवं नकदी के बारे में पूछताछ जारी है।



**राजसमंद : सूने मकान से जेवर व नकदी चोरी के आरोप में राजनगर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया।**

# हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। युवक की हत्या कर लाश को कुएं में डालने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।

■ **हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया था, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया**

प्रकरण के अनुसार पीड़ित भोजानाड़ीभुला रोहिड़ा सिरोही निवासी रूपाराम पुत्र गोपी ने माण्डवा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि गत 19 जून को सवेरे मेरा पुत्र श्रवण कुमार एवं उसका साला किशन पुत्र उदाजी हमेशा की तरफ स्वरूपगंज मजदूरी करने के लिए गये थे। वहां पर काम नहीं मिलने पर वापस घर लौट आए। कुछ समय बाद किशन ने श्रवण को बाखेल माण्डवा निवासी नानी के घर जाकर आने की बात कही। तभी किशन अपनी बाइक पर बाखेल की तरफ गया।

वहां पर मेरे पुत्र श्रणव कुमार की हत्या कर उस कुएं में डाल दिया। मेरे पुत्र श्रवण की उसके साले व साले के मामा ने हत्या कर लाश कुए में डाल दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुंदर कवारिया, पुलिस उप अधीक्षक कुशालराम चौरड़िया के सुपरविजन में माडवा थानाधिकारी उत्तमसिंह के नेतृत्व में एएसआई शांतिलाल, कांस्टेबल मनोज कुमार, जयेश, लोकेन्द्रसिंह, महेश मय टीम ने बाखेल माण्डवा निवासी मसरू उर्फ कीतीया पुत्र गलबाराम, कालुराम पुत्र शंकरलाल, रमेश पुत्र गलबाराम, कम्बोई थाना रोहिड़ा हॉल लोदरा थाना स्रूपगंज सिरोही निवासी किशन पुत्र उदाराम को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## सीएम गहलोत कल सालासर आएंगे

**चूरू,** (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 25 जून को सालासर आएंगे। वे यहां सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन करेंगे। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे हेलीकॉप्टर से सालासर आएंगे। वे यहां सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन करेंगे। उसके बाद दोपहर तीन बजे हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए हैं।

# बदमाशों ने मुनीम पर फायरिंग की, रुपयों का बैग लेकर भागे

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर के गुमानपुरा थाना इलाके में गुरुवार सुबह दो बाइक सवार बदमाशों ने थोक सब्जी मंडी में एक दुकान के मुनीम के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया।

घटना गुमानपुरा थाने से महज डेढ़ सौ मीटर आगे ही हुई। बदमाशों ने फायरिंग भी की जिसमें मंडी का मुनीम बाल-बाल बच गया। पुलिस ने मुनीम की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। स्टेशन इलाके में रहने वाले 33 वर्षीय मुनीम श्याम सुंदर ने बताया कि कैसे उस पर हमला किया गया। गोली चली जो कान के नजदीक से निकल गई। उसके मुताबिक बदमाशों ने इसके बाद भी हमला जारी रखा और उस पर चाकू से वार किया। चाकू उसके गाल से लगा।

हमले से वो डर गया और उसके पास मौजूद 50 हजार रुपए से भरा बैग नीचे गिर गया। श्याम सुंदर के मुताबिक बदमाश इसे लेकर फरार हो गए। श्याम सुंदर को उसके मालिक भजन सिंह सरदार अस्पताल लेकर गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। इस मामले में उसने गुमानपुरा थाने पहुंचकर रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।

गुमानपुरा थाने के सब इंस्पेक्टर नंदकिशोर ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। फल सब्जी मंडी के व्यापारी अशोक अग्रवाल ने बताया कि देर रात को अधिकांश व्यापारी और मुनीम मंडी में आते हैं। सबको पता है लेकिन इसे देखते हुए भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद नहीं है। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों में इस तरह की घटनाएं खूब हो रही हैं। इससे व्यापारी दहशत में भी हैं। उनका कहना है कि 1 दिन पहले भी चाकूबाजी हुई थी। सब्जी बेचने वाली बसंती बाई ने बताया कि 22 जून की सुबह 3.45 बजे के आसपास प्रेम नगर इलाके के रहने वाले रमेश पर भी कुछ बदमाशों ने हमला किया था। इस हमले में उसे चोट भी आई थी। उसे चौकीदार और मैंने पट्टी बांधकर अस्पताल पहुंचाया था।

## नहाते समय युवक तालाब में डूबा

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के पिछोला झील गणगौर घाट पर नहाते समय पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे गणगौर घाट पिछोला झील में नहाते समय हर्षनगर रामपुरा निवासी कुशल नागदा (19) पुत्र गिरीराज नागदा की पानी में डूबने से मौत हो गई।

कुशल सवेरे घर से निकला था। इस दौरान नहाने आए लोगों ने पानी पर मृत लाश दिखने पर उसे बाहर निकाल उसकी शिनाख्त कर परिजनों का सूचना दी। इस पर हेड कांस्टेबल हरिश मौके पर पहुंचे। जहां परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए शव ले गए।

# गौवंश से भरी पिकअप जब्त, चार गिरफ्तार

**भूपालसागर,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नं12 में आंगनबाड़ी केंद्र के पास रात्रि में एकांत खड़ी पिकअप में चार गौवंश ठूस-ठूस कर भरे हुए थे। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया।

■ **ग्रामीणों को गौवंश के पिक पिकअप में भरे होने का आभास हुआ तो तलाशी ली**

जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड नं 12 में आंगनबाड़ी केंद्र के पास कुछ ग्रामीणों को गौवंश के पिक पिकअप में भरे होने का आभास हुआ तो ग्रामीणों ने पीकअप की तलाशी ली। तलाशी पर पिकअप में गौवंश भरे हुये थे। आसपास देखा तो कोई भी दिखाई नहीं दिया तो वहां पर कई लोग एकत्रित हो गए। सूचना सरपंच प्यार चंद भील व पंचायत समिति सदस्य सुरेश गाडरी को भी दी गयी। जिस पर सरपंच ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गौ अधिनियम में मामला दर्ज कर इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया।

# युवती के खिलाफ तीन शादी करने और दूल्हों को लूटने का मामला दर्ज

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले में एक युवती के खिलाफ एक महीने में तीन शादी करने और दूल्हों को लूटने का मामला दर्ज कराया गया है। दुल्हन और उसका साथी इतने शातिर हैं कि शादी से पहले ही रुपए ऐंठ लेते हैं। शादी के बाद दुल्हन 5-6 दिन ससुराल में रुकती और फरार हो जाती। इसके बाद गैंग दूसरे शहर में कुंवारे लड़कों को ढूंढ कर उन्हें फंसाने का प्लान बनाती है।

आरोपी युवती की तलाश के लिए पुलिस ने टीम गठित की है। उसके परिवार के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि दुल्हन और उसके साथी ने 3 से ज्यादा लोगों से शादी के नाम पर लाखों रुपयों की ठगी की है। गोगामेड़ी थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि नेठराना गांव के नेकी राम (35) पुत्र कृष्ण कुमार ने इस बारे में थाने में रिपोर्ट दी है। उसने बताया कि उसकी शादी नहीं हो पा रही थी। इसी दौरान उनके गांव के कमलेश ने उसे बताया कि एक गरीब मुस्लिम लड़की उसकी धर्म बहन है। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है और वह उसके पास नेठराना में ही रहती है। कमलेश ने कहा कि वह उससे शादी करवा देगा, लेकिन उसके एवज में उसे 1 लाख 50 हजार रुपए देने पड़ेंगे। उसने कमलेश को शादी के लिए हां की तो वह उसे अपने घर ले गया और एक लड़की से मिलवाया। लड़की ने अपना नाम शबनम पिता नवाब खां निवासी पारीक कॉलोनी हनुमानगढ़ टाउन बताया। इसके बाद 13 मई 2022 को कमलेश और शबनम दोनों उसे भादरा कोर्ट ले गए, जहां कमलेश ने उसकी और शबनम की शादी के संबंध में 500 रुपए के स्टांप पर लिखा-पढ़ी करवा दी थी। नेकी राम ने बताया कि शादी करने के एवज में कमलेश ने उससे 1 लाख 5 हजार रुपए नकद, 10 हजार रुपए शादी करवाने के कोर्ट खर्च और 30 हजार रुपए शबनम को कपड़े सहित अन्य सामान दिलवाने के नाम पर ले लिए। इसके बाद वह और शबनम नेठराना आ गए। शबनम करीब 6 दिन उसके साथ घर पर रही।

# सड़क हादसे में टैंकर चालक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पर टैंकर पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे परसाद थाना क्षेत्र हाइवे बारा रोड़ पर टेंकर पलट गया। हादसे में चालक टोक निवासी शंकरसिंह नीचे दब गया। सूचना मिलने पर परसाद थानाधिकारी रमेशचन्द्र, एएसआई दिनेशचन्द्र, हेडकांस्टेबल रामनारायण सिंह ने चालक को बाहर निकाल चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शंकरसिंह सिमेंट से भरा टेंकर लेकर उदयपुर से अहमदाबाद जा रहा था।

**चोरी का मामला दर्ज :** नसीराबाद सिटी थाना अंतर्गत मिशन कंपाउंड निवासी जॉनसन ने सिटी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गत 22 जून को उसके घर की पहली मंजिल के कमरे में उसकी बहू के लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए थे, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। जिस पर सिटी थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ की।

# अजमेर में रेवेन्यू बार व सिविल कोर्ट के वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया

**अजमेर,** (कास)। राजस्थान रेवेन्यू बार एसोसिएशन अजमेर इकाई और सिविल कोर्ट के वकीलों ने अपने साथी वकील के साथ हुई मारपीट के विरोध में गुरुवार को कार्य बहिष्कार कर जिला कलेक्ट्रेट पर मानव श्रृंखला बनाकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं जिला कलेक्टर, एसपी और डीएसओ को ज्ञापन सौंप कर होटल संचालक व उसके कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

■ **अधिवक्ता और साथी के साथ गत दिनों महादेव के ढाबे पर खाना खाने के दौरान हुई मारपीट का मामला**

■ **कलेक्टर, एसपी व डीएसओ को सौंपा ज्ञापन, ढाबा संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग**



**अजमेर में वकीलों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।**

राजस्थान रेवेन्यू बार एसोसिएशन अजमेर इकाई के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि राजस्थान राजस्व न्यायालय में अधिवक्ता नरपत भाकल और साथी अर्जुन राम के साथ विगत दिनों पुराना बस स्टैंड स्थित महादेव के ढाबे पर खाना खाने के दौरान हुई मारपीट को लेकर वकील समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को रेवेन्यू बार एसोसिएशन और सिविल कोर्ट के वकील रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर अंशदीप, पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा और डीएसओ हेमंत स्वरूप माथुर को ज्ञापन देकर पुराना बस स्टैंड स्थित महादेव के ढाबे पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग, खाद्य सामग्री में मिलावट व अवधि पार खाद्य सामग्री का उपयोग करने, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने जांच कराने के साथ ही मारपीट प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

रेवेन्यू बार एसोसिएशन अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह नरूका ने कहा कि यदि पुलिस जल्द कार्रवाई कर वकील के साथ मारपीट व अभद्रता करने वाले ढाबा संचालक व उसके कर्मचारियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो वकील समुदाय उग्र आंदोलन को मजबूर होगा।

गौरतलब है कि साथ वकील के हुई मारपीट को लेकर बुधवार को रेवेन्यू बार एसोसिएशन और सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को लेकर सदर कोतवाली थाने का घेराव कर सीओ नॉर्थ छवि शर्मा से तत्काल कार्यवाही की मांग की थी।

# पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का 60वां जन्मदिन मनाया

**भरतपुर,** (निसं)। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का 60 वां जन्मदिन राजकीय वृद्धाश्रम परिसर में गिरिराज महाराज की वैदिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर सादगी के साथ मनाया। इस दिन विभिन्न संस्थाओं ने उनके जन्मदिवस पर केक काटे।

राजकीय वृद्धाश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पं. रामकिशन रहे। अध्यक्षता बालकल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर ने की। नगर निगम के महापौर अभिजीत कुमार एवं उपमहापौर गिरीश चौधरी विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर एवं सदस्य अनुराधा शर्मा, मदनमोहन शर्मा, राजाराम भूतौली, नरेन्द्र सिंह ने मंत्री विश्वेन्द्र सिंह को चांदी का मुकुट एवं मोतियों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जय श्री बांके बिहारी समिति एवं बाल कल्याण समिति ने वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बालिका गृह, बाल गृह में आवासितों को भोजन प्रसादी का वितरण किया। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पं. रामकिशन ने चम्बल पेयजल परियोजना एवं रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाने की भी मांग की। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शेर सिंह सूपा, पार्षद रमेश पाठक, दीपक मुद्‌गल, दाउदयाल जोशी, समन्दर सिंह, पूर्व पार्षद दयानन्द पचौरी, व्यापार संघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, पीसीसी सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, महेन्द्र तिवारी, विपुल शर्मा, हेमेन्द्र उपमन, जीवनलाल सहित नागरिक उपस्थित रहे।

■ **मंत्री विश्वेन्द्र सिंह को चांदी का मुकुट एवं मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया**



**पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का उनके जन्मदिन पर विभिन्न संस्थाओं ने स्वागत किया।**

इसके बाद पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने विप्र फाउण्डेशन द्वारा आयोजित समारोह में हनुमान जी की पूजा अर्चना एवं परशुराम जी की प्रतिभा पर माल्यार्पण किया। विप्र फाउण्डेशन के अध्यक्ष इंदूशेखर शर्मा, आचार्य धरनीधर, ओमप्रकाश षर्मा, गंगाराम पाराशर, धर्मेन्द्र शर्मा, दयाचंद पचौरी, अनिल भारद्वाज, देवाषीश ने पर्यटन मंत्री का स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम उनके पैतृक गांव सिनसिनी स्थित सिनसिना बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का विकास कराने का लक्ष्य प्राथमिकता पर है। इस अवसर पर नगर निगम महापौर अभिजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य गोवरधन सिंह रीठोठी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# धमकी देकर किशोर गृह के अधीक्षक पर नाबालिग ने की फायरिंग

## आरोपी पूर्व में किशोर गृह में बंद रह चुका है

**धौलपुर, (निस)।** राजकीय बाल सम्प्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर के कार्यालय अधीक्षक पर बुधवार देर रात एक नाबालिग द्वारा जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें अधीक्षक बाल-बाल बच गया। अधीक्षक ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

बाल सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह धौलपुर के अधीक्षक दीपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि बुधवार शाम को वह अपने अधीनस्थ कर्मचारी गोरेलाल के साथ राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर परिसर में बैठा हुआ था। इसी समय एक नाबालिग हाथ में पिस्तौल लेकर परिसर में घुस आया। जिसने धमकी देते हुए पूछा कि यहां जेलर कौन है। किशोर ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि किसकी हिम्मत है कि मुझे भरतपुर जेल में भेजे। इसके बाद उसने पिस्तौल को हवा में लहराते हुए फायर कर दिया। इसके बाद नाबालिग आरोपी ने अधीक्षक पर पिस्तौल तानकर दो फायर किये। इस दौरान अधीक्षक ने पानी की टंकी के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई। आरोपी ने जाते-जाते मैन गेट के पास से पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पूरी घटना की जानकारी नजदीकी पुलिस चौकी एवं सदर थाना प्रभारी को फोन पर दी।

इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया एवं सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। अधीक्षक ने ऑफिस रिकॉर्ड की जांच की तो पता चला कि आरोपी वर्ष 2021 में बाल संप्रेषण गृह धौलपुर में बंद रह चुका है। इसकी सूचना पुलिस थाना सदर धौलपुर को भिजवा दी गई।

अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कचनपुर, कोतवाली धौलपुर, थाना निहालगंज धौलपुर, थाना सैंपऊ में कई मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित अधीक्षक ने एसपी से किशोर गृह परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने व मैन गेट पर चौबीसो घंटे हथियारबंद सुरक्षा जवान लगाने की मांग की है।



किशोर गृह अधीक्षक ने घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी।

- **फायरिंग के दौरान अधीक्षक ने पानी की टंकी के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई**

# डॉ. सतीश पूनिया का चित्तौड़गढ़ के बड़ी सादड़ी में भव्य स्वागत-अभिनंदन, उमड़ा जनसैलाब

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध तीर्थ श्रीसांवलिया सेठ के दर्शन कर प्रदेश की तरक्की व खुशहाली की कामना की


बड़ी सादड़ी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष के सुशासन के उपलक्ष्य में भाजपा के प्रदेश स्तरीय जनसंपर्क अभियान के तहत चित्तौड़गढ़ प्रवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का बड़ी सादड़ी में कार्यकर्ताओं एवं आमजन द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया।

डॉ. पूनिया ने निम्बाहेड़ा में भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया साथ ही मोदी सरकार की सफलतम 8 वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों को लेकर पत्रक बांटकर आमजन से संवाद गया। इस दौरान डॉ पूनिया के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी, पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, विधायक कल्पना देवी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. पूनिया ने प्रदेश के सबसे छोटे और घाटी में बसे कनेरा मंडल (चित्तौड़) के कार्यकर्ताओं के साथ मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़ के नेतृत्व में बूथ सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की और घाटी स्थित माता जी के दर्शन कर प्रदेश की तरक्की की कामना की। कनेरा घाटा क्षेत्र में डॉ. पूनिया ने महाराज उत्तम स्वामी का आशीर्वाद लिया। चित्तौड़ढ़ में भगवान श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध तीर्थ श्री सांवलिया सेठ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की तरक्की व खुशहाली की कामना की। डॉ. सतीश पूनिया ने कपासन से पूर्व विधायक बद्री जाट के बड़े भाई मोहन जाट के निधन पर आज उनके निवास स्थान सिंहपुर ग्राम(चित्तौड़गढ़) पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

इससे पहले वे मंगलवाड पहुंचकर बड़ी सादड़ी से विधायक ललित कुमार ओस्तवाल की सुपुत्री के विवाह में सम्मिलित हुये।

# युवक को निर्वस्त्र कर पीटा, सिर के बाल काटे और गाड़ी भी तोड़ी

**जैसलमेर, (निसं)।** जैसलमेर में बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसको निर्वस्त्र कर और सिर के बाल काट कर तथा उसकी गाड़ी को तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अलर्ट हुई।

सदर थानाधिकारी देवकिशन ने बताया कि पीड़ित युवक केसुओं की बस्ती का बताया जा रहा है तथा मारपीट करने वाले युवक सोजियों की ढाणी चांधन के बताए जा रहे हैं। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा एक युवक को पकड़ा है। पीड़ित के बयानों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर घटना की पड़ताल कर रहे हैं। मामला एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर का बताया जा रहा है, जिसके चलते युवक के साथ हैवानियत की गई। पीड़ित अली खान के चाचा के लड़के ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी ने बताया कि हमने मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा घटना में शामिल एक युवक को गिरफ्तार भी कर लिया है। बाकी युवकों की भी तलाश जारी है।

- **मामला एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर का बताया जा रहा है, जिसके चलते युवक के साथ हैवानियत की गई**

# पाकिस्तान बॉर्डर पर तेज धमाके के साथ दिखी रोशनी

**सूरतगढ़, (निसं)।** राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों में हुई एक घटना ने सभी को हैरान कर दिया। यहां आसमान में तेज धमाके के साथ दिखी रोशनी से सनसनी फैल गई।

बताया गया कि यह रोशनी पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ जा रही थी। घटना श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में करीब 8:30 बजे की है। आसमान में अचानक तेज धमाके के साथ एक रोशनी दिखाई दी। रॉकेट जैसी दिखने वाली यह रोशनी धीरे-धीरे आगे बढ़ती दिखी। इस दौरान कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया। यह रोशनी सूरतगढ़ के अलावा बीकानेर, खाजूवाला और रावला तक दिखाई दी। आशंका है कि बॉर्डर के आस-पास ये जमीन पर गिरे हैं। हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना के बारे में स्थानीय प्रशासन जानकारी जुटाने में लगा है। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी मिली है कि 8-10 आग के गोलों का यह समूह सूरतगढ़ के आसमान से गुजरा था। पाकिस्तान के बॉर्डर क्षेत्र की तरफ यह रोशनी जाती हुई दिखाई दी थी। यह आग के गोले उल्का पिंड हैं या कुछ और इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है।

# 8.60 लाख की नकदी व 3.50 लाख के जेवर चोरी का मामला दर्ज

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना इलाके के घडमाला में चोर सूने घर के दरवाजे और अलमारी के ताले खोलकर 3 लाख 50 हजार के जेवर और 8 लाख 60 हजार नगद चोरी करके ले गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिछीवाडा थानान्तर्गत घडमाला में चोर सूने घर के दरवाजे और अलमारी के ताले खोलकर 3 लाख 50 हजार के जेवर और 8 लाख 60 हजार कैश चोरी करके ले गए। घटना एक महीने पहले की है।

इस दौरान पीडित अपने स्तर पर सामान खोजने में लगे रहे और सफलता नहीं मिलने पर बुधवार शाम को मामला दर्ज कराया है। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के घडमाला निवासी रविराज पुत्र भूपेंद्र सिंह राजपूत ने केस दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि 23 मई को उसके परिवार के सभी लोग काम से बाहर गए थे। घर पर काम करने वाली सविता पत्नी विशाल खराडी निवासी घडमाला अकेली थी। वहीं घर के पीछे की तरफ ही गणेश भगोरा निवासी आंतरसोबा समेत 5 मजदूर बाउंड्रीवॉल बनाने का काम कर रहे थे। घर की चाबी घर के बाहर ही चौक में एक गमले के नीचे हमेशा रहती है। वहां से चाबी निकालकर सविता घर में साफ-सफाई करती थी और जाते वक्त चाूबी वहीं रखकर चली जाती है। 27 मई को मां कृष्णा कुंवर ने अलमारी को खोलकर देखा तो जेवरात की पोटली नहीं मिली। वहीं उसी अलमारी में एक बैग में रखे 8 लाख 60 हजार भी चोरी हो गए। पत्नी दीपमाला कुंवर समेत परिवार के सभी लोगों ने काफी खोजबीन कीए लेकिन कोई पता नहीं लग सका।

रविराज ने रिपोर्ट में बताया कि अलमारी में रखे सोने के कंगन, पाटले, अंगूठी, पायल, रिंग, हाथफुल सहित 695 ग्राम सोने के जेवरात चोरी हो गए। वहीं, अलमारी से 8 लाख 60 हजार रुपए का कैश भी चोरी हो गया है। रविराज ने रिपोर्ट में ये भी बताया कि वारदात के बाद से बाउंड्रीवाल बनाने वाले मजदूर भी काम पर नहीं आ रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

# जेईई-मेन-2022: पहले दिन बी-आर्क की परीक्षा हुई

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। पहले दिन बी आर्किटेक्चर के लिए परीक्षा हुई। कोटा में एकमात्र परीक्षा केन्द्र पर यह परीक्षा हुई। बूंदी स्थित वेदांत इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्धारित मापदण्ड के आधार पर यह परीक्षा आयोजित की गई। बीई-बीटेक के लिए मुख्य परीक्षा 24 जून से शुरू होगी, जो कि 29 जून तक चलेगी। यह परीक्षा देश-विदेश के 521 परीक्षा शहरों में आयोजित की जाएगी।

यह परीक्षा 12 शिफ्टों में सुबह 9 से 12 एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक होगी। प्रवेश पत्रों में स्टूडेंट्स को परीक्षा संबंधित सभी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए है। पहले सेशन के लिए 9 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। कोटा में चार परीक्षा केंद्र बनाये गए है जिसमे गुरुकुल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रानपुर में दो परीक्षा केंद्र,, बाल कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रानपुर, वेदांत कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जाखमुंड बूंदी शामिल है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि स्टूडेंट्स पेपर प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व दिए गए सिस्टम पर लॉगिन कर सकता है। लॉगिन कर स्टूडेंट्स को दिए गए इंस्ट्रक्शंस को अच्छी तरह से पढ़ ना चाहिए। स्टूडेंट्स परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों को हल करने की स्पीड एवं एक्यूरेसी में संतुलन बनाए रखें, ताकि उनका प्रश्न पत्र निर्धारित समय में हल हो सकें।

# भिवाड़ी में लूट की नीयत से बैंक के सामने दिनदहाड़े फायरिंग

**अलवर, (निसं)।** भिवाड़ी में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे यस बैंक के सामने दिनदहाड़े महिला पर हुई 4 से 5 राउंड फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। लूट की नीयत से की गई फायरिंग में गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी। बदमाश लूट की वारदात में कामयाब भी नहीं हो पाए।

जानकारी के अनुसार भिवाड़ी के रीको चौक पर स्थित यस बैंक के सामने एक महिला व पुरुष बैग में रुपए लेकर जा रहे थे तभी अचानक दो व्यक्तियों ने आकर उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर रुपए से भरा बैग छीनने की कोशिश की गई। लेकिन महिला ने बैग को कसकर पकड़े रखा जिससे बदमाश लूट करने में सफल नहीं हुए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग जैसे ही इकट्ठे हुए बदमाश महिला को छोड़कर पीछे से आ रही एक बाइक पर बैठकर फरार हो गए। पीड़ित महिला और पुरुष घबराते हुए दूसरी साइड में निकल गए।

घटना की सूचना पर भिवाडी पुलिस एसपी शांतनु कुमार सिंह, एडिशनल एसपी विपिन शर्मा, भिवाडी थाना अधिकारी जितेंद्र सोलंकी, डीएसपी जसवीर मीणा सहित क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान क्यूआरटी टीम ने आरोपियों का पीछा करते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया। साथ ही उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस को पीड़ित महिला व पुरुष का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। वहीं अभी तक किसी ने एफआईआर भी दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने मौके से 3 खाली कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं है। कहना है अभी तक उनके पास पीड़ित की कोई रिपोर्ट नहीं आई है और ना ही अन्य बदमाशों का पता चल पाया है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

- **क्यूआरटी टीम ने एक आरोपी को दबोचा**

# आरपीएससी ने दिया संशोधन का अवसर

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भू-जल विभाग के पद कनिष्ठ भू-भौतिकविद, कनिष्ठ भू-जल वैज्ञानिक तथा तकनीकी सहायक-रसायन एवं भू-जल विज्ञान की परीक्षा का आयोजन 1 एवं 2 अगस्त को किया जाना है। इस परीक्षा में आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को शुक्रवार से ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया जा रहा है। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि 24 जून से 3 जुलाई तक अभ्यर्थी का नाम, फोटो, पिता का नाम, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन किये जा सकेंगे। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगी।

# घना में 25 व 28 जून को होगी पानी की आपूर्ति

## इन दो दिन आमजन के लिए चम्बल पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी

**भरतपुर, (निसं)।** जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने कहा कि भरतपुर की अर्थव्यवस्था में घना पक्षी विहार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए हमें इसकी आवश्यकता पर ध्यान देना होगा। जिला कलेक्टर आलोक रंजन गुरूवार को कार्यालय कक्ष में मीडियाकर्मियों से वार्ता करते हुए घना पक्षी विहार की जल संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में अनेक प्रकार की चिडियां एवं पक्षी घना एवं आस-पास के क्षेत्र में नेस्टिंग के लिए आते हैं लेकिन घना में जल की कमी को देखते हुए पक्षियों के ठहरने के लिए पर्याप्त जल की व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर कार्य योजना तैयार की है। इसके लिए इस माह की 25 एवं 28 तारीख को चम्बल पेयजल की सप्लाई आमजन के लिए बाधित कर घना पक्षी विहार के लिए जल आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि घना पक्षी विहार के लिए वर्षा जल के साथ ही गोवर्धन ड्रेन एवं पांचना बांध से भी पानी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे घना एवं पक्षियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 25 एवं 28 तारीख को बाधित होने वाली चम्बल पेयजल सप्लाई में अपना सहयोग करें।


मीडियाकर्मियों से वार्ता करते जिला कलेक्टर आलोक रंजन।

# बारिश के बाद किसान बुआई में जुटे

## सुजानगढ़ क्षेत्र में मानसून से पहले हुई अच्छी बारिश

**सुजानगढ़, (निसं)।** क्षेत्र में मानसून से पहले अच्छी बारिश होने से किसानों ने खेतों का रूख कर लिया है। अच्छी बरसात होने से किसान प्रसन्न है तथा उसने खेतों में बुआई करनी शुरू कर दी है। किसानों द्वारा दिन भर खेतों में ट्रैक्टरों से हल जुताई तथा बुआई का कार्य किया जा रहा है। किसानों ने बारिश की संभावना को देखते हुए पहले ही अपने खेतों में देसी खाद व खेतों की साफ-सफाई करने का कार्य शुरू कर दिया था। बारिश के बाद किसानों ने अपने खेतों में बुवाई का कार्य शुरू कर दिया।

इससे अब चारों तरफ खेतों में किसानों के बुवाई करते हुए ट्रैक्टर नजर आ रहे है। किसान खेतों में बाजरा, मूंग, मोठ, तिल, ग्वार आदि की बुवाई का कार्य कर रहे हैं। किसान रामनारायण रूलाणियां बताया कि इस बार बरसात थोडी देर से हुई है, लेकिन अच्छी बरसात हुई है। जिससे अच्छे जमाने की उम्मीद की जा सकती है।


क्षेत्र में मानसून से पहले अच्छी बारिश होने से किसानों ने खेतों में बुवाई शुरू कर दी।

# भीलवाड़ा में करोना के चार संक्रमित मिले

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले में कोरोना संक्रमण के केस अब लगातार बढ़ ने लगे हैं। गुरुवार को चार नये केस मिले हैं। इनमें 50 साल की महिला व 22 साल का युवक भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार एक दिन पहले 3 साल के मासूम सहित 9 लोग पॉजिटिव आये थे।

आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट में गुरुवार को चार लोग पॉजिटिव आये। इन सभी में आईएलआई सिम्टम्स थे। इनमें से तीन ने वैक्सीन की दोनों, जबकि एक ने एक डोज लगा रखी है। संक्रमितों में चपरासी कॉलोनी का 22 साल का युवक, कोटड़ी का 41 वर्षीय ग्रामीण, सुभाष नगर की 50 वर्षीय महिला और सांगानेर का 43 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। सांगानेर व कोटड़ी के दोनों व्यक्ति जयपुर से लौटे हैं, जबकि दो अन्य की कोई ट्रैवलिंग हिस्ट्री सामने नहीं आई है।

# जोधपुर शहर में 103 दिन बाद सर्वाधिक करोना मरीज मिले

## एक दिन में 21 नए रोगी मिलने से चिकित्सा विभाग की चिंता बढ़ी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में कोरोना एक फिर से बढ़ ने लगे हैं। एक दिन में 21 नए रोगी सामने आने से चिकित्सा विभाग की चिंता बढ़ गई है। इन 21 में से 17 पॉजिटिव छुट्टियां मना कर अन्य राज्यों से जोधपुर लौटे हैं। ऐसे में शहर में कोरोना फैलने का कारण गर्मी की छुट्टियां भी मानी जा रही हैं।

शहर में 9 जोन में से 6 जोन में संक्रमित मिले हैं। सबसे ज्यादा महामंदिर जोन में 15 संक्रमित सामने आए हैं। शहर परकोटे से दो पॉजिटिव मिले हैं। मसूरिया, शास्त्री नगर, रेजिडेंसी आदि से 11 पॉजिटिव रोगी सामने आए है। वहीं ग्रामीण में वहां के 10 ब्लॉक से एक भी रोग संक्रमित नहीं मिला है। जोधपुर में वर्तमान में 64 एक्टिव केस हैं। कोरोना संक्रमितों का यह आंकड़ा 103 दिन बाद सर्वाधिक रहा है।

इसमें पहले 11 मार्च को 23 पॉजिटिव सामने आए थे। जोधपुर में कोरोना संक्रमण की दर बढ कर सीधे 6 फीसदी के पार चली गई हैं। जून के 22 दिनों में 110 संक्रमित मिल चुके हैं। संक्रमण की रफ्तार की बात करें तो जहां पहले 15 दिन में जहां 40 रोगी मिले थे अब वहीं 7 दिन में ही 70 संक्रमित सामने आए हैं।

- **इन 21 में से 17 पॉजिटिव छुट्टियां मना कर अन्य राज्यों से जोधपुर लौटे हैं**

# उदयपुर में सात पॉजिटिव मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में गुरुवार को मिली 767 कोरोना जांच रिपोर्ट में सात कोरोना संक्रमित पाए गए है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी के अनुसार 7 कोरोना संक्रमितो में से 6 शहरी इलाके एवं 1 ग्रामीण इलाके से है। उन्होंने बताया कि इन्हें मिलाकर जिले में कोरोना संक्रमित रोगियों की संख्या 32 हो गई है। ये सभी होम आइसोलेशन में है।

## संक्षिप्त

### मिथुन कसाना महामंत्री नियुक्त



**कोटपूतली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, जिला जयपुर उत्तर के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा एवं प्रभारी सतवीर यादव के निर्देशानुसार, कोटपूतली पूरब मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड़ ने ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी मिथुन कसाना को मण्डल कार्यकारणी में मण्डल महामंत्री नियुक्त किया है। मिथुन कसाना की नियुक्ति पर भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूरब मण्डल संयोजक बगुला प्रसाद स्वामी, मण्डल महामंत्री सुधीर यादव, मुकेश कसाना, मण्डल के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामसिंह सैनी, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, एड. बजरंग लाल शर्मा, जयराम गुर्जर, अशोक सुरेलिया, आदि भाजपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनीया, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा एवं जिला प्रभारी सतवीर यादव का आभार व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

### केदार प्रसाद श्रीमाल सम्मानित

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के एनजीओ ग्रामोदय सामाजिक संस्थान द्वारा पिछले 33 वर्षों से सामाजिक विकास के साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य, जल संसाधन, संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए पिरिट ऑफ ह्यूमैनिटी एडवार्ड से सम्मानित किया गया। यह चाकसू क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मुंबई के प्रसिद्ध होटल जे डब्ल्यू मैरिओट में आयोजित एक गरिमामय समारोह में ग्राम पंचायत थली निवासी एवं ग्रामोदय सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक केदार प्रसाद श्रीमाल को इस एडवार्ड से सम्मानित किया गया प्रसंशको द्वारा बधाई संदेश दिए जा रहे हैं।

### 12 साल से फरार वारण्टी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** स्टेण्डिग वारण्टियों/गिरफ्तारी वारण्टियों की गिरफ्तारी के चलाये जा रहे अभियान के दौरान मनीष त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक सुभाष चन्द मिश्रा एवं वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के निर्देशन में सदर थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार खण्डेलवाल के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर स्टेण्डिग वारण्टियों की धरपकड हेतु स्थायी गिरफ्तारी वारण्ट मुकदमा नम्बर 439/2010 न्यायालय एसीजेएम टोंक की पालना में 12 साल से फरार स्थायी गिरफ्तारी वारण्टी सुगन पुत्र घासी लाल भोपा निवासी पुष्करबाग होटल के पास पुष्कर थाना पुष्कर जिला अजमेर को गिरफ्तार किया गया।

### पर्स लौटाकर ईमानदारी दिखाई

**कोटपूतली।** निकटवर्ती नारेहडा बस स्टैंड पर एक युवक ने सड़क पर मिले पर्स को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि को को शुक्लाबास निवासी सुभाष यादव का पर्स नारेहडा बस स्टैंड पर गिर गया था। पर्स में 15 सौ रुपए, एटीएम और कुछ जरुरी कागज थे। यह पर्स सुदामा मीना को सड़क पर पडा हुआ मिला। तब उसने आस पास बताया और सुभाष यादव को फोन किया। सुदामा मीना ने पर्स लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया।

### सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम कल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री प्रहलादराय अग्रवाल माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर श्रीमाधोपुर की पूर्व छात्रा अंकिता कुमावत के जन्मदिन एवं समाज के पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से 25 जून शनिवार को सायंकाल 4 बजे से सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि डॉ हरी सिंह गोदारा अध्यक्ष श्री केशव देवी गोदारा सामाजिक कल्याण संस्थान सिंगनौर, उदयपुरवाटी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे वही प्रांत पर्यावरण प्रमुख अशोक शर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

### महावीर सैन बने तहसील अध्यक्ष

**मालपुरा, (निसं)।** सैन समाज उत्थान समिति के डिग्गी में जिलाध्यक्ष बृजमोहन सैन की अध्यक्षता व सभापति राधेश्याम सैन की मौजूदगी में हुए चुनावो में महावीर सैन निवासी मैहरू को समिति के तहसील अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुने जाने का निर्णय लिया। मौजूद समाज बंधुओं ने नवीन पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया। तो अध्यक्ष ने अपने कार्यकारिणी का गठन कर पद व जिम्मेदारियां बांटी गई।

# नालियों के अभाव में रास्तों में फैल रही गंदगी, लोग परेशान

**मालपुरा, (निसं)।** वर्ष 2019 में प्रदेश की गहलोत सरकार द्वारा नवीन पंचायतों के गठन की कि गई घोषणा में बृजलाल नगर ग्राम पंचायत का गठन किये जाने के बाद वर्ष 2020 में हुए पंचायतराज चुनावों में नवगठित ग्राम पंचायत सरपंच का ताज पहनी रेखा नामा के कार्यकाल के दो साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी आज भी ग्राम पंचायत विकास से कोसों दूर रहकर विकास को तरस रही है।

- **दो साल के कार्यकाल में विकास को तरसी बृजलाल नगर पंचायत की आवासीय कॉलोनियां**



नालियां नहीं होने से सीवरेज लाइनों व बरसात का पानी आम रास्तों में भरा रहता है।

ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा आवासीय कॉलोनी में मकानों व सीवरेज लाईनों के गंदे पानी सहित बरसाती पानी की निकासी को लेकर एक भी वार्ड में नालियों का निर्माण नहीं करवाये जाने से सीवरेज लाइनों व बरसात का पानी आम रास्तों में फैल जाने व उठती दुर्गन्ध से पैदल चलना भी दुबर हो गया है।

मानसुन पूर्व की हल्की बारिश में ही बृजलाल नगर पंचायत के आवासीय कॉलोनियों के आम रास्ते बरसाती पानी जमा हो जाने से अवरूद्ध हो कीचड़ मे तब्दील हो गये है। आमजन द्वारा हजारो बार पंचायत सरपंच रेखा नामा से लिखित व मौखिक में शिकायत कर समस्या समाधान की मांग किये जाने के बावजूद सरपंच के कान पर जूं तक नही रैंग रही है। दो साल से अधिक तक का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बावजूद ग्राम पंचायत का नवीन भवन तक निर्माण नही करवाया गया। पंचायत की गलियों में सूर्यास्त के साथ ही अंधेरे का साम्राज्य हो जाता है। जिसका फायदा उठा शातिर चोर आये दिन चोरी की वारदातो को अंजाम दे रहे हैं। पंचायत में सफाई, सड़क, नाली व विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं में भी सुधार नहीं होने से पंचायतवासी सरपंच को कोस रहे हैं।

### अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार

**उनियारा/चौरु/टोंक, (निसं)।** उनियारा उपखंड के अलीगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौरू में जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के आदेशानुसार उनियारा पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान के सुपरविजन में सोप थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत के जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि चौरू क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बड़ी मात्रा में सप्लाई होने वाली है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत ने उनियारा पुलिस उपाधीक्षक को इस संबंध में अवगत कराया पुलिस ने गांजा माफिया से जुड़े तार एवं गांजा का अवैध परिवहन करने वाले के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए जाल बिछाकर पकड़ने का पूरी तरह से इंतजाम कर लिया। इसी दौरान अवैध गांजे को प्लास्टिक के कट्टे में भरकर लेकर आ रहे हैं दयालदास को औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के पास स्थित अपने मकान के यहां से पकडा एवं गाजे से भरा हुआ कट्टा बरामद किया गया जिसमें 14 किलो 700 ग्राम गांजा भरा हुआ था। इस दौरान थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत की सूझबूझ बड़ी काम आई। राजावत ने बताया कि चौरू औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केंद्र के पीछे रहने वाले दयालदास बाबाजी काफी समय से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त थे, पुलिस को समय-समय पर कई बार इसकी सूचनाएं मिल रही थी।

### खाद्य सुरक्षा योजना से पात्र परिवार वंचित

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र नारायणपुर सहित अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के ग्रामीण आज भी सरकार द्वारा चलाई जा रही खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलने से गरीब परिवार भोजन के अधिकार से वंचित हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारीयों की अनदेखी के चलते खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए ग्रामीणों द्वारा कई बार आवेदन करने के बाद आज तक पात्र परिवारों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना में नहीं जुड़ पाए।

जिसके चलते राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा, जिससे सरकार व प्रशासन के खिलाफ लोगो का रोष बना हुआ है। प्रशासन की सुस्त चाल के चलते खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने के लिए ग्रामीणों द्वारा लगाई गई अपीलों का निस्तारण भी नही हो पा रहा है । जबकि कस्बे के प्रभावशाली लोग आज भी योजना का लाभ ले रहे हैं।

# ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**टोंक, (निसं)।** शहर के गांधी खेल मैदान में जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में 6 से 14 वर्ष के फुटबाल खिलाड़ियों का 15 दिवसीय ग्रीष्म कालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया।

- **60 लाख की लागत से होगा खेल मैदान का विकास: अली अहमद**





ग्रीष्म कालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को सभापति अली अहमद ने संबोधित किया।

फुटबाल संघ के सचिव जीशान हैदर ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति अली अहमद, विशिष्ठ अतिथि फुटबाल संघ के अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, ओलंपिक संघ के सचिव मुमताज राही, संयुक्त सचिव एमजी खुर्रम खांन, संरक्षक रेहान अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह राठौर, पार्षद शाहिद सईद, समाजसेवी मुदस्सर द्वारा प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले 39 खिलाडियों को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति अली अहमद ने कहा कि उन्होंने खेल मैदान के विकास के लिए 60 लाख रुपए का प्लान पास कर दिया है, जिसका काम जल्दी ही शुरू कर दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाली एक मात्र छात्रा कोमल गुर्जर को सभापति अली अहमद ने एक हजार एवं मुराद एकेडमी के सचिव फहीमुद्दीन खान ने पांच सौ रूपये नगद पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई की गई। प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्था फुटबाल संघ के सचिव आरिफ मेहमूद द्वारा की गई, वहीं शिविर के फिजीकल ट्रेनर समद खांन रहे। शिविर में अर्णव गुर्जर, अब्दुल रहमान, विराट सैनी, ध्रुव शर्मा, नीखिल पलडिया, आतिफ अली, अबूबकर खांन एवं कोमल गुर्जर फेयर प्ले खिलाडी चुने गये। समापन समारोह में घोषणा की गई कि सभापति अली अहमद के पिताश्री स्व. सलीम खां की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता कराई जावेगी।

### हमले का आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** बुचारा गांव में युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के आरोपित ताराचंद गुर्जर निवासी बहलोड थाना रायसर जिला जयपुर को प्रागपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान के तहत कोटपुतली अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक विद्याप्रकाश के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक कोटपुतली संध्या यादव के सुपरविजन प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर ग्राम बुचारा में जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर जान लेवा हमला करने की इस गंभीर घटना का खुलासा करते हुए कस्बा बुचारा में लखन पारीक निवासी अजीतगढ को खान दिखाने के बहाने बुलाकर पूर्व रंजिश के चलते फायरिंग कर जान से मारने की घटना को लेकर आर्म्स एक्ट मे मामला दर्ज कर मुल्जिमो की तलाश करते हुए वांछित आरोपी ताराचंद पुत्र गुल्लाराम जाति गुर्जर उम्र 19 साल निवासी बहलोड थाना रायसर जिला जयपुर को गिरतार कर अनुसंधान जारी है। बाकी मुल्जिमो की तलाश जारी है।

## निजी संस्थानों की प्रचार सामग्री से सफाईकर्मी परेशान

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ नगर पालिका के सफाई कर्मियों के लिए निजी स्कूलों की प्रचार सामग्री सहित कस्बे के अन्य कोचिंग संस्थानों के द्वारा भी भारी मात्रा में कचरा फैला कर जान के आफत बने हुए हैं।

- **रेहड़ी वाले सड़ी-गली सब्जी डालकर शहर को दूषित कर रहे हैं**

एक तरफ जहां कस्बे के बीचों-बीच सब्जी रेहड़ी वालों सहित फल फ्रूट वाले सड़ी गली सब्जियां डालकर कस्बे में सड़न पैदा कर रहे हैं। वहीं शिक्षा के ठेकेदार बने निजी संस्थान भी संस्था के बच्चों से ही प्रचार सामग्री फैलाकर अभिभावकों की आंखों में मिर्ची झोंक रहे हैं। नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित बहरोड़ कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर पुराने बस स्टैंड नारनौल रोड तक ए सी एल स्कूल नाम की संस्था के द्वारा कस्बे के मुख्य मार्ग पर रोड के दोनों तरफ जिसके बीच में डिवाइडर है प्रचार सामग्री के रूप में अनुमानित रूप से जैसा कि संस्थागत सूत्रों से पता चला है लगभग 20,000 की मात्रा में पंपलेट पर्चे बिखेरते हुए नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की जान के आफत बने दिखाई दिए। सुबह लगभग 5:30 बजे एक सफाई कर्मी बार-बार कचरा रूपी प्रचार सामग्री नंबर वन साइंस इंस्टिट्यूट एसीएल स्कूल लिखे आरबीएसई तथा सीबीएसई संबंधित नर्सरी से ट्वेल्थ एम एड, नोन एम एड एण्ड आर्ट्स हिंदी एंड इंग्लिश मीडियम आदि लिखे हुए परचों को एकत्रित करने की कोशिश कर रहा था परंतु वाहनों के आने-जाने व हवा के झोंके की वजह से तथा बारिश के कारण बार-बार स्कूल के कचरा रूपी पर्चे एकत्रित नहीं हो पा रहे थे।

### युवक ने फांसी लगाई

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नंबर 9 ढाणी साध्यावाली में एक किराए के मकान में रहने वाले युवक ने गुरुवार को फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस जानकारी के अनुसार चला गुहाला निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार जो अपनी पत्नी सहित दो बच्चों के साथ श्रीमाधोपुर वार्ड नंबर 9 के एक मकान में तीन माह से किराए पर रह रहा था। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक तौर पर मृतक जितेंद्र जो शराब का आदि था। मृतक जितेंद्र की पत्नी चंदा देवी परिवार सहित बच्चों का लालन पोषण मजदूरी करके करती थी। फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त करने की सूचना के बाद मौके पर मय जाप्ते के साथ पुलिस पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना के वक्त मृतक की पत्नी चंदा देवी जो मजदूरी पर गई हुई थी। पीछे से पति कमरा बंद कर बेल्ट से फांसी का फंदा लगाकर झूल गया।

## नगर पालिका प्रशासन व व्यापार मंडल के बीच हुई बैठक

**लालसोट, (निसं)।** मंडावरी नगर पालिका प्रशासन एवं मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र के व्यापार मंडल के बीच गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नमन शर्मा द्वारा ली गई इस बैठक के दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।

अधिशासी अधिकारी शर्मा ने बताया कि आगामी मानसून को लेकर वाटर ड्रेनेज सिस्टम को सही करने के लिहाज से बाजार में नालियों के ऊपर हो रहे अतिक्रमण को हटाने पर व्यापार मंडल से साझा चर्चा की गई। प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं उसकी बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की बात कही।

वही अधिशासी अधिकारी द्वारा व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ मानसून की पूर्व तैयारी को लेकर मार्केट

- **बैठक के दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की**

का जायजा लिया गया जहां पर वाटर ड्रेनेज सिस्टम को सही रखने के लिए दुकानों के आगे लगे फुटपाथ को डरने की बात अधिशासी अधिकारी द्वारा कहने पर व्यापारियों द्वारा 2 दिन की मोहलत मांगी गई। व्यापार मंडल से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा भी अधिशासी अधिकारी को खुद की समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान प्रशासन शहरों के संग प्रभारी रमेश शर्मा, पालिका कर्मी रामअवतार मीणा, गजानंद शर्मा, ललिता बैरवा, प्रेम शर्मा, बृजेश गौतम सहित नगर पालिका कार्मिक, व्यापार मंडल से जुड़े कई पदाधिकारी वह प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बोर्ड की बैठक बुलाने व भ्रष्टाचार सहित अन्य मांगों पर पार्षदों ने धरना दिया

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर गुरुवार को नगरपालिका में सभी वार्ड पार्षदों ने नपा प्रशासन के खिलाफ एकजुट होकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं नगरपालिका कार्यालय में कामकाज ठप रहा। पार्षदों ने अनिश्चित कालीन धरना देते हुए अपनी मांगें रखीं। उन्होंने बोर्ड की बैठक बुलाने का आग्रह किया।

चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी ने कहा कि पार्षदों के द्वारा दिए गए योजनाओं का प्राक्कलन तैयार नहीं किया जा रहा है वार्डों में प्रस्तावित और स्वीकृत योजनाओं में कोई कार्य नहीं हो रहा है, योजनाबद्ध तरीके से सफाई नहीं हो रही है। इसके अलावा योजना का व्यस्थित और सुचारू रूप से संचालन नहीं हो रहा है। कर्मचारी अपनी मनमानी करने में लगे हुए हैं।

वाइस चेयरमैन अशोक सैनी ने आरोप लगाया है कि नपा की योजनाओं में भेदभाव किया जा रहा है।



पार्षदों ने धरने के दौरान पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका ईओ हरिनारायण यादव को ज्ञापन दिया।

जनसमस्याओं को दूर करने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। कमीशन व दलाली चरम सीमा पर है। वहीं नगरपालिका में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे भ्रष्टाचार व उस पर अंकुश लगाने, कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की जांच करने व उनके खिलाफ कार्यवाही करने, साधारण सभा आयोजित करने सहित अन्य मुद्दों के बारे में बार-बार अनुरोध करने के उपरान्त भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और जनता में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। इससे पार्षदों को वार्डवासियों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है।

- **नगरपालिका ईओ के लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया**

वार्ड पार्षदों ने कहा कि जल्द से जल्द समय रहते उक्त जनहित की समस्याओं का समाधान कराने के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को देने की कृपा करे। अन्यथा जनता के साथ सड़कों पर उतरकर भूख हड़ताल व बड़ा आंदोलन किया जायेगा। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ हरिनारायण यादव द्वारा साधारण सभा 29 जून को करने व पार्षदों को सम्मान देने, जिन कर्मचारियों की शिकायत है उन्हें हटाने सहित नियमानुसार कार्यों को करने पर लिखित सहमति के बाद धरना समाप्त किया गया। वही पार्षदों ने बताया कि यदि 15 दिन में लिखित आश्वासन को क्रियान्वित नहीं किया जाता है तो वापस धरना दिया जायेगा। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह, वार्ड पार्षद राहुल चौहान, विजय गुप्ता, लोकेश शर्मा, संजय सैन, मोठूराम, राजू शर्मा, विकास शर्मा, नवरतन सोनी, जगदीश ओला, पार्षद कुंदन लाल स्वामी, आशा देवी, मुकेश कवर, पिंटू शर्मा, गीता देवी, सलोनी देवी ,राजेंद्र पारीक, सुमन देवी, शर्मिला देवी, श्याम सिंह शेखावत, निर्मला देवी, संदीप कुमार मीणा, मीरा देवी, गिरधारी लाल शर्मा, मनोज कुमार चावला, झाबरमल स्वामी, धर्मपाल यादव, मुकेश कुमार पटवा, सुषमा देवी, विशंभर दयाल मेहरा, कमली देवी सहित वार्ड पार्षद व जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### वार्षिकोत्सव एवं पाटोत्सव मनाया



**फुलेरा, (निसं)।** पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन श्री ठाकुर जी महाराज मन्दिर परिसर में गुरुवार को प्रात: 8:15 बजे श्री ठाकुर जी सेवा समिति फुलेरा के तत्वावधान एवं समिति के अध्यक्ष नटवरलाल शर्मा की अध्यक्षता में ठाकुर जी का वार्षिकोत्सव पाटोत्सव के रूप बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मन्दिर के पुजारी पण्डित शिवनारायण शर्मा के सानिध्य में ठाकुरजी महाराज, राघवेन्द्र सरकार श्री पंचायत का पंचामृत से रुद्राभिषेक, पुरुष सूक्त अभिषेक, महास्नान करवाकर पुष्प मालाओं से भव्य श्रंगार किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में धर्मप्रेमी यादराम जोशी व सम्पत देवी रहे। पण्डित शिवनारायण शर्मा एवं नरनारायण शर्मा के द्वारा विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न करवायी गयी। साथ ही महिला मण्डल की सम्पत शर्मा, कमला प्रजापति, विमला शर्मा, गुलाब जांगिड़, सुशीला जांगिड़, शकुंतला जांगिड़, उषा, संतु कुमावत, सीता शर्मा, अंजना शर्मा के द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम के अंतिम चरण में यजमानों एवं समिति के सदस्यों के द्वारा महाआरती कर प्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर रमेश चन्द जागिङ, जुगल किशोर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, श्री किशन जागिङ, दिलीप टांक, शुभम, रामपाल कुमावत, अवधेश टांक, राजेन्द्र, गोपाल सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### कौशल सिलाई प्रशिक्षण का समापन

**निवाई, (निसं)।** डॉ. अनिल अग्रवाल फाउंडेशन व सहयोगी संस्था ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा संचालित नंदघर परियोजना के तहत महिला कल्याण संस्था जयपुर द्वारा समन्वय स्थापित करके ग्राम पंचायतों के नंदघर पर 30 किशोरियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का गुरूवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षक द्वारा कुर्ता,पायजामा, ब्लाउज,लहंगा सहित अन्य वस्त्रों की सिलाई सिखाई गई। मैनेजर भारती ने बताया कि सिलाई प्रशिक्षण से किशोरियों को जीवन यापन करने में सुविधा होगी। फील्ड कॉ-ऑर्डिनेटर प्रिंस मौर्य, विजय, बीना जायसवाल और नन्द घर परियोजना से सुपरवाइजर रोडूलाल एकलस्टर कॉऑर्डिनेटर गीता माली,नंदघर कार्यकर्ता कमलेश विजय, आशा सहयोगिनी अनिता मीना,सहायिका कंचन मीणा इत्यादि उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता भंडारी की पुण्यतिथि मनाई

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनसंघ के संस्थापक सदस्य सुन्दर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद किया। किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ पी यादव ने इनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों को लेकर बोराज पंचायत बुध संख्या 119 ओर 121 के किसान भाईयों से जनसम्पर्क किया। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ पी यादव, मीडिया प्रभारी गोरी कुमावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहिताश ढोलिया, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कड़वा, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री सुरेन्द्र सिंह मीणा, आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक

**बौंली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी बौंली मंडल कार्यसमिति की बैठक निवाई रोड स्थित जगत शिरोमणि जी की धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. भरत लाल मथुरिया ने की। इस अवसर पर संतोष मथुरिया, बौंली मंडल अध्यक्ष रामअवतार मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसहाय फागणा, मित्रपुरा महामंत्री महेश शास्त्री, रामनिवास गुर्जर, गंगा लाल पीटीआई, वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान सिंह नरूका, बौंली मंडल महामंत्री गोविंद नारायण भदोरिया सहित अनेकों कार्यकर्ता व पदाधिकारीउपस्थित थे।

### चार सीएचसी के भवन निर्माण के लिए 20 करोड़ स्वीकृत

**लालसोट।** राज्य सरकार ने लालसोट विधानसभा क्षेत्र में चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए लगभग 20 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने बताया कि लालसोट के राहुवास, दौलतपुरा, बगड़ी और डीडवाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए 19.65 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है शीघ्र ही टेंडर जारी करवाकर इन चिकित्सा संस्थानों के भवन निर्मित करवाएं जायेंगे। चिकित्सा मंत्री ने बताया की क्षेत्र के ऐसे सभी चिकित्सा संस्थान जिनका भवन नही है, उनके भवन निर्माण की स्वीकृति जारी करवाकर शीघ्र भवन निर्मित करवाएं जायेंगे।


**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2022/117-119 Date: 23-06-2022

**ई-निविदा सूचना संख्या: 23/2022-23**

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यों की कुल लागत | : | रूपये 890.43 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 25-06-2022 को प्रात: 10.00 बजे से 25-07-2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| Online EMD Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 25-06-2022 को प्रात: 10.00 बजे से 25-07-2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 27-07-2022 को प्रात: 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN: ITU2223WLOB00262

( हितेश सुखवाल ) - अधिशाषी अभियन्ता- द्वितीय, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी (दौसा)**

Email ID-mandawari.jaipur@gmail.com

क्रमांक-न.पा.म./2022/919 दिनांक-23.6.2022

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मानसून को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका, मण्डावरी क्षेत्र के बाजारों में बनी हुई नालियों का सफाई कार्य वर्तमान में प्रगति पर चल रहा है। मैन बाजार में पानी के भराव की समस्या के निदान हेतु नालियों की सफाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। अतः सार्वजनिक मार्ग पर दुकान के सामने नालियों के ऊपर रखी गई पट्टियों को मालिक /दुकानदार स्वयं 02 दिवस से हटा लेवें, ताकि नालियों की सफाई /मरम्मत का कार्य किया जाकर वर्षा के पानी की निकासी सुगमता से हो सकें । कृपया सूचित रहें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, मण्डावरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत धोबलाई**
**पंचायत समिति गोविन्दगढ़ जिला-जयपुर**

क्रमांक-ग्रा.प./ई-निविदा/2022/67 दिनांक-20.6.2022

**ई-निविदा सूचना संख्या /2022-23**

ग्राम पंचायत धोबलाई में वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य वित्त आयोग पष्ठम योजना अन्तर्गत स्वीकृत सात कार्य संकर्म राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012, नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1996 के नियम 181(2) के अनुसार करवाने हेतु सक्षम श्रैणी में पंजीकृत प्रतिष्ठनों/संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाईन निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण sppp.rajasthan.gov.in से download की व देखी जा सकती है।

**UBN No. PFA2223WSOB00399 to 00405**

सरपंच
ग्राम पंचायत धोबलाई

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत धोबलाई



मेरे लिये यह अधिक से अधिक प्रथम श्रेणी मैचों में खेलने से जुड़ा था। यह अनुभव महत्वपूर्ण था। जब आप फॉर्म में वापसी करना चाहते हैं, जब आप अपनी लय हासिल करना चाहते हैं, जब आपके पास वह एकाग्रता हो तो कुछ लंबी पारियां खेलना महत्वपूर्ण होता है। - चेतेश्वर पुजारा

भारतीय बल्लेबाज, प्रथम श्रेणी क्रिकेट से फॉर्म हासिल करने पर।




आज का खिलाड़ी ▶ **रविचन्द्रन अश्विन**



**कोविड-19** पॉजिटिव पाए जाने के कारण एकमात्र 'पांचवें टेस्ट' के लिए भारतीय टीम के साथियों के साथ ब्रिटेन रवाना नहीं होने वाले सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन लीसेस्टर में टीम के साथ जुड़ गए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पृथकवास से गुजर रहे अश्विन लीसेस्टर में टीम के अपने साथियों से जुड़ गए जहां भारतीय टीम अभ्यास मैच खेल रही है। भारतीय टीम 16 जून को ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी। सूत्र ने बताया, ''हां, अश्विन टीम के साथ जुड़ गए हैं लेकिन वह अब भी उबर रहे हैं। वह अभ्यास मैच खेलने के लिए फिट नहीं हैं।''

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंद फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# जेमिमा की पारी के बाद शानदार गेंदबाजी से भारत जीता, श्रीलंका के खिलाफ 1-0 की बढ़त बनायी

दाम्बुला, 23 जून। जेमिमा रोड्रिगेज की वापसी पर खेली गयी अहम पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने गुरूवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 34 रन से जीत दर्ज की।

महज 139 रन के स्कोर का बचाव करते हुए बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव (22 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले के बाद अपनी मौजूदगी दर्ज करायी और खतरनाक दिख रही श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू (16 रन) और हर्षिता मादावी (10 रन) को तीन गेंद के अंदर आउट कर दिया। सात ओवर में श्रीलंका ने 27 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद टीम दबाव में आ गयी और वह कभी भी लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। फिर तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की कसी गेंदबाजी ने उसकी उम्मीदें तोड़ दी जिन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 13 रन देकर एक विकेट झटका।

दीप्ति शर्मा ने भारत को अच्छी शुरूआत करायी जिन्होंने सलामी बल्लेबाज वी गुणरत्ने (शून्य) को दूसरे ही ओवर में आउट कर दिया। इस सीनियर ऑफ स्पिनर ने पावरप्ले में बेहतरीन गेंदबाजी की और उन्होंने तीन ओवर में एक मेडन से नौ रन देकर एक विकेट झटका। दीप्ति ने साथ ही डीप स्क्वायर लेग में दौड़ते हुए एक बेहतरीन कैच भी लपका जिससे राधा यादव को दिन का अपना दूसरा विकेट मिला।

कविशा दिलहारी मेजबान टीम के लिये अकेले दम पर जुटी थी जिन्होंने 49 गेंद में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाये लेकिन भारत की शीर्ष स्तरीय गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने सुनिश्चित किया कि उसकी टीम तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ले।

मेजबानों को अंतिम पांच ओवर में 78 रन की दरकार थी और कविशा ने हरमनप्रीत कौर और राधा यादव के खिलाफ कुछ बाउंड्री लगायी। लेकिन इतना ही काफी नहीं था क्योंकि भारतीयों ने घरेलू टीम की रन गति पर लगाम कस रखी थी और उन्हें पारी में एक भी छक्का नहीं लगाने दिया। शेफाली वर्मा ने अंतिम ओवरों में अमा कंचना (11) को आउट कर दिया जिसके बाद श्रीलंका की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 104 रन ही बना सकी। श्रृंखला का दूसरा मैच शनिवार को खेला जायेगा।

इससे पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद भारत ने श्रीलंका की अनुशासित गेंदबाजी के सामने रोड्रिगेज की 27 गेंद में 36 रन की पारी की मदद से छह विकेट पर 138 रन का स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (01) का विकेट पारी के तीसरे ओवर में ही खो दिया। 25 साल की भारतीय खिलाड़ी हाथ खोलने के प्रयास में अनुभवी ओाशादी का शिकार बनीं। वह शॉट खेलने की कोशिश में गेंद सीधे मिडऑन पर खड़ी चामरी अटापट्टू को कैच दे बैठीं।

सभिनेनी मेघना एक भी रन नहीं जोड़ सकीं और अनुभवी राणासिंघे ने उन्हें ड्रेसिंग रूम में भेज दिया। गर्म और उमस भरे हालात में शुरू में ही दो विकेट गंवाने के बाद टीम पर दबाव साफ दिख रहा था। हरमनप्रीत और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने इस नाजुक स्थिति को संभाला।

शेफाली (31 रन) आउट होने वाली तीसरी खिलाड़ी रही जिन्हें अटापट्टू ने अपना शिकार बनाया जब वह बड़ा शॉट खेलने का प्रयास कर रही थीं। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी कर सुनिश्चित किया कि उन्हें जल्द ही बड़ा विकेट मिल जाये और ऐसा हुआ भी जब कप्तान हरमनप्रीत (22) 11वें ओवर में स्पिनर इनोका राणावीरा की गेंद पर पगबाधा आउट हुई।

राणावीरा ने दो और विकेट अपने नाम किये, उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष (11) और पूजा वस्त्राकर (14) के विकेट लेकर मेहमान टीम के 17 ओवर में छह विकेट झटक लिये थे जबकि उसका स्कोर महज 106 रन था। टीम में वापसी कर रही रोड्रिगेज ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बखूबी निभायी। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी रोड्रिगेज दबाव में नहीं आयी और उन्होंने टीम के लिये अहम रन जुटाये। उन्होंने तीन चौके और एक छक्का जमाया और दूसरे छोर पर दीप्ति शर्मा ने आठ गेंद में 17 रन जोड़े।

## सरफराज शो के बाद मध्य प्रदेश का ठोस जवाब

### मुंबई ने 374 रन बनाये

बेंगलुरु, 23 जून। सरफ़राज़ ख़ान (134) के शतक की बदौलत मुंबई के 374 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन के अंत तक एक विकेट के नुकसान पर 123 रन बना लिये।

मुंबई के लिये दूसरे दिन 248/5 से शुरुआत करते हुए सरफ़राज़ ने मध्य प्रदेश को 'सरफ़राज़ शो' दिखाया। एक तरफ़ जहां मुंबई के अन्य बल्लेबाज़ एमपी की फिरकी के आगे बेअसर नज़र आये, सरफ़राज़ ने मोर्चा संभालते हुए रणजी के इस सत्र का चौथा शतक जड़ा। सरफ़राज़ ने 243 गेंदें खेलकर 13 चौकों और दो छक्कों की मदद से 134 रन बनाये। सरफ़राज़ के अलावा शम्स मुलानी ने 12, तनुष कोटियान ने 15, तुषार देशपांडे ने छह और मोहित अवस्थी ने सात रन बनाये।

मध्य प्रदेश की ओर से सबसे सफ़ल गेंदबाज़ गौरव यादव रहे जिन्होंने 35.4 ओवर में 106 रन देकर सरफ़राज़ खान के बहुमूल्य विकेट सहित चार विकेट झटके। इसके अलावा अनुभव अग्रवाल ने तीन, सारांश जैन ने दो और कुमार कार्तिकेय ने एक विकेट लिया।

मुंबई के 374 रन का जवाब देने उतरी मध्य प्रदेश को हिमांशु मंत्री और यश दूबे ने अच्छी शुरुआत दिलायी। दोनों के बीच 47 रन की साझेदारी हुई। शुरुआती ओवरों में दोनों बल्लेबाज़ों ने अपना समय लिया, लेकिन इस सीज़न के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज शम्स मुलानी के आते ही हिमांशु ने अपने हाथ खोले। हिमांशु ने मुलानी के दूसरे ओवर में दो छक्के जड़कर पारी का गियर बदला। मुलानी ने दिन के अपने 11 ओवर में 46 रन दिये।

हिमांशु 49 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों सहित 31 रन बनाकर लय में दिख रहे थे मगर तुषार देशपांडे ने उन्हें एलबीडब्ल्यू कर मुंबई को पहली सफ़लता दिलायी। तीसरे नंबर पर आये शुभम शर्मा ने सलामी बल्लेबाज़ यश दूबे के साथ 76 रन की साझेदारी कर ली है। दिन का खेल समाप्त होने तक मध्य प्रदेश ने 123/1 रन बना लिये हैं। यश 131 गेंदों पर 44 रन (छह चौके) बनाकर खेल रहे हैं जबकि शुभम ने 65 गेंदों पर 41 रन (छह चौके) बना लिये हैं।

पहले सत्र में सरफ़राज़ शो के बाद जहां मध्य प्रदेश पिछड़ी हुई लग रही थी, वहीं उन्होंने सूझ-बूझ के साथ बल्लेबाज़ी करते हुए दूसरे दिन सिर्फ एक विकेट गंवाया। दूसरे दिन के अंत तक मध्य प्रदेश 251 रन से पिछड़ी हुई है, मगर उनके पास नौ विकेट भी बाकी हैं, जो मुंबई के लिये चिंता का विषय है। इससे पहले सरफराज ने इस रणजी सीज़न का चौथा शतक बनाया और आसमान को इशारा करते हुए थाई-फ़ाइव। यह सरफ़राज़ ख़ान का शतक पूरा करने के बाद जश्न मनाने का अंदाज़ था। इसके बाद वह पवेलियन की ओर बल्ला दिखाते हुए थोड़ा भावुक भी हुए।

यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सरफ़राज़ का आठवां शतक था, जिसमें से वह सिर्फ़ दो में ही 150 का आंकड़ा छू नहीं पाए हैं। लेकिन इसे सरफराज़ के अब तक के करियर का सबसे महत्वपूर्ण शतक कहा जा सकता है क्योंकि यह तब आया जब मध्य प्रदेश की गेंदबाज़ी के सामने मुंबई का मध्यक्रम लड़खड़ाता हुआ दिख रहा था।

2019-20 के पिछले रणजी सीज़न में सरफ़राज़ ने नौ पारियों में 928 रन बनाए थे। इस सीज़न में भी वह आठ पारियों में 133.85 के औसत के साथ 937 रन बना चुके हैं। कम से कम 2000 प्रथम श्रेणी रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों में उनका औसत (82) सिर्फ़ सर डॉन ब्रैडमेन से ही कम है।

इस सीज़न से पहले सरफ़राज़ के अब्बू नौशाद ख़ान ने उनसे मयंक की तरह फिर से सीज़न बनाने को कहा था। मयंक की तरह से मतलब जिस तरह से 2017-18 सीज़न में बड़े-बड़े शतक लगाकर कर्नाटक के मयंक अग्रवाल ने टीम इंडिया में जगह बनाई थी, कुछ उस तरह ही। सरफ़राज़ ने अपने अब्बू से किया गया वह वादा पूरा किया है। लेकिन सरफ़राज़ का यह प्रदर्शन और भी विशेष है क्योंकि मयंक सलामी बल्लेबाज़ी करते हैं, जहां उनके पास बल्लेबाज़ी करने का पर्याप्त मौक़ा होता है। वहीं सरफ़राज़ मध्य क्रम में नंबर पांच पर आते हैं, जहां पर कभी-कभी तो बल्लेबाज़ी के भरपूर मौक़े होते हैं लेकिन कभी-कभी उन्हें पुछल्ले बल्लेबाज़ों के साथ पारी को संभालना होता है।

## गंगजी कोरिया ओपन में 29वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय

चिओनान (कोरिया), 23 जून। भारत के राहिल गंगजी यहां कोलोन कोरिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में एक ओवर 72 के स्कोर के साथ भारतीयों के बीच सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 29वें स्थान पर चल रहे हैं। गंगजी 15 होल के बाद शीर्ष पांच में चल रहे थे लेकिन अंतिम तीन होल में बोगी में साथ वह नीचे खिसक गए। गगनजीत भुल्लर दो ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं जबकि वीर अहलावत (78) और हनी बैसोया (80) क्रमश: संयुक्त 120वें और संयुक्त 133वें स्थान पर चल रहे हैं।

## राष्ट्रमंडल खेलों में भी सविता करेगी कप्तानी

नयी दिल्ली, 23 जून। इंग्लैंड के बर्मिंघम में 28 जुलाई से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी गोलकीपर सविता करेंगी, जबकि ठोस एक्का को टीम की उपकप्तानी सौंपी गयी है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारत को पूल-ए में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ रखा गया है। भारत का पहला मुकाबला 29 जुलाई को घाना के विरुद्ध होगा। हॉकी इंडिया ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों के लिये घोषित 18 सदस्यीय स्क्वाड में सविता के साथ रजनी एटीमारपू को बतौर गोलकीपर शामिल किया गया है। दीप ठोस एक्का के साथ डिफेंडर गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता को टीम में जगह दी गयी है। मिडफील्डर निशा, सुशीला चानू पुखरमबम, मोनिका, नेहा, ज्योति, नवजोत कौर और सलिमा टेटे को भी बर्मिंघम के लिये चुना गया है। फॉर्वर्डलाइन में अनुभवी वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, शर्मीला देवी और युवा संगीता कुमारी को टीम का हिस्सा बनाया गया है।

चोट के कारण रिहैब से गुजर रहीं रानी रामपाल को राष्ट्रमंडल खेलों के लिये नहीं चुना गया। इससे पहले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप के लिये घोषित टीम में भी रानी को शामिल नहीं किया गया था। रानी की अनुपस्थिति में सविता दोनों प्रतियोगिताओं में टीम की कप्तानी करेंगी।

गोल्ड कोस्ट में हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिलाओं ने चौथा स्थान हासिल किया था। एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के साथ तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय महिलाओं से उम्मीद की जा रही है कि वे राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम पर जगह बनाएंगी। टीम चयन के बारे में बात करते हुए टीम के कोच जैनेके शॉपमैन ने कहा, हमने राष्ट्रमंडल खेलों के लिये एक अनुभवी टीम चुनी है।

## ईस्टबॉर्न युगल के सेमीफाइनल में पहुंची सेरेना, जब्यूर

ईस्टबॉर्न, 23 जून। ग्रैंड स्लैम युगल चैम्पियनशिप की 23 बार की विजेता सेरेना विलियम्स ने अपनी ट्ययूनीशिया की साथी ऑन्स जब्यूर के साथ मिलकर रोथसे इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सेरेना-जब्यूर की जोड़ी ने बुधवार को हुए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की शुको औयामा और ताइवान की चान हाओ चिंग को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। पिछले साल के विम्बल्डन में चोट लगने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही सेलेना ने पहली बार विश्व की नंबर तीन जब्यूर के साथ जोड़ी बनायी है। विलियम्स और जब्यूर सेमीफाइनल में सर्बिया की एलेक्ज़ांद्रा क्रूनिच और पोलैंड की मैग्डा लिनेटे का सामना करेंगी। विलियम्स ने सेमीफाइनल में कदम रखने के बाद कहा, मैंने विम्बल्डन और इस टूर्नामेंट की तैयारी में काफी गहन प्रशिक्षण किया है। यह मेरे लिये कारगर रहा है। मुझे लगता है कि मैं बेहतर सर्व कर रही हूं। सात बार की विम्बल्डन विजेता विलियम्स को आगामी विम्बल्डन में एकल प्रतियोगिता में वाइल्ड कार्ड के रूप में शामिल किया गया है।

## मेदवेदेव, सिटसिपास आगे बढ़े, किर्गियोस ने नाम वापस लिया

पाल्मा, 23 जून। दानिल मेदवेदेव और स्टेफानोस सिटसिपास ने मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि निक किर्गियोस विंबलडन से पहले चोट से बचने के लिये इस टूर्नामेंट से हट गये। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव ने असलान करात्सेव को 4-6, 6-3, 6-2 से जबकि सिटसिपास ने इल्या इवाश्का को 6-4, 6-4 से पराजित किया। मेदवेदेव का सामना अब रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा, जो किर्गियोस के मैच से पहले हटने के कारण आगे बढ़े हैं। मेदवेदेव इस साल विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ऑल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा रखा है। विश्व में छठे नंबर के सिटसिपास का अगला मुकाबला अमेरिका के मार्क्स गिरोन से होगा, जिन्होंने हमवतन मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराया।

## सिंगापुर तैराकी : नटराज, आंब्रे और गौड़ा को स्वर्ण

सिंगापुर, 23 जून। तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले श्रीहरि नटराज और माना पटेल ने गुरुवार को यहां सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारत ने पहले दिन पांच पदक अपनी झोली में डाले।

प्रतिभावान तैराक मिहिर आंब्रे ने 50 मीटर बटरफ्लाई जबकि अनीष गौड़ा ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल का खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले इस तैयारी प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने तीन स्वर्ण पदक जीते।

शिवा श्रीधर ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 57.58 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक से कुल पांच पदक जीते। ओलंपिक मानक समय हासिल करने वाले सबसे युवा भारतीय तैराक नटराज ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 55.32 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक में माना ने एक मिनट 4.47 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता।

## मलेशिया के ली जी जिया राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

नयी दिल्ली, 23 जून। पूर्व ऑल इंग्लैंड चैम्पियन ली जी जिया ने अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यभार प्रबंधन के लिये आगामी राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया है। विश्व में पांचवें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी के हटने से भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन के लिये बर्मिंघम खेलों में स्वर्ण पदक जीतना थोड़ा आसान हो जाएगा। सिंगापुर के विश्व चैंपियन लोह कीन यू भी दावेदारों में शामिल हैं। जी जिया ने ट्विटर पोस्ट किये गये वीडियो में कहा, ''यह मुश्किल फैसला था क्योंकि इससे पहले भी मैं लगातार दो टूर्नामेंट में खेला हूं लेकिन मुझे आराम की जरूरत है और (इसलिए) मुझे राष्ट्रमंडल और विश्व चैंपियनशिप में से किसी एक का चयन करना था।''

## विश्वकप के फाइनल में पहुंची महिला रिकर्व टीम

पेरिस, 23 जून। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाज़ी टीम ने गुरुवार को तीरंदाज़ी विश्व कप के तीसरे चरण के फाइनल में प्रवेश करते हुए भारत के लिये कम से कम रजत पदक सुनिश्चित कर दिया। दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और सिमरनजीत कौर जैसे शीर्ष तीरंदाज़ों से सुसज्जित भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में आठवीं सीड तुर्की को 5-3 से हराया। भारत को रविवार को होने वाले फाइनल में स्वर्ण के लिये चीनी ताइपे का सामना करना है। पहले राउंड में बाय मिलने के बाद भारत ने दूसरे राउंड में यूक्रेन को 5-1 से शिकस्त दी। दीपिका, अंकिता और सिमरनजीत की तिकड़ी ने क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस बीच, पुरुषों की रिकर्व टीम दूसरे राउंड से आगे नहीं जा सकी। ओलंपियन तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और जयंत तालुकदार की टीम को शूट-ऑफ में स्विट्ज़रलैंड के हाथों 5-4 से हार का सामना करना पड़ा।

## शुभी गुप्ता ने वेस्टर्न एशिया चैस में लहराया भारत का परचम

गाजियाबाद, 23 जून। शतरंज में बालिका वर्ग की नेशनल चैम्पियन शुभी गुप्ता ने मालदीव में आयोजित वेस्टर्न एशिया चैस चैम्पियनशिप में भारत का नाम रोशन कर दिया है। शुभी ने बुधवार देर शाम इस इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता के तीन फार्मेट क्लासिक, रैपिड और बिल्टज में सिल्वर मैडल जीत लिए। उसने ये मैडल अंडर 12 गर्ल्स श्रेणी में हासिल किए। यह चैस प्रतियोगिता मालदीव में 16-22 जून के सप्ताह में आयोजित हुई थी। इस स्पर्धा का गोल्ड कजाखिस्तान की कलिखमेत इलनाज ने जीता और इसी देश की असिलखान आसिया तीसरे स्थान पर रही।

शुभी ने क्लासिक फार्मेट के नौ राउंड में कुल 7.5 अंक हासिल किए जबकि इलनाज को 8 अंक मिले। आधे अंक के नुकसान के कारण इस भारतीय खिलाड़ी को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। उसका आखिरी मुकाबला किर्गीजस्तान की अजीजोवा अदाल्या से हुआ।

शुभी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए ग्रुनफील्ड ओपनिंग से शुरूआत की और 50 चालों के बाद अदाल्या को हरा कर मैडल पर कब्जा जमा लिया। इस वेस्टर्न एशिया चैस चैम्पियनशिप में चैस खेलने वाले नौ देशों के 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में भारत को बेस्ट फेडरेशन प्राइज से भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद निवासी शुभी गुप्ता ने इस साल अप्रैल महीने में कर्नाटक के मांडया में आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में अंडर 12 बालिका श्रेणी में सर्वोच्च स्थान हासिल करके सबको चौंका दिया था।

## अंतर्राष्ट्रीय करियर के 15 साल पूरे होने पर रोहित ने साझा किया पत्र

लीसेस्टर, 23 जून। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 15 साल पूरे होने पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पत्र साझा करते हुए कहा कि वह इस सफ़र को जीवन भर संजोकर रखेंगे। इंग्लैंड में पुनर्निर्धारिता पांचवे टेस्ट की तैयारियों में लगे रोहित ने पत्र में लिखा, आज मैं भारत के लिये अपना पदार्पण करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे करने जा रहा हूं। यह सफ़र बेहतरीन रहा है, मैं जीवन भर इसे संजोकर रखूंगा। उन्होंने कहा, मैं इस सफ़र में का हिस्सा रहने वाले हर व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं, और खासकर उन लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे वह खिलाड़ी बनने में मदद की जो मैं आज हूं। रोहित ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2007 में की थी।

## स्वीडन ने इंजरी समय में गोल कर भारत को हराया

स्टॉकहोम, 23 जून। स्वीडन की अंडर-23 महिला फ़ुटबॉल टीम ने बुधवार को एंजलहोम्स आईपी में हुए मुकाबले में इंजरी समय में गोल करके भारत को 1-0 से हराया। स्वीडिश महिलाओं ने शुरुआती दौर में बेहतर प्रहार किया, लेकिन भारत ने दबाव से उबरते हुए अटैकिंग रवैया अपनाया। भारत के लिए पहला मौका 12वें मिनट में आया जब मनीषा कल्याण ने मार्टिना थोकचोम से लेफ्ट फ्लैंक पर गेंद ली। मनीषा ने भारत के लिये पहला गोल करने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे कीपर के हाथों में गयी। मनीषा ने 35वें मिनट में एक बार फिर प्रयास किया लेकिन स्वीडिश डिफेंडर उन्हें रोकने में सफल रहे। अंजू तमांग की ओर से 40वें मिनट में एक प्रयास हुआ लेकिन स्वीडन की गोलकीपर एम्मा होल्मग्रेन ने उसे आसानी से पकड़ लिया। विरोधियों ने भी कई बार गोल करने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर अदिति चौहान डटी रहीं और कई मौकों पर उन्होंने सतर्कता दिखायी। भारत का सर्वश्रेष्ठ मौका मैच के 73वें मिनट में आया जब प्यारी ने मनीषा के पास की सहायता से गोल करना चाहा, लेकिन वह नेट में गेंद नहीं पहुंचा सकीं। मैच के 90 मिनट पूरे होने पर दोनों टीमें शून्य पर थीं। अतिरिक्त समय में एबा हेड ने कॉर्नर किक लगाया, जो लिन विकियस के कदमों में जा पहुंचा और उन्होंने गेंद को नेट में पहुंचाकर 96वें मिनट में मैच के पहले गोल के साथ स्वीडन को 1-0 से जीत दिलायी। भारतीय अंडर-23 महिला फुटबॉल टीम का अगला मुकाबला 25 जून को अमेरिका से होगा।

## अब्बू के लिये शतक और जांघ पर हाथ मारकर जश्न मनाना दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के लिये : सरफराज

बेंगलुरू, 23 जून। मुंबई रणजी टीम के क्रिकेटर सरफराज खान ने गुरूवार को यहां मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी फाइनल में बनाये गये अपने शतक को अपने पिता और कोच नौशाद खान को समर्पित किया।

शतक जड़कर मुंबई को पहली पारी में 374 रन तक पहुंचाने वाले सरफराज की आंखे डबडबाई हुई थी, उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''यह शतक मेरे अब्बू (पिता) की वजह है, यह उनके बलिदान की वजह से है और उस समय मेरा हाथ थामने की वजह से है जब मैं निराश था। ''

नौशाद के दोनों बेटे सरफराज और मुशीर मुंबई टीम में ही खेलते हैं। यह पूछने पर कि क्या भारतीय टीम में जगह बनाने का सपना पूरा होने की ओर है? इस सवाल के जवाब में सरफराज की आंखे डबडबा गयीं।

उन्होंने कहा, ''हमारी जिंदगी सब कुछ उन छोटे छोटे सपनों के लिये हैं जिन्हें हम संजोते हैं। सपने हम (वह और उनके पिता) साथ देखते हैं। मैंने मुंबई में वापसी के बाद से दो सत्र में जो 2000 के करीब रन बनाये हैं, वह सब मेरे अब्बू की वजह से है। '' जब कोई मैच नहीं होता तो दोनों भाई अपने पिता की निगरानी में प्रत्येक दिन छह से सात घंटे अभ्यास करते हैं।

कुछ अनुशासनात्मक मुद्दों के कारण सरफराज को एक सत्र के लिये उत्तर प्रदेश जाना पड़ा और उन्होंने वापसी करने से पहले 'कूलिंग ऑफ' समय बिताया जिसके बाद वह फिर मुंबई की टीम में चुने गये।

सरफराज ने कहा, ''आप सब तो जानते हो मेरे साथ क्या हुआ। अब्बू ना रहते तो मैं खत्म हो जाता। उन्होंने कहा, ''इतनी सारी समस्यायें थीं और जब मैं सोचता कि मेरे अब्बू इन सबसे कैसे निपटे तो मैं भावुक हो जाता हूं।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1178-79 दिनांक-14.06.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्रीमती शान्ति देवी धर्मपत्नी श्री नेमीचन्द जाति खटीक निवासी वार्ड नं.33 पुष्प नगर कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका श्रीमाधोपुर के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 33 पुष्प नगर श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व में प्लाट श्री ओमप्रकाश चौहान का, पश्चिम में 12'-0'' का आम रास्ता, उत्तर में 13'-0'' का आम रास्ता, दक्षिण में प्लाट श्री राकेश चौहान का होकर अवस्थित है। | आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 37'-5'' उत्तर दक्षिणी 60'-5'' होकर कुल 251.21 वर्गगज या 210.04 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1181-82 दिनांक-14.06.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्री राकेश चौहान पुत्र श्री नेमीचन्द जाति खटीक निवासी वार्ड नं. 33 पुष्प नगर कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका श्रीमाधोपुर के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 33 पुष्प नगर श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व में प्लाट श्री कल्याण सहाय का, पश्चिम में आम रास्ता, उत्र में श्रीमती शान्ति देवी का प्लाट, दक्षिण में आम रास्ता अवस्थित है। | आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 37'-5'' उत्तर दक्षिणी 39'-8'' व उत्तर दक्षिणी 60'-5'' होकर कुल 258.80 वर्गगज या 216.36 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1175-76 दिनांक-16.04.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री नेमीचन्द जाति खटीक निवासी वार्ड नं. 33 पुष्प नगर कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका श्रीमाधोपुर के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 33 पुष्प नगर श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व में प्लाट श्री गिरधारी चौहान का, पश्चिम में प्लाट श्रीमती शान्ति देवी का उत्तर में 13'-0'' का आम रास्ता, दक्षिणी में प्लाट श्री कल्याण सहाय का होकर अवस्थित है। | आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-37'-5'' उत्तर दक्षिणी 60'-5'' होकर कुल 251.21 वर्गगज या 210.04 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11819905 और 35039630 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. भंवर स्टील एन्टरप्राइजेज 2. विजय प्रताप सिंह 3. सुरेश कंवर 4. भंवर सिंह शेखावत | 18.06.2022 | 62,94,910.14/- | प्लाट नं.45, क्षेत्रफल 250 वर्गगज, अम्बेडकर स्कीम नं.2, बंधु नगर, जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं.44, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-रोड |
| 2 | 27908050 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. विजय कुमार जांगिड़ 2. आशा देवी 3. महालक्ष्मी हार्डवेयर एण्ड मशीनरी स्टोर 4. महेन्द्र कुमार जांगिड़ 5. राजेन्द्र कुमार जांगिड़ 6. सुरेन्द्र कुमार जांगिड़ 7. सुवालाल जांगिड़ | 18.06.2022 | 31,52,865.55/- | सम्पत्ति पट्टा नं.11, ग्राम एवं ग्राम पंचायत-मोरीजा, तहसील-चौमू, जिला-जयपुर (राज.) क्षेत्रफल 183 वर्गगज, का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-गली, फिर द्वारिका प्रसाद तिवारी का मकान, पश्चिम-गली, फिर भैंरूराम का मकान, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-गली, फिर चौथमल पटवारी का मकान |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

दिनांक- 24.06.2022 ह./-
स्थान- जयपुर प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)



फ्रांस के पश्चिमी तट पर आइलैण्ड ऑफ रेआ एक लोकप्रिय ग्रीष्म पर्यटन स्थल है। खूबसूरत समुद्र तटों के अलावा यहां का एक प्रमुख आकर्षण हैं गधे। ये गधे साधारण नहीं बल्कि पॉत्तू गधे हैं जिनका उद्‌गम फ्रांस का पॉत्तू क्षेत्र है। सबसे बड़े गधों की इस नस्ल के बड़े साइज़ के कारण द्वीप के नमक उद्योग में इनका इस्तेमाल होता था। बड़े शरीर के अलावा लम्बा झबरीला फर, जिसे कैडनेट कहते हैं, इनकी मुख्य पहचान है और लंबी रस्सियों की तरह इनके चारों तरफ लटकता नज़र आता है। बड़े आकार और ताकत की वजह से इन्हें सॉल्ट मार्शेज़ (नमक के दलदलों) में काम पर लगाया जाता था, जहां इन्हें मच्छर व कीड़े काटने की समस्या का सामना करना पड़ता था। इसलिए इनकी टाँगों को मच्छरों आदि से बचाने के लिये पजामा पहनाना शुरु किया गया। पजामों की वजह से ही इन्हें ''डॉन्कीज़ इन पैटीज़'' नाम मिला। हालांकि, अब ये गधे नमक के दलदल में काम नहीं करते हैं पर इन्हें पजामा पहनाने की परम्परा अभी भी कायम है, शायद पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए। पॉत्तू गधों के अलावा पॉत्तू खच्चर भी कभी यूरोप में बेहद लोकप्रिय थे। इन्हें विश्व का बेहतरीन वर्किंग म्यूल (खच्चर) कहा जाता था। तब पॉत्तू क्षेत्र में बड़े पैमाने पर इनका प्रजनन होता था, पर दूसरे विश्वयुद्ध के आसपास मशीनीकरण बढ़ने से गधों व व खच्चरों की मांग घट गई और इनका बाजार भी ठप्प हो गया। साथ ही इनकी आबादी में भी नाटकीय कमी आई। वर्ष 1977 में तो मात्र 44 पॉत्तू गधे ही बचे थे। फिर, संरक्षण प्रयासों की बदौलत सन् 2005 में इनकी आबादी बढ़ कर 450 हो गई।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह से मिलीं मुर्मू

## वे शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगीं, बी.जे.डी. के दो मंत्रियों ने मुर्मू के नामांकन पत्र पर प्रस्तावक के तौर पर हस्ताक्षर किये

- **दिल्ली पहुंचने पर श्रीमती मुर्मू का हवाई अड्डे पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी और रमेश बिधूड़ी सहित पार्टी के कई नेताओं ने भव्य स्वागत किया।**

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता)। नैशनल डैमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी. ए.) की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुर्मू गुरुवार दोपहर राजधानी दिल्ली पहुंची थीं।

प्रधानमंत्री ने गुरूवार को एक ट्वीट संदेश में कहा , द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात हुई। उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाये जाने का समाज के सभी वर्गों ने स्वागत किया है। जमीनी समस्याओं के बारे में उनकी समझ और भारत के विकास के बारे में उनका दृष्टिकोण असाधारण है।

इससे पहले यहां पहुंचने पर मुर्मू का हवाई अड्डे पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी और रमेश बिधूड़ी सहित पार्टी के तमाम नेताओं ने भव्य स्वागत किया।

वह राष्ट्रपति चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रबंधन टीम के समन्वयक केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुण्डा, केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और भाजपा महासचिव तरुण चुघ के साथ राजधानी आयी थी।

सूत्रों के अनुसार मुर्मू शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद गुरूवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।

शाह ने एक ट्वीट संदेश में कहा, राजग के राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू से भेंट कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। उनके नाम की घोषणा से ही जनजातीय समाज अत्यंत गौरव की अनुभूति कर रहा है। मुझे विश्वास है कि उनके प्रशासनिक व सार्वजनिक अनुभव का लाभ पूरे देश को मिलेगा।

इससे पहले यहां पहुंचने पर मुर्मू का हवाई अड्डे पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी और रमेश बिधूड़ी सहित पार्टी के तमाम नेताओं ने भव्य स्वागत किया।

द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में बीजू जनता दल ने ओडिशा में अपनी सरकार के दो मंत्रियों को भेजा है जिन्होंने आज मुर्मू के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर किये।

बीजद अध्यक्ष एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देश पर जगन्नाथ सरका और तुकुनी साहू भुवनेश्वर से दिल्ली पहुंचे और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं से मुलाकात की। केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और भूपेन्द्र यादव तथा भाजपा के महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी में उन्होंने मुर्मू के नामांकन पत्र पर बीजद की ओर से हस्ताक्षर किये। बीजद के दोनों नेता कल मुर्मू के नामांकन के वक्त भी मौजूद रहेंगे।

सूत्रों के अनुसार इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भुवनेश्वर में पटनायक को फोन लगा कर मुर्मू के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। इस पर पटनायक ने उन्हें उनके मंत्रिमंडल के दो मंत्रियों सरका और साहू को नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत करने और नामांकन के वक्त उनके मौजूद रहने की जानकारी दी।

### बाइकों की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से अभियान चल रहा है जिसमें अभी तक 35 बाइक जब्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि साइलैंसर मौडिफाई करवाना व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है। ऐसे में 5 से 10 हजार की पेनाल्टी व जेल भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# अडानी 60 हजार करोड़ की सम्पत्ति दान करेंगे

## अडानी ने कहा कि वे, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्किल डवलपमैंट जैसे क्षेत्रों में समाज और देश की सेवा करना चाहते हैं

- **उद्योगपति अडानी ने अपने 60वें जन्मदिन के अवसर पर ऐसा करने का फैसला लिया।**
- **गौतम अडानी ने कहा कि, वे समाज व देश की सेवा का मौका पाकर बेहद खुश हैं, भारत के जनसांख्यिकीय लाभों की क्षमता का उपयोग करने के लिये स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।**

नई दिल्ली/अहमदाबाद, 23 जून (वार्ता)। एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और भारत के शीर्ष उद्योगपति गौतम अडाणी शुक्रवार को अपने 60वें जन्मदिन और अपने पिता शांतिलाल अडाणी की 100वीं जयंती पर 60,000 करोड़ रुपये दान करेंगे। अडाणी समूह ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अडाणी समूह की ओर से यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, शांतिलाल अडाणी की 100वीं जयंती और गौतम अडाणी के 60वें जन्मदिन पर, अडाणी परिवार ने कई सामाजिक कार्यों के लिये 60,000 करोड़ रुपये दान करने का फैसला किया है। भारत के जनसांख्यिकीय लाभों की क्षमता का उपयोग करने के लिये स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अडाणी समूह के चेयरमैन अडाणी ने कहा कि वह स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने में योगदान करने का अवसर पाकर खुश हैं।

अडाणी ने कहा, देशभर में स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ाने में योगदान करने का अवसर मिलने के लिये खुशी महसूस कर रहा हूं। मेरा 60वां जन्मदिन होने के अलावा यह वर्ष हमारे प्रेरक पिता शांतिलाल अडाणी की 100वीं जयंती का भी है। यह उस योगदान को और अधिक महत्व देता है जो हम एक परिवार के रूप में दे रहे हैं।

इस अवसर पर विप्रो लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी ने कहा, गौतम अडाणी और उनके परिवार की सामाजिक परोपकार के प्रति प्रतिबद्धता एक उदाहरण स्थापित करता है कि हम सभी महात्मा गांधी के ट्रस्टशिप के सिद्धांत को अपनी व्यावसायिक सफलता के शिखर पर जीने की कोशिश करते हैं।

कांग्रेस ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से 54 घंटे तक पूछताछ करता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडानी समूह को श्रीलंका में पवन ऊर्जा का ठेका दिलाने के लिए जब वहां के राष्ट्रपति पर दबाव डालते हैं तो ई.डी. इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लेता है।

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लव ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी ने अदानी समूह को श्रीलंका में ठेका दिलाने के लिए वहां के राष्ट्रपति पर दबाव डाला है और यह बात श्रीलंका की संसद के समक्ष वहां के बिजली बोर्ड के अध्यक्ष ने रखा है। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका में विंड पावर प्रोजेक्ट का ठेका अडानी ग्रुप को देने के लिए वहां के राष्ट्रपति महिंद्रा राजपक्षे पर दबाव डाला था।

### अन्ततोगत्वा शिव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के कह रहे है, जिसकी जरूरत उन्हे अन्ततोगत्वा पड़नी ही है। जब विधानसभा में शक्ति परीक्षण होगा, उस समय शिन्दे के खेमे की वास्तविक संख्या ज्ञात भी हो ही जायेगी। जैसा कि मराठी मीडिया का कहना है, शिन्दे का समर्थन कर रहे बहुत से विधायक ऐसा इसलिये कर रहे हैं ताकि वे उन केसों से बच सकें, जो केन्द्रीय जाँच एजेंसियों, जिनमें ई.डी. तथा आयकर विभाग भी शामिल है, ने उनके खिलाफ दर्ज कर दिये हैं। यह भी संभव है कि बगावत कर रहे कुछ विधायक फिर से ठाकरे ग्रुप के समर्थन में आ जायें तथा शिन्दे ग्रुप के सामने दलबदल-विरोधी कानून के प्रावधानों को पराजित योग्य संख्या में विधायक जुटाना मुश्किल हो जाये। सार तत्व की बात यह है कि एम.वी.ए. सरकार के गिरने की पूरी-पूरी सम्भावना है। लेकिन एक राजनीतिज्ञ के रूप में उद्धव ठाकरे के बारे में अन्तिम रूप से कुछ कह पाना अभी भविष्य के गर्भ में है।

### अडानी के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह चीज ई.डी. द्वारा जाँच किये जाने की जरूरत नहीं बताती ? क्या ई.डी. ने अडानी ग्रुप के किसी व्यक्ति को आज तक तलब किया या क्या ई.डी. इन गम्भीर आरोपों की जाँच की योजना बना रहा है?

वल्लभ ने पूछा कि ई.डी. जैसी एजेंसी की क्या विश्वसनीयतां रही, जो राजनैतिक शिकार करने पर तो लगा हुआ है, लेकिन गम्भीर आरोपों और अपराधों की जाँच करने के अपने कर्तव्य एवं दायित्व का पूरा करने में पूरी तरह विफल है।

पिछले 8 साल में, सभी क्षेत्रों से सम्बधित भाजपा सरकार के सारे दचचावों, चाहे वे कितने भी लम्बे चौड़े तथा झूठे हों, के चलते, मोदी सरकार बारबार सस्ती चालबाजियों का सहारा ले रही है, जैसे राहुल गांधी से पिछले पाँच दिन तक पूछताछ किया जाना, ताकि एक राजनैतिक करतबों के जरिये, उनकी प्रतिष्ठा खराब की जा सके।

प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने ई.डी. पर आरोप लगाया कि उसे ऐसी राजनैतिक करतूतों को अंजाम देने के लिये, केन्द्र सरकार से ''बाध्यकारी निर्देश'' मिलते रहते है।

# ताइवान ने चीन के आक्रमण के समय भारत से मदद का आग्रह किया

नयी दिल्ली, 23 जून(वार्ता)। ताइवान के शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत हिंद-प्रशांत में अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में शामिल होकर ताइवान का समर्थन कर सकता है। उन्होंने आगाह किया कि चीन उनके देश पर आक्रमण कर सकता है।

यहां दिए एक साक्षात्कार में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के उप प्रतिनिधि मुमिन चेन ने कहा, रूस की सीमा यूक्रेन के साथ मिलती है और दोनों की संस्कृतियां भी काफी हद तक समान है लेकिन रूस पहले यूक्रेन को डराता रहा और अंततः उसने यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया। ताइवान और चीन के मामले में स्थिति इसी प्रकार की ही है। उन्होंने कहा, चीन ताइवान के खिलाफ मनोविज्ञान और सेना का इस्तेमाल डराने-धमकाने के लिए कर रहा है। उसने ताइवान के आस-पास कई सैन्य अभ्यास किए हैं। प्रत्येक महीने चीन ताइवान के आस-पास सैन्य अभ्यास करता है।

# जयपुर दिल्ली सहित राजस्थान के 10 रूट्स पर चलेंगीं वंदे भारत ट्रेनें

## इसके अलावा जयपुर-जोधपुर व जयपुर-कोटा रूट्स प्रमुख होंगे, इन रूट्स पर अधिकतम ट्रैवल टाइम 2 से 2.30 घंटे का होगा

- **गौरतलब है कि, देश में अभी दो वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। इन ट्रेनों की रफ्तार अधिकतम 180 किलोमीटर जबकि न्यूनतम 130 किलोमीटर प्रतिघंटा है।**
- **रेलवे ने इन रूट्स पर ट्रेनें चलाने की तैयारी पूरी कर ली है, जल्द ही इसकी घोषणा हो सकती है।**
- **रेलवे की वर्ष 2023 अगस्त तक देश में 75 वंदे भारत ट्रेनों के उत्पादन एवं संचालन का लक्ष्य है।**

नई दिल्ली, 23 जून। देश के कई शहरों में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन को लेकर इंतजार चल रहा था, जो अब जल्द ही खत्म हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार जयपुर- दिल्ली समेत राजस्थान के 10 रूट्स पर जल्द वंदे भारत ट्रेने चलाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। रेल मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि, आने वाले दिनों में राजस्थान के 10 अलग-अलग रूट पर वंदे भारत ट्रेनों के संचालन की योजना है। इनमें जयपुर - दिल्ली , जयपुर -जोधपुर और जयपुर - कोटा रूट प्रमुख है, जबकि सात और रूट जल्द ही निर्धारित होंगे। इन रूट्स पर यात्रा केवल 2 से 2.30 में पूरी हो सकेगी।

गौरतलब है कि, देश में अभी दो वंदे भारत ट्रेन चल रही है। इन ट्रेनों की रफ्तार अधिकतम 180 किलोमीटर जबकि न्यूनतम 130 किलोमीटर प्रतिघंटा है। इन ट्रेनों के लिए ट्रेक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने की कवायदे शुरू हो गई है। वहीं चैन्नई स्थित इंटीग्रल कोट फैक्ट्री में दो नई वंदे भारत ट्रेन सेट का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जो अगस्त तक सामने आ सकती है। उल्लेखनीय है कि साल 2023 अगस्त तक देश में 75 वंदे भारत ट्रेनों के उत्पादन का लक्ष्य हैं।

वंदे भारत ट्रेन राजस्थान रूट पर सबसे पहले राजधानी को कनेक्ट करने वाली हो सकती है। जयपुर - दिल्ली रूट पर इस ट्रेन के चलने से प्रदेशवासियों को एक बड़ा फायदा होगा। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए दिल्ली जाने वाले लोग महज 2 घंटे में अपनी यात्रा पूरी कर लेंगे।

# शिवसेना के बागी विधायकों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## यह याचिका मध्यप्रदेश की कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने दायर की है

- **याचिका में दलबदल कानून के तहत बागी विधायकों को चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराने की याचिका दाखिल की गई है**

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता)। महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की गई है, जिसमें कहा गया है कि दलबदल करने वाले विधायकों को पांच साल तक के लिए चुनाव लड़ने से रोकने के निर्देश दिए जाएं। यह याचिका मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष जया ठाकुर की तरफ से दाखिल की गई है। यह साल 2021 में दायर उनकी लंबित याचिका के संदर्भ में है, जिसमें शीर्ष अदालत ने नोटिस जारी कर केंद्र से जवाब मांगा था। याचिका में अयोग्य घोषित होने या इस्तीफा देने वाले विधायकों के चुनाव लड़ने पर अगले पांच साल तक रोक लगाए जाने पर अंतरिम निर्देश की मांग की गई है। अपनी इस याचिका में ठाकुर ने कहा है कि सरकार को गिराने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा देश भर में एक हालिया प्रवृत्ति विकसित की गई है, जिसके तहत भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधानों को निरर्थक बनाने के लिए सत्तारूढङ दल के विधायक सदन से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, फिर इस्तीफा देने वाले विधायकों को नई सरकार द्वारा मंत्री पद दिया जाता है और उन्हें उपचुनाव के लिए फिर से लड़ने के लिए टिकट भी दिया जाता है। ठाकुर की याचिका में कहा गया है, राजनीतिक दल इस स्थिति का लाभ उठा रहे हैं और विभिन्न राज्यों में चुनी हुई सरकारों को गिरा रहे हैं, महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हो रहा है। ये राजनीतिक दल फिर से हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि लोकतंत्र में सुशासन के लिए सरकार की स्थिरता पर जोर दिया गया है।

### सिंघवी ,...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निर्माता सुब्बारामी रेड्डी (78) को सी.डब्ल्यू.सी. का स्थाई आमन्त्रित सदस्य तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू (42) को विशेष आमन्त्रित सदस्य बना दिया है।

# अमेरिका में हैलिकॉप्टर क्रैश

- **इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई।**

वाशिंगटन, 23 जून (वार्ता)। अमेरिका के पश्चिम वर्जीनिया प्रांत में एक राजमार्ग पर वियतनाम युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए गए एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने में कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने लोगान काउंटी ऑफिस ऑफ इमरजेंसी मैनेजमेंट की उप निदेशक सोन्या पोर्टर के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर बुधवार शाम प्रांत के दक्षिणी हिस्से में पहाड़ी क्षेत्र में स्थित ब्लेयर माउंटेन के पास नीचे आ जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस पर्वत को केली होल्लो के नाम से भी जाना जाता है।

हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण का पता नहीं चला है।

# शिवसेना सांसद संजय राउत का 'सरेंडर'

मुंबई, 23 जून। बगावत करने वाले एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को 42 विधायकों के साथ एक वीडियो जारी कर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार पर दबाव और भी बढ़ा दिया है। इस बीच, शिवसेना सांसद संजय राउत भी बागी विधायकों के तेवर के आगे नरम पड़ते दिखाई दे रहे हैं। आपकों बता दें कि, एकनाथ शिंदे के साथ कुल 37 शिवसेना विधायक जुड़ चुके हैं साथ ही कहा जा रहा है कि, 7 अन्य निर्दलीय विधायकों का भी उनको समर्थन है।

सांसद संजय राउत ने कहा है कि अगर सारे विधायक चाहते हैं तो शिवसेना महा अघाड़ी सरकार से अलग हो जाएगी, लेकिन सारे बागी विधायकों को मुंबई आकर उनसे और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बात करनी होगी। उन्होंने कहा कि वे (बागी विधायक) गुवाहाटी से संदेश बंद करें और मुंबई आकर बात करें। संजय राउत ने कहा, विधायकों को गुवाहाटी से संवाद नहीं करना चाहिए, वे वापस मुंबई आएं और मुख्यमंत्री से इन सब पर चर्चा करें।

### सामूहिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा उसको उठाकर घर के पास स्थित नोहरे में ले गये। मेरी भानजी ने अपने बचाव की खूब कोशिश की तो दोनों युवकों ने चाकू से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। भानजी को धमकाया गया कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। रात्रि में हम करीब एक बजे बीदासर घर पर आये तो हमारी भानजी रोती हुई मिली। बाद में उसने आपबीती बताई।

# दवा मर्ज से ज्यादा खतरनाक साबित हो...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बढ़ोतरी की जाती है, जैसे कि हाल ही में की गयी है। इनमें से कुछ वृद्धियां अमेरिका के फैडरल बैंक द्वारा की गयी 75 बेसिस पाइन्ट्स की अधिक वृद्धि जैसी रही है। ये हालांकि अपरिहार्य रुप से कम हैं किन्तु इनकी प्रतिक्रियां आनी शुरु हो जाएंगी।

अमेरिका के फैडरल बैंक द्वारा ब्याज दरों में दी गई वृद्धि के साथ ही शेयर बाजार गिर गया है। जब भी ब्याज दरें बढ़ती हैं, शेयर्स और बॉण्ड्स के बीच के अंर्तलाभ साम्य में परिवर्तन हो जाने के कारण शेयर भाव गिर जाते हैं। बॉण्ड्स का मुनाफा बढ़ता है और बॉण्ड्स की कीमतों में गिरावट के साथ ही निवेशकों का जोखिम बदल जाता है और वे शेयर बाजार जैसी किसी चीज पर शिफ्ट हो जाते हैं।

वित्तीय बाजारों के ये परिवर्तन फिर वास्तविक अर्थव्यवस्था को हस्तांतरित हो जाते हैं। वास्तविक अर्थव्यवस्था बदलते वित्तीय बाजार को समायोजित करना शुरु कर देती है जिसका विपरीत असर व्यापारिक फर्मों पर जाता है। निवेश के प्रति उनकी योजनाएं अथवा उनका मूल्य निर्धारण कम हो जाता है और परिणाम स्वरुप एक समायोजन प्रक्रिया अपना स्थान बना लेती है।

ये समायोजन बड़ी संख्या में बेरोजगारी को जन्म देते हैं जो एक पूर्ण आर्थिक मंदी की पूर्व स्थिति है। अब प्रश्न ये है कि क्या वर्तमान में की गयी ब्याज दर वृद्धि और वित्तीय अर्थव्यवस्था बड़ी संख्या में बेरोजगारी पैदा करेगी। अत: केन्द्रीय बैंकों के थोड़े बहुत हस्तक्षेप की तुलना में वर्तमान मंहगाई कुछ हद तक अधिक हैं, इसलिए आर्थिक मंदी की आशंकाएं बढ़ जाती है। ब्याज दरों में वृद्धि जितनी अधिक होगी आर्थिक मंदी का भय भी उतना ही होगा।

यह ऐसा है जैसे की बीमारी की तुलना में उसका उपचार कम होना। लेकिन यदि ऐसा हो तो कीमतों में हो रही वर्तमान बढ़ोत्तरी के जारी रहने की आशंका है।

कुल मिलाकर पूरी दुनिया में व्यापक मंहगाई का त्वरित कारक एक ही है, यूक्रेन युद्ध ।

तीन महीनों से चल रहे युद्ध और वैमनस्यता के एक वैश्विक आर्थिक युद्ध का स्वरुप लेने के साथ ही लघु अवधि में कीमतों को स्थिर होते नहीं देखा जा सकता। दो चीजों का आधारभूत मूल्य प्रभावित हो रहे हैं-खाद्य पदार्थ और ईंधन। पर खाद्य पदार्थों और ईंधन की वैश्विक महंगाई है।

यदि अमेरिका पैट्रोल स्टेशन्स पर गैस के अधिक दाम दिए जाने को लेकर चिंतित है तो दुनिया का एक बड़ा हिस्सा मध्यवर्गीय और गरीब अपने परिवार के खाने का बिल चुकाने की जुगाड़ में लगे हैं। कुछ गरीब और छोटे देश एक तरह से टूट गए हैं।

नि:संदेह उनकी अर्थव्यवस्थाओं का पूर्णतया कुप्रबंधन किया गया है, भारत के दो दक्षिण एशियाई पड़ोसी दम तोड़ रहे हैं। श्रीलंका में आर्थिक मंदी या मंहगाई का प्रश्न नहीं है, वहां वे अधिकांश लोगों के लिए प्रश्न यह है कि अगली बार खाना कहां से मिलेगा अथवा परिवहन के साधन के अभाव में कोई गंभीर रोगी अस्पताल कैसे पहुंचेगा। पाकिस्तान में सरकार अपने नागरिकों से कह रही है कि वे अपने पसंदीदा पेय चाय को कम पीएं क्योंकि पाकिस्तान के केन्द्रीय बैंक के पास इतना विदेशी धन नहीं है कि वह विदेश से सूखी चाय खरीद सके।

सौभाग्य से भारत में हम इतनी गंभीर आर्थिक उथल पुथल में नहीं है। हालांकि, हम खाद्य पदार्थों और ईंधन, दोनों की मंहगाई का सामना कर रहे हैं और आर.बी.आई ब्याज दरों में वृद्धि कर रहा है, लेकिन फिर भी अर्थव्यवस्था में कमी करने वाली शक्तियां आर्थिक विकास नहीं रोक रही है। भारत के वर्तमान में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की संभावना है और यह स्थिति किसी भी रुप में आर्थिक मंदी की नहीं है। तथापि भारत एक अपवाद है और कई विशेषज्ञ यह स्वीकार कर रहे हैं कि अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण कुछ आंतरिक है, फिर भी देश अर्थव्यवस्था की वैश्विक तेजी के भरोसे नहीं है।

लेकिन फिर भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उम्मीद की किरण ये है कि ये फिर स्थिति कुल मिलाकर आर्थिक मंदी की नहीं है। द इकोनॉमिस्ट तर्क देता है कि आर्थिक मंदी में दम तोड़ने के बजाए वैश्विक अर्थव्यवस्था फिर भी, धीमी गति से ही सही, किन्तु चल रही है।

किसी आर्थिक मंदी के निर्धारण के लिए आय में लगातार दो वर्ष तक कमी होनी चाहिए, लेकिन खुशी की बात यह है कि ऐसा नहीं है।

लेकिन क्या उम्मीद करें और क्या हो सकता है, इसके लिए हम अगली खबर का इंतजार करेंगे।

# रेप के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आधार पर माना कि रेप हुआ है और आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई, जबकि कोर्ट में रेपिस्ट को पहचाने से मना करने पर परिवादी पक्ष के खिलाफ भी कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं। पॉक्सो कोर्ट क्रमांक एक के जज अनूप पाठक ने यह आदेश दिया। नाबालिग के पिता ने मामला दर्ज कराया था कि 23 साल के ट्रक ड्राइवर अरशद पुत्र रुद्धार ने उसकी बेटी से रेप किया। वह टॉयलेट करने गई तो उसे बाजरे के खेत में ले गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोर्ट में केस आया। कोर्ट में नाबालिग ने रेपिस्ट को पहचानने से मना कर दिया। लेकिन कोर्ट ने मौजूदा रिपोर्ट के आधार पर रेप माना। आरोपी को 10 साल की सजा सुना दी। वहीं अपनी बेटी से रेप होने का मुकदमा दर्ज कराने और फिर मुकरने वाले पिता के खिलाफ भी कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

एडवोकेट भूप सिंह पोसवाल ने बताया कि एस.सी.-एस.टी.एक्ट और रेप का मामला दर्ज हुआ था। लेकिन बाद में पीडिता ने रेपिस्ट को पहचानने से मना कर दिया। इस पर अब रिपोर्ट दर्ज कराने वाले पिता के खिलाफ धारा 344 के तहत कार्यवाही होगी।

### इतिहास में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रस्तावक बनाने की जानकारी दी गई। इसके उपरान्त भी विधायक पूर्व कार्यक्रमों को रद्द कर दिल्ली जाने को तैयार हो गए। इनमें पिण्डवाड़ा विधायक संभाराम गरासिया की पुत्री की शादी बुधवार को ही हुई है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी शामिल हुई थी। सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा के परिवार में भी शादी है। इधर जानकारी मिली है कि उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा ने राष्ट्रपति चुनाव से संबधित प्रक्रिया में एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में प्रस्ताव रखा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908